सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 30 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 234, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 271 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गयी। } 14

देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का वादा पूरा करेंगे : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा पूरा करेगी। उन्होंने कहा असम तथा पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त बनायेंगे। } 16

चमोली और रुद्रप्रयाग में फटा बादल

मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। रऊफत्र्र ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह ...शेष पृष्ठ 14 पर

हर खिलाड़ी समाज का हीरो, राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी स्मृतियों को किया नमन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है। हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह में खेल मंत्री ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त

खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन ...शेष पृष्ठ 14 पर

संभल की डेमोग्राफी बदलने में सपा व कांग्रेस ने रची साजिश

प्रतापगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रतापगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने संभल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं। आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी। जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपये की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

सड़क हादसे में आगरा के एसीएम की मौत

मैनपुरी। जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में आगरा में तैनात अपर नगर मजिस्ट्रेट (एसीएम) की मौत हो गई और वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। करहल के पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान ने बताया कि आज सुबह आगरा के अपर नगर मजिस्ट्रेट राजेश जायसवाल कार से लखनऊ जा रहे थे। जब कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन संख्या 77 पर पहुंची, तो उसका संतुलन बिगड़ गया और कार आगे जा रही रोडवेज बस से पीछे से टकरा गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मजिस्ट्रेट तथा उनके चालक को सैफई मेडिकल कॉलेज ले गई, जहां डॉक्टरों ने अपर नगर मजिस्ट्रेट को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक का इलाज किया जा रहा है। पुलिसकर्मियों ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह वाकई में दुर्घटना थी या किसी ने जानबूझकर घटना को अंजाम दिया है।

जापान से 10 हजार अरब येन का होगा निवेश

विश्व आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता के लिए भारत-चीन का मिलकर काम करना महत्वपूर्ण : मोदी

एजेंसी

तोक्यो। जापान ने शुक्रवार को भारत में एक दशक में 10 हजार अरब येन के निवेश का लक्ष्य रखा और दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक बड़ी रूपरेखा तैयार की। यह निर्णय व्यापार और शुल्क पर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के कारण आर्थिक उथल-पुथल के बीच लिया गया। इस दौरान पीएम मोदी को सौभाग्य के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली पारंपरिक दरुमा गुड़िया भेंट की गई।

भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के विस्तार की घोषणाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के बीच शिखर वार्ता के बाद की गईं। मोदी ने इशिबा के साथ मीडिया को दिए अपने बयान में कहा, हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 हजार अरब येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। हमने निवेश, नवाचार और आर्थिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 वर्षीय रोडमैप तैयार किया है। अपने संबोधन ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत-जापान ने चंद्रयान-5 को लेकर किया समझौता

तोक्यो। भारत और जापान ने शनिवार को चंद्रयान-5 मिशन के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए, जो दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्र का संयुक्त अन्वेषण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यहां यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के बीच संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण मिशन के संबंध में कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए।

चंद्रयान-5 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्र (पीएसआर) के आसपास के क्षेत्र में चंद्रमा के पानी समेत अस्थिर पदार्थों का अध्ययन करना है। इस मिशन को जाक्सा द्वारा अपने एच3-24एल प्रक्षेपण यान से प्रक्षेपित किया जाएगा, जिसमें इसरो निर्मित चंद्र लैंडर होगा, जो जापान निर्मित चंद्र रोवर को ले जाएगा। इसरो, चंद्र लैंडर के विकास के अलावा, चंद्र ध्रुवीय क्षेत्र में मौजूद वाष्पशील पदार्थों के अन्वेषण और यथास्थान विश्लेषण के लिए मिशन हेतु कुछ वैज्ञानिक उपकरण विकसित करने के लिए भी जिम्मेदार है। जापान की यात्रा के दौरान द योमिउरी शिंबुन को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे खुशी है कि भारत ...शेष पृष्ठ 14 पर

जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर रही। इसमें व्यापार, होटल, वित्तीय और रियल एस्टेट जैसी सेवाओं से भी मदद मिली। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत रही थी। जीडीपी निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी-मार्च में 8.4 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 1.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7.6 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के छात्रों ने गणपति बप्पा मोरया और हरिकीर्तन पर दी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति

बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव के तीसरे दिन बीबीडियंस की शानदार प्रस्तुति

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे गणेश महोत्सव 2025 के तीसरे दिन बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की अद्भुत छटा बिखेरी। पूरा कार्यक्रम विघ्न विनाशक भगवान गणपति को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत बीबीडी के छात्रों ने शिव स्तोत्र और गणेश वंदना पर आधारित भक्ति नृत्य से की। वक्र तुंड महाकाय सूर्य कोटि समप्रभः जय देव जय देव, गजानन गणराया, देवा श्री गणेशा, देवा श्री गणेशा, गणपति की जय जयकार आदि भजनों पर गणेश नृत्य प्रस्तुत कर छात्रों ने पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं का जहां मन मोह लिया, वहीं उन्हें भक्ति रस में झूमने को विवश कर दिया। अखिलेश दास गुप्ता स्कूल के छात्रों द्वारा एकदंताय वक्रतुंडाय गौरीतननाय धीमहि, मोरया मोरया बप्पा मोरया एवं हरे राम हरे कृष्ण आदि गानों पर नृत्य कर मनमोहक ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तर प्रदेश से ही है भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य निर्वाचन आयोग के भवन का किया शिलान्यास, 50 करोड़ से छह मंजिला भवन होगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित

- **लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता है, जो केवल मतदाता नहीं बल्कि जनार्दन है**
- **भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा, विकसित उत्तर प्रदेश के बिना यह सपना अधूरा**

निर्वाचन व्यवस्था को नई मजबूती देगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2618.59 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा और इसमें स्टिल्ट फ्लोर सहित कुल छह मंजिलें होंगी। भवन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत पर 25,000 लीटर क्षमता का आरसीसी टैंक और भूमिगत स्तर पर एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि जनता हमारे लिए केवल जतना नहीं बल्कि जनार्दन है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश से ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होना लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव की विशाल प्रक्रिया को आयोग अब और बेहतर तरीके से संपन्न कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में अकेले 12 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान में भाग लेते

हैं, जो किसी भी अन्य राज्य की कुल आबादी से अधिक है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 57,600 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं। वहीं, 17 नगर निगम, 199 नगर पालिकाएं और 544 नगर पंचायतें भी हैं, जिनके साथ 14,000 से अधिक पार्षदों के चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य निर्वाचन आयोग ही निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की यह व्यापक चुनावी प्रक्रिया अहम भूमिका निभाती है।

जनता की आवाज को सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व : योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि जनता केवल मतदाता नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की जनार्दन है। उसकी आवाज को सुनना और महत्व देना ही जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। यदि कोई जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी करता है तो पांच साल बाद जनता उसे नकार देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी व्यवस्था ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन व्यवस्था का मजबूत होना ही इस दिशा में सबसे बड़ी गारंटी है।

नये भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी : उन्होंने कहा कि अब तक राज्य निर्वाचन आयोग किराए के भवन से कामकाज कर रहा था, जिससे कई प्रकार की कठिनाइयां आती थीं, लेकिन अब नए भवन के निर्माण से आयोग को कामकाज में और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राजकीय निर्माण निगम 18 महीनों से भी कम समय में इस छह मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण पूरा कर देगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होगा जिनके पास निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होगा।

नये भवन में होंगी ये सुविधाएं : परिसर में रोड पाथवे, ओपन पार्किंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। 25 के.एल.डी. क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। पूरे भवन में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिस्टम होगा। 13 यात्री क्षमता वाली दो लिफ्ट और 8 यात्री क्षमता वाली एक लिफ्ट लगाई जाएगी। इसके साथ ही आंतरिक विद्युतीकरण और पावर वायरिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था भी की जाएगी। यह भवन न केवल निर्वाचन आयोग के कामकाज को गति देगा बल्कि तकनीक और सुविधाओं से लैस होकर एक मॉडल ऑफिस के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, राज्य निर्वाचन आयुक्त राजन प्रताप सिंह, यूपी महिला आयोग की अध्यक्ष, एससी-एसटी आयोग की अध्यक्ष, पंचायती राज्य आयोग के अधिकारीगण और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पाटा ट्रैवल मार्ट में पर्यटन विभाग के पवेलियन में उमड़ी भीड़

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की बौद्ध विरासतों के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन मंच 47वें पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पाटा-2025) में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई।

राज्य पर्यटन अपनी विशेष प्रदर्शनी एम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश के साथ सबसे आकर्षक और

- **थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में पाटा ट्रैवल मार्ट-2025 आयोजित**
- **पर्यटन विभाग द्वारा पाटा के मंच पर राज्य की बौद्ध विरासतों को भव्यता से प्रस्तुत किया गया : जयवीर सिंह**

सर्वाधिक देखे जाने वाले पवेलियनों में शामिल रहा। यहां राज्य के प्रमुख बौद्ध स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। विदेशी आगंतुकों को बोधि यात्रा पर उत्तर प्रदेश आमंत्रण के साथ पाटा-2025 की भव्य विदाई हुई। यह जानकारी उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने

बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के स्टॉल का उद्घाटन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह ने किया। 26 से 28 अगस्त तक बैंकॉक के क्वीन सिरीकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, टूर एंड ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और साझेदारों के साथ सार्थक संवाद हुए। संवाद सत्र में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आध्यात्मिकता को रेखांकित किया गया। यूपी पवेलियन में विदेशी आगंतुकों को बुद्धा राइस (काला नमक चावल) विशेष रूप से भेंट किया गया। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 47वां पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन, पर्यटन अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों को जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ। यह आयोजन राज्य के बौद्ध स्थलों की यात्रा और पर्यटन उद्योग की उत्साहजनक भागीदारी का साक्षी बना। सम्मेलन में 20 को-एग्जीबिटर्स ने बी-टू-बी (बिजनेस-टू-बिजनेस) बैठकें की और नए साझेदारी समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश के बौद्ध स्थलों- सारनाथ, कपिलवस्तु, संकिसा, कौशाम्बी, श्रावस्ती और कुशीनगर को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है।

बैंकॉक में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पर्यटन ने नेटवर्किंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और साझेदारी को लेकर कई अहम पहल की। प्रतिनिधियों और मीडिया ने उत्तर प्रदेश मंडप की पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुति शैली की सराहना की। कार्यक्रम में पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों को राज्य के बौद्ध सर्किट, उन्नत सुविधाएं, बेहतर कनेक्टिविटी और विभाग द्वारा आयोजित होने वाले फैम ट्रिप की जानकारी भी दी गई। यूपी पवेलियन में भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े वृत्तचित्रों और आधुनिक तकनीक से सजे प्रदर्शनी स्टॉल की सभी ने सराहना की। आयोजन के उपरांत बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास की ओर से भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग ने बौद्ध सर्किट एवं प्रदेश के विविध पर्यटन अनुभवों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आईआरसीटीसी की समूह महाप्रबंधक (पर्यटन) प्रोमिला गुप्ता और भारतीय दूतावास के वाणिज्य प्रकोष्ठ की प्रमुख जगप्रीत कौर को सम्मानित किया गया।

मंत्री सचान के निर्देश पर लापरवाह चपरासी निलंबित

लखनऊ। जिला चिकित्सालय फतेहपुर में निरीक्षण के दौरान प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने चपरासी प्रमोद कुमार से परिचय पूछा तो उसने स्वयं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्थान पर कार्यरत बताकर अधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया। मंत्री श्री सचान ने इसे सरकारी आचरण नियमावली का उल्लंघन मानते सख्ती दिखाते हुए मरीजों को गुमराह करने वाले चपरासी प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिए। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रमोद कुमार को निलम्बित कर दिया गया। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, गुमराह करने अथवा अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ऐसी घटनाओं पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाएगी। निलम्बन की अवधि में प्रमोद कुमार को केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही अनुमन्य होगा ।

समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना न्यायपालिका का दायित्व : राज्यपाल

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल पटेल से आज राजभवन में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों का शिष्टाचार भेंट एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजभवन से जारी बयान के अनुसार उन्होंने अपने संबोधन में कहा कई बार ऐसे प्रकरण सामने आते हैं, जिन पर कोई स्पष्ट कानून नहीं होता। ऐसे मामलों में न्यायाधीश को अपने विवेक, निष्पक्षता और मानवीय दृष्टिकोण से निर्णय लेना पड़ता है। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, इसलिए सही निर्णय हेतु तकनीक का उपयोग व हर मामले को बारीकी से देखना आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को कहा कि निर्णय देते समय विभिन्न प्रकार के दबाव आ सकते हैं, परंतु निष्पक्ष रहकर ही सही न्याय किया जा सकता है। राज्यपाल ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभव साझा करते हुए कहा कि जेलों में बंद अधिकांश कैदी दहेज प्रथा, भूमि विवाद तथा धोखाधड़ी जैसे मामलों से जुड़े पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद स्तर पर, विशेषकर महिलाओं, बेटियों तथा विश्वविद्यालयों में ऐसे मुद्दों पर चर्चा और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों को इन अपराधों के परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके। पटेल ने प्रशिक्षुओं को सलाह दी कि वे हमेशा जनता की समस्याओं को सुनें, सहानुभूति रखें, और समाज से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी पद पर हो, लेकिन वे समाज का हिस्सा होते हैं, उनका धरती से जुड़ाव होना चाहिए।

पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना भाजपा सरकार की नाकामी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना दरअसल 9 साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार लोगों में विश्वास नहीं जगा पायी। सामाजिक स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द नहीं ला पायी। वहीं, आर्थिक स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार लोगों को रोजगार नहीं दे पायी। रोजगार के स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार ने गुजरात के लोगों को कारोबार और ठेकों में उत्तर प्रदेश के लोगों से ज्यादा काम दिया इसलिए काम की तलाश में लोगों को नाउम्मीद होकर दूसरे राज्यों में जाना पड़ा। नीति और योजना के स्तर पर इसका मतलब यह है कि भाजपा सरकार की स्किल मैपिंग का कोई भी नतीजा नहीं निकला और लोग रोजी-रोटी की तलाश में बाहर जाने को

मजबूर हुए। जनसांख्यिकी स्तर पर इसका मतलब ये हुआ कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश का संतुलित विकास नहीं कर पायी। अखिलेश यादव ने कहा कि सच तो यह है कि पलायन के झूठ को फैलाने वाले न तो उत्तर प्रदेश के हितैषी हैं और न ही प्रदेशवासियों के। भाजपा द्वारा ऐसे मिथ्या प्रचार से उत्तर प्रदेश की छवि को गहरी ठेस पहुंचती है और इन्वेस्टर निवेश करने नहीं आते हैं।

रोजगार मेला सिर्फ एक इवेंट और कुछ नहीं : अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के लिए रोजगार मेला सिर्फ एक इवेंट है और कुछ नहीं। यहां नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगा जा रहा है। लगता है भाजपा के लोग विदेश में नौकरी के नाम पर प्लेसमेंट एजेंसी के एजेंट बनकर नाममात्र के वेतन पर युवाओं की मजबूरी का फायदा उठाकर बीच में कमीशन कमाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए नौकरी भी एक जुमला है। अब उत्तर प्रदेश के सचेत युवा भाजपाई झांसे में आकर अपना शोषण नहीं होने देंगे, उन्हें नौकरी के नाम पर कोई गुमराह नहीं कर सकता है। जहां 9 साल इंतजार कर लिया है वो कुछ दिन और कर लेंगे और आगामी चुनाव में यही युवा भाजपा सरकार का टोकन काटेंगे और हमेशा के लिए पत्ता भी साफ कर देंगे क्योंकि अब वो समझ गये हैं कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं।

रालोद ने पंचायत चुनाव को लेकर कसी कमर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर अपनी रणनीति और तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

पार्टी का स्पष्ट संकल्प है कि पंचायत चुनाव केवल संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के बल पर लड़े जाएंगे। रालोद का मानना है कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की असली नींव हैं और इनमें वही प्रतिनिधि चुने जाने चाहिए जो गांव, किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग की आवाज को मजबूती से उठा सकें इसीलिए तय किया गया है कि इस चुनाव में वही कार्यकर्ता पार्टी के प्रत्याशी बनाए जाएंगे, जिन्होंने लगातार पार्टी के लिए संघर्ष किया है और जनता से गहरा जुड़ाव रखते हैं। पंचायत चुनाव की तैयारियों को संगठित एवं सशक्त बनाने के लिए प्रदेश को 10 जोनों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में नियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। साथ ही, प्रत्येक जनपद में 5 सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। यह समिति स्थानीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन करेगी और योग्य प्रत्याशियों के चयन में अहम भूमिका निभाएगी। पंचायत चुनावों की

- **पार्टी कार्यालय पर आज वरिष्ठ नेताओं की होगी अहम बैठक**

तैयारियों के संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर एक विशेष समिति का गठन किया गया है। इस समिति के संयोजक का दायित्व राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्जवल को सौंपा गया है। समिति के सदस्य रोहित प्रताप, मोहम्मद जैद, विकास कादियान, संतोष सिंह और हवलदार यादव हैं। यह समिति पूरे प्रदेश का भ्रमण कर पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगी और उन्हें व्यवस्थित करेगी। इसी क्रम में 30 अगस्त को अपराह्न 3 बजे लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय करेंगे। बैठक में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, पंचायत चुनाव समिति के संयोजक एवं सदस्यगण, सभी दस क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इस बैठक का उद्देश्य पंचायत चुनावों में पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देना, कार्यकर्ताओं की भूमिका सुनिश्चित करना और संगठन को अधिक सक्रिय बनाना है। पार्टी का विश्वास है कि सामूहिक प्रयास और ईमानदार टीमवर्क के बल पर रालोद पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगा। रालोद का मानना है कि पार्टी की शक्ति उसके कार्यकर्ता हैं इसलिए आगामी पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भागीदारी का अवसर मिलेगा और उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक ढंग से होगी।

आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय संयोजक बने

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पदोन्नत करके उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो यह पद संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष यानी मायावती के बाद आता है। आकाश अब दूसरे नंबर के ताकतवर नेता हो गए हैं। अभी तक आकाश आनंद

राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभा रहे थे। बहुजन समाज पार्टी के उप्र अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने इस बात की पुष्टि की है कि आकाश आनंद अब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हो गये है। पाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती द्वारा आकाश आनंद को बसपा का राष्ट्रीय संयोजक (नेशनल कन्वीनर) नियुक्त करने के लिए मायावती का बहुत बहुत आभार एवं राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जयभीम। पाल की इस पोस्ट को बसपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मिश्रा ने भी एक्स पर साझा किया है। इलेकिन अभी इस नयी नियुक्ति के बारे में पार्टी ने कोई आधिकारिक बयान जारी नही किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि मायावती के निर्देश पर आकाश भैया के साथ मिलकर हम 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गये हैं। पाल ने दावा किया, 2027 में 2007 की तर्ज पर हम उप्र में फिर से सरकार बनायेंगे और मायवती को देश के सबसे बड़े प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे।

वैश्विक खेल शक्ति बनकर उभरा भारत : उत्तराखंड भी निभायेगा अहम भूमिका : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भारत भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन कर उभरा है, इसमें उत्तराखंड भी अपनी भूमिका निभाने के लिए कमर कस चुका है। यह प्रेरक उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मेजर ध्यानचंद जयंती' के

- **धामी सरकार ने 250 खिलाड़ियों को बांटी 16 करोड़ से अधिक सम्मान राशि**
- **देहरादून के परेड ग्राउंड में मेजर ध्यानचंद जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित किया गया भव्य समारोह**

अवसर पर आयोजित 'राष्ट्रीय खेल दिवस-2025' समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारे देश के खिलाड़ी केवल किसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ही नहीं खेलते बल्कि जीतने और तिरंगा लहराने के संकल्प के साथ मैदान में उतरते हैं। खेल और खेल भावना समाज को ऊर्जा, अनुशासन और प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी स्टिक के जादू से पूरी दुनिया को भारत की खेल शक्ति से परिचित कराया। उन्होंने हिटलर तक को ये बता दिया कि देश भक्ति आखिर क्या होती है। उन्हीं के आदर्शों पर चलकर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भी एक वैश्विक खेल शक्ति बन रहा है, इसमें उत्तराखंड भी अपनी भूमिका निभाने के लिए कमर कस चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हो गया है। उत्तराखंड राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि इंटरनेशनल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन करने में भी सक्षम बना है। हाल ही में देश की एकमात्र ओलंपिक स्टैण्डर्ड हिमाद्रि आइस रिंक का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसके फलस्वरूप इस आइस रिंक में इंटरनेशनल स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है, जो न

केवल हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है, बल्कि भारत में शीतकालीन खेलों के एक नए युग का सूत्रपात करने में भी मील का पत्थर सिद्ध हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही एक 'स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान' भी लागू करने जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राज्य सरकार हल्द्वानी में उत्तराखंड के प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित कर रही है। नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और इंटरनेशनल स्तर पर पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों में अध्ययनरत खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण एवं शिक्षा, तथा प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल-छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। राज्य सरकार 'मुख्यमंत्री खेल विकास निधि', 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना', 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना' तथा 'खेल किट योजना' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का भी काम कर रही है।

इस अवसर पर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मख्यमंत्री ने कहा कि खेल दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा कुल 250 से अधिक खिलाड़यों एवं उनके प्रशिक्षकों को लगभग 16 करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उन्होंने खेल स्पधाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों मानसी नेगी को खेल विभाग और मोहम्मद अरशद को पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम में उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल आशीष चौहान एवं खेल विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग की बैठक में गायब रहे अफसर, अध्यक्ष ने जतायी नाराजगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने शुक्रवार को इन्दिरा भवन, लखनऊ स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 30 शिकायतों व पत्रावलियों की जनसुनवाई की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण मामलों की समीक्षा की गयी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गये। जनसुनवाई के दौरान अन्य पिछड़े वर्ग के जाति प्रमाण पत्र की वैधता व निर्गमन प्रक्रिया पर विशेष सचिव, कार्मिक विभाग के साथ बैठक की गई। इसमें जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों पर विचार-विमर्श कर विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। रमेश सिंह एवं दिनेश कुमार के सेवानिवृत्ति उपरान्त देयकों के भुगतान से संबंधित मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख सचिव सहकारिता को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, सीतापुर जनपद की उमा देवी के गाँव की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में उपजिलाधिकारी, सिधौली की लापरवाही को गंभीर मानते हुए नियुक्ति विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। लखनऊ निवासी सुधा सिंह के पति स्वर्गीय आनन्द कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति उपरान्त देयकों के भुगतान न होने के प्रकरण में भी नगर विकास विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर असंतोष जताया गया। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अधिकारी संवेदनशीलता दिखाएँ और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए शिकायतकर्ता को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें। वहीं झाँसी के बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य (हिन्दी) नवीन चन्द्र पटेल से संबंधित प्रकरण का समाधान हो जाने पर आयोग ने इसे निस्तारित कर दिया। अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि भविष्य में सुनवाई के दौरान सक्षम अधिकारियों की अनुपस्थिति पर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा।

बीबीडीयू में रक्तदान शिविर का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय लखनऊ व एनएसएस बीबीडीयू के संयुक्त सहयोग से सफल आयोजन

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ के संयुक्त सहयोग से एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई विभागों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

यह आयोजन बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और युवाओं को इस दिशा में आगे बढ़कर समाज में सकारात्मक संदेश देना चाहिए। इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा ने रक्तदान को एक महान कार्य बताते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग इस प्रकार के कार्यों से समाज में प्रेरणा का स्रोत बनता है।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर प्रो. (डॉ.) एस. एम. के. रिजवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश का भविष्य है और रक्तदान जैसा कार्य न केवल जीवन बचाता है बल्कि समाज में मानवता को भी जीवित रखता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. (डॉ.) प्रभाश चंद्र पाठक ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान से न केवल दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है बल्कि यह स्वयं दाताओं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। अंत में प्रो. (डॉ.) प्रभाश चंद्र पाठक ने सभी रक्तदाता छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 94 रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया और मानवता के इस महादान में अपना योगदान दिया।

वरुण विहार व नैमिष नगर योजना में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

लखनऊ। आगरा एक्सप्रेस-वे पर वरुण विहार व सीतापुर रोड पर प्रस्तावित नैमिष नगर योजना के दायरे में आ रही 06 अवैध प्लाटिंग पर शुक्रवार को एलडीए का बुलडोजर गरजा। इस दौरान निजी विकासकर्ताओं की ओर से स्थल पर किये गये अवैध निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया गया। उधर, मोहनलालगंज, गोसाईंगंज व दुबग्गा थानाक्षेत्र में भी अभियान चलाकर 08 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई प्रवर्तन जोन-2, जोन-3, जोन-4 एवं जोन-7 की टीम ने की।

प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि वरूण विहार योजना में आ रहे काकोरी के ग्राम-सकरा में अभियान चलाया गया। इस दौरान मान सिंह, राजेश, रामशंकर लोधी, लकी व अन्य की ओर से लगभग 12 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 04 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि नैमिष नगर योजना में आ रहे सैरपुर के ग्राम-पलहरी में अभियान चलाया गया। इसमें अमरेन्द्र यादव, सुनीता गुप्ता, शिवबालक व अन्य की ओर से लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन

मोहनलालगंज, गोसाईंगंज व दुबग्गा में की गयी कार्रवाई

जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अभय सिंह की ओर से मोहनलालगंज में न्यू जेल रोड पर धर्मावतखेड़ा में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अनधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए सौभाग्य सिटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा जगदीश उर्फ बाबा की ओर से गोसाईंगंज के ग्राम-सोनई कजेहरा में 01 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इन दोनों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि दुबग्गा थानाक्षेत्र के बनियाखड़ा में शिवराज यादव, मुकेश व हरीश की ओर से लगभग 20,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसी तरह ग्राम-मौरा में कैलाश यादव, अतुल पाल व अन्य की ओर से लगभग 22,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयीं। इसके अलावा नवीन जैन, नदीम व अन्य की ओर से ग्राम-जेहटा में लगभग 3,800 वर्गमीटर और गंगाराम द्वारा जलमाल नगर में 7,500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में की जा रही 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिकता पर राहत सामग्री उपलब्ध करायी जाये : योगी

विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने जिले में चल रही विकास परियोजनाओं, कानून-व्यवस्था और बाढ़ राहत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों को प्राथमिकता पर राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए और उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से मुआवजा वितरण हो और राहत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि जिले में चल रही सभी विकास परियोजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने रिंग रोड फेज-2 को जनवरी 2026 तक तथा कज्जाकपुरा फ्लाईओवर को नवंबर 2025 तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 66 बड़ी परियोजनाएं लगभग 15,000 करोड़ की लागत से जनपद में गतिमान हैं। कानून-व्यवस्था पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों में पुलिस का भय स्पष्ट दिखना चाहिए। थानों में नियमित जनसुनवाई हो और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यातायात प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए ऑटो-टैक्सी स्टैंड और वेंडिंग जोनों को व्यवस्थित करने का भी निर्देश दिया। सीएम योगी ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में घूमने वाले दलालों पर कठोर कार्रवाई हो तथा प्रोफेशनल ब्लड डोनरों की पहचान कर उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए। वाराणसी को शीघ्र टीबी मुक्त करने के लिए प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। गोवंश और आवारा कुत्तों की समस्या पर भी मुख्यमंत्री ने चिंता जताई। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में बेहतर सुविधाएं, हरे चारे की उपलब्धता और बीमार पशुओं के त्वरित उपचार का प्रबंध सुनिश्चित करने के आदेश दिए।

साथ ही नगर निगम, पंचायती राज और पशु चिकित्सा विभाग को मिलकर आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान करने को कहा। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वीडीए और यूपीसीडा की ओर से आवंटित भूमि पर समय से विकास कार्य न होने पर जुर्माना लगाकर वसूली की जाएगी। उन्होंने उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने के भी निर्देश दिए। आगामी दिनों में वाराणसी दौरे पर प्रस्तावित मॉरीशस के प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मुख्यमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था और स्वागत की तैयारियां समय से पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह अवसर काशी की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। बैठक में श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र ‌ह्यदयालु, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर, डीआईजी व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सीएम ने काशी विश्वनाथ और काल भैरव के किए दर्शन-पूजन

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। दौरे के पहले ही दिन उन्होंने धर्मनगरी की आस्था परंपरा का निर्वहन करते हुए काशी के पुराधिपति बाबा विश्वनाथ और काशी कोतवाल बाबा काल भैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री ने लोकमंगल और जनकल्याण की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले बाबा काल भैरव के दरबार में दर्शन कर आरती की। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन भी स्वीकार किया। बाबा काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने विधिविधान से पूजन कर लोककल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री के दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री ने भी भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया।

वृंदावन में स्कूटी से निकला सांप, हड़कंप

लखनऊ। रायबरेली रोड पर वृंदावन कालोनी के सेक्टर आठ के एक घर में खड़ी स्कूटी में सांप निकलने से हडकंप मच गया। किशोर एकटिवा घर के बाहर लेकर कुछ दूर तक गया। तभी उसने सांप के बाहर निकलने पर किशोर ने तत्काल एक्टिवा रोकी। फिर आगे का पैनल खोलकर सांप को बाहर निकाला। ऐसा सिर्फ वृन्दावन कालोनी में हीं नहीं बल्कि शहर की सभी पॉश कालोनियों में जीव-जतुंओं के निकलने से लोग दहशत में हैं। कालोनियों में खाली पड़े भूखंडों, सड़क किनारें फैली गदंगी की वजह से सांप, बिच्छू जैसे जीव निकल रहे हैं। आवास विकास परिषद और लखनऊ विकास प्राधिकरण की कालोनियों में खाली प्लाट इन जीवों का घर बने हैं। साफ सफाई न होने से लोगों में दहशत का माहौल है।

नगर महापालिका कर्मचारी यूनियन की प्रमुख मांगों पर बनी सहमति

लखनऊ। लखनऊ नगर महापालिका कर्मचारी यूनियन की एक बैठक कर्मचारी समस्याओं के निराकरण के लिए शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह के साथ राजकुमार श्रीवास्तव हाल में हुई। संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश उप्रेती व महामंत्री राकेश लक्खा की ओर से 14 सूत्रीय मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख बिंदुओं पर अपर नगर अपर नगर आयुक्त ने त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को आदेशित किया। प्रमुख रूप से आउटसोर्सिंग से काम कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटर का पारिश्रमिक पर भिन्नता समाप्त कर 18000 रुपये किया जाना, एनपीएस से आच्छादित कर्मचारियों की भविष्य निधि की समस्या दूर किया जाना, सफाई संवर्ग के कर्मचारियों को एसीपी का लाभ, समस्त बालदा को मुख्य कार्यालय में स्थानांतरित किए जाने आदि समस्याओं पर सहमति बनी। बैठक में सह अध्यक्ष सुनील सारथी, उपाध्यक्ष राकेश कोतवाल, देवेंद्र सिंह राही ,सपन कुमार, राजेश कुमार, राकेश इत्यादि उपस्थित रहे।

डालीगंज से नवीन गल्ला मंडी, पुरनिया पुल तक हटाया अतिक्रमण

लखनऊ। नगर निगम ने शुक्रवार को अलग अलग जोन में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जोन-3 क्षेत्र में डालीगंज से नवीन गल्ला मंडी होते हुए पुरनिया पुल तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई हुई। इस दौरान 2 लोहे के काउंटर, 4 लोहे की वेग, 10 बोर्ड, 1 लकड़ी का बेंच, 1 लकड़ी की गुमटी जब्त की गई। इसके अलावा लगभग 50 ठेले और 20 काउंटर हटाए गए। इसी क्रम में जोन-5 क्षेत्र में आलमबाग चौराहे से पूरन नगर पुलिस चौकी होते हुए तालकटोरा रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यहां पर 8 काउंटर, 2 गुमटी और 10 ठेले हटाए गए। कुछ अतिक्रमणकारियों से 1000 रुपये का शमन शुल्क भी वसूला गया। जोन-6 में गढ़ी पीर खां वार्ड के करीमगंज खंजरवाला कब्रिस्तान से बालागंज चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 ठेले, 20 अस्थायी दुकानें, 2 लकड़ी के टांगे, 1 लोहे की बेंच और 1 प्लास्टिक का ड्रम जब्त किया गया।

लविवि में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का टीकाकरण आज, फ्लायर का विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन के एस टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के फ्लायर का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने किया। इस अभियान में उपयोग की जाने वाली वैक्सीन 15 से 26 वर्ष की बालिकाओं के लिए है। यह वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित की गई है। वैक्सीन की तीन खुराकें दी जाएंगी। पहली खुराक 30 अगस्त, दूसरी खुराक दो माह बाद और तीसरी खुराक छह माह बाद दी जायेगी। यह वैक्सीन बायोजेनिक्स इंक. प्रा. लि. द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टीकाकरण महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर, वैजाइनल कैंसर, वल्वर कैंसर, एनल कैंसर एवं जननांग मस्सों की रोकथाम में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. खन्ना ने कहा महिलाओं और छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु एचपीवी टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए यह पहल विश्वविद्यालय एवं समाज दोनों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। यह शिविर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विश्वविद्यालय की छात्राओं सहित जरूरतमंद लाभार्थियों को टीकाकरण उपलब्ध कराया जाएगा।

छात्र शारीरिक गतिविधि पर दें ध्यान : प्रो. आरके मित्तल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' एवं 'मेजर ध्यानचंद जयंती' के अवसर तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। बतौर मुख्य अतिथि सन 1992 के बार्सिलोना ओलंपिक के ओलंपियन परवीन सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर इंचार्ज खेल निदेशक प्रो. केएल महावर एवं कार्यक्रम संयोजक लेफ़्ट. (डॉ.) मनोज कुमार डडवाल उपस्थित रहे।

बीबीएयू कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि हमें प्रतिदिन कम से कम एक घंटे शारीरिक गतिविधि पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। नियमित व्यायाम, योग, खेलकूद या किसी भी प्रकार की शारीरिक गतिविधि न केवल शरीर को स्वस्थ रखती है, बल्कि मन को भी तरोताजा और सकारात्मक बनाए रखती है।

मुख्य अतिथि परवीन सिंह ने युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए इसे केवल शारीरिक गतिविधि तक सीमित न समझने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेल एक प्रकार का मेडिटेशन है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है। खेल के माध्यम से व्यक्ति अपने अंदर की ऊर्जा को नियंत्रित करना, धैर्य और एकाग्रता विकसित करना सीखता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, क्योंकि यह केवल प्रतियोगिता और जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने, तनाव कम करने और टीम वर्क की भावना मजबूत करने का एक प्रभावी साधन है। उनका मानना है कि जो युवा खेल के महत्व को समझेंगे, वे जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

एकेटीयू में खूब लगे चौके-छक्के

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने भी बल्ले से आजमाया हाथ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को बदला-बदला सा नजारा रहा। पढ़ाई, फाइलों और बैठकों में व्यस्त रहने वाले शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने खेल में अपना जौहर दिखाया। विश्वविद्यालय के दीक्षोत्सव कार्यक्रम के तहत एवं मेजर ध्यानचंद की जयंती यानि खेल दिवस के मौके पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। शुरूआत वॉलीबाल के मुकाबले से हुई। जिसमें पहला मैच एकेटीयू प्रशासन एवं सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज की टीम के बीच हुआ। इस मैच को एकेटीयू प्रशासन की टीम ने सीधे सेटों में 2-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरा मुकाबला फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग एवं इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बीच हुआ। इसमें एफओएपी ने 2-1 से अपना मैच जीत लिया। क्रिकेट के दो मैच आयोजित हुए। पहला सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज एवं फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के बीच हुआ। टॉस जीतकर कैश की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एफओएपी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 87 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कैश की टीम ने सधी शुरूआत करते हुए डॉ. सिद्धार्थ के 29 रनों की बदौलत लक्ष्य को एक ओवर पहले ही प्राप्त कर लिया। दूसरा मुकाबला एकेटीयू प्रशासन एवं आईईटी के मध्य हुआ। इस मैच में एकेटीयू प्रशासन ने शानदार खेल दिखाते हुए आईईटी को पस्त कर दिया। मैच में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय और परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया ने भी अपनी विंटेज, क्लासिकल बल्लेबाजी दिखायी। इस दौरान खेलों का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि खेलों से न केवल स्वास्थ्य बेहतर रहता है बल्कि तनाव से भी मुक्ति मिलती है। साथ ही टीम भावना का विकास होता है। जिससे कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने सभी को अपनी दिनचर्या में खेल को शामिल करने की बात कही।

जानकीपुरम में डायरिया का प्रकोप मासूम समेत तीन नये मरीज भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जानकीपुरम में डायरिया के मामले कम नहीं हो रहे हैं। शुक्रवार को तीन साल की मासूम समेत 3 मरीजों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्ची को बलरामपुर अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया है। जलकल, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाके में सात सैम्पल एकत्र किए। नमूने जांच के लिए राज्य स्वास्थ्य संस्थान भेजा गया है। बीते 20 अगस्त से जानकीपुरम विस्तार की कई कॉलोनियों में डायरिया और बुखार का प्रकोप है। लगातार मामलों के बढ़ने व दो की मौत से जलकल विभाग, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शुक्रवार को दो मरीजों को जानकीपुरम के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इसमें 49 वर्षीय नरेश और 30 वर्षीय ऊषा शामिल हैं। वहीं नौवां खेड़ा की ललिता (3) को उल्टी दस्त की शिकायत होने पर गुरुवार शाम पांच बजे परिजन क्षेत्र में लगे स्वास्थ्य शिविर में ले गए थे। यहां से एंबुलेंस के जरिए मासूम को बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। इमरजेंसी में भर्ती कर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। मां मुन्नी देवी के मुताबिक उसकी हालत बिगड़ गई है। शुक्रवार को मासूम को एनआईसीयू में शिफ्ट किया गया। मासूम को बुखार व झटके आने की भी शिकायत है। वहीं स्वास्थ्य शिविर और ट्रॉमा सेंटर में 15 से ज्यादा लोग डॉक्टर की सलाह लेने पहुंचे। पानी में क्लोरीन की मात्रा मापी गई जलकल, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अलग-अलग घरों से पानी का ओटी टेस्ट किया। ओटी टेस्ट से पानी में क्लोरीन की मात्रा मापी जाती है। करीब 50 पानी सैम्पल का ओटी टेस्ट किया गया। सभी नमूने जांच में ठीक पाए गए हैं।

महापौर ने देखी सफाई व पेयजल व्यवस्था

लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार दोपहर जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-7 का औचक निरीक्षण किया। हाल ही में क्षेत्र में डायरिया के मामले सामने आने के बाद महापौर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) लखनऊ, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, जोनल अधिकारी जोन 3 अमरजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी समेत नगर निगम के सभी संबंधित अधिकारी तथा स्वास्थ्य एवं जलकल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने मौके पर उपस्थित स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को सुना। लोगों ने साफ-सफाई, नालियों की स्थिति और पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को सामने रखा। महापौर ने कहा कि नागरिकों की सेहत और सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। क्षेत्र में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए, पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह से स्वच्छ और सुचारु होनी चाहिए, महापौर ने स्वास्थ्य विभाग से भी कहा कि क्षेत्र में मेडिकल टीम सक्रिय रहे और डायरिया या अन्य बीमारियों के मरीजों की तुरंत पहचान कर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

नगर निगम के 100 पार्कों में ओपन जिम की सौगात

डिप्टी सीएम, नगर विकास मंत्री, राज्य सभा सदस्य व मेयर की उपस्थिति में हुआ लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम की ओर से शहर के 100 पार्कों में स्थापित ओपन जिम का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम झंडी पार्क, लालबाग में संपन्न हुआ। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से प्राप्त 12.5 करोड़ की निधि से विभिन्न वार्डों के 100 पार्कों में ओपन जिम स्थापित कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा यह प्रयास स्वस्थ, सुंदर और ग्रीन लखनऊ की परिकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने लखनऊ में मेट्रो के द्वितीय फेज की शुभकामना देते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में विभिन्न क्षेत्रों एवं विभिन्न परियोजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। लखनऊ ही नहीं, पूरे प्रदेश में लगातार विकास की गाथा लिखी जा रही है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज भारत रक्षा उत्पादन सहित अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन रहा है। पहले सैनिकों के वस्त्र तक आयात होते थे, आज हम ब्रह्मोस मिसाइल का स्वयं उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य है, जिसके लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग की ओर से लगातार विकास के कार्य किया जा रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में लखनऊ ने न सिर्फ तीसरा स्थान प्राप्त किया बल्कि अनेक शहरों ने भी ऊंची छलांग लगाई है। उन्होंने बताया कि ब्लूमबर्ग सर्वेक्षण में गाजियाबाद को दुनिया के सबसे अच्छे 50 शहरों में स्थान मिला है जो की नगर विकास विभाग के किए जा रहे कार्यों का द्योतक है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और लखनऊ से सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में विकास के उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

ऑटोमोबाइल सेक्टर में भारत तीसरे स्थान पर है। डिजिटल ट्रांजैक्शन में हम दुनिया का 48 प्रतिशत योगदान कर रहे हैं। डिफेंस कॉरिडोर आदि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आज हमें देश को कमजोर करने वाली विभाजनकारी शक्तियों से सतर्क रहना होगा तभी हम देश को आगे ले जा सकते हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल एवं फिक्की चेयरमैन नीरज सिंह ने भी लखनऊ के तीव्र विकास की चर्चा करते हुए ओपन जिम के उदघाटन के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर नीरज सिंह ने कहा की वर्तमान में 30 ओपन जिम के अधिष्ठान का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 70 ओपन जिम का कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में रिकॉर्ड संख्या में पार्कों में ओपन जिम स्थापित किए जाने की योजना है। महापौर ने कहा कि ओपन जिम के माध्यम से अब आम नागरिक, खासकर बच्चे, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक, अपने ही मोहल्ले के पार्क में जाकर आधुनिक जिम उपकरणों पर व्यायाम कर सकेंगे।

भाषा विविः नेताजी हॉस्टल में 'चाय पर चर्चा' विद कुलपति

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुरुष छात्रावास में छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एक विशेष इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. मनीष कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें सभी अतिथियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा चाय पर चर्चा विद कुलपति, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा स्वयं छात्रावास पहुंचे और छात्रों से चाय के साथ साथ सीधे संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर हॉस्टल के छात्रों ने अपने अनुभव, चिंताएं और समस्याएं खुले रूप से साझा कीं। कुलपति महोदय ने न केवल सभी बातों को गंभीरता से सुना, बल्कि उनके समाधान का स्पष्ट आश्वासन भी दिया। इस संवाद कार्यक्रम में छात्रावास प्रोवोस्ट डॉ. उद्यम सिंह, वार्डन डॉ. मनीष कुमार, डॉ. कौशलेश कुमार शाह, डॉ. राजकुमार सिंह सहित छात्रावास के सभी छात्र मौजूद रहे। कुलपति प्रो. तनेजा ने अपने प्रेरक वक्तव्य में छात्रावास की पिछले चार महीनों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए छात्रों से अनुशासन, सहभागिता और सकारात्मक सोच के साथ हॉस्टल जीवन जीने की अपील की। उन्होंने कहा कि, छात्रावास छात्रों का दूसरा घर है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और छात्रहितकारी बना रहे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

नदी में नहाने गये तीन बच्चे डूबे, दो की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के लोधपुरवा मजरा सलेमपुर गांव में शुक्रवार सुबह लोनी नदी में तीन बच्चे डूब गए। उनको नदी में डूबता देख आसपास में मौजूद ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे, तब तक तीनों गहराई में चले गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की मदद तीनों बच्चों को नदी से बाहर निकलवाया। लेकिन तब तक दो बच्चों की मौत हो चुकी थी। फिलहाल ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद एक बच्चे की जान बचा ली।

गोसाईगंज के लोधपुरवा मजरा सलेमपुर गांव के रहने वाला किसान साजन का बेटा गौरव, गुड्डू का बेटा विराट व अंकित की बेटी हिमानी शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर खेल रहे थे। तभी वह खेलते-खेलते घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित लोनी नदी के किनारे जा पहुंचे। जहां तीनों नहाने के लिए पानी में उतर गये। नहाते-नहाते वह गहरायी में चले गए। जिस पर वह जोर-जोर से चिल्लाने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर ग्रामीण बचाने के लिए नदी में कूद पड़े लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बच्चे विराट को तो बचा लिया, लेकिन गौरव व हिमानी डूब गए। तभी सूचना पाकर मौके पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से आधे घंटे के अंदर गौरव और हिमानी को भी खोज निकाला। दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दो बच्चें की डूबने से मौत के बाद गांव में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया। जिस पर पुलिस ने परिजनों को समझाबुझा कर पोस्टमॉर्टम कराये जाने के लिए राजी किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नदी में डूबने से जान गंवाने वाले दोनों चचेरे भाई-बहन है।

छत से उतरते वक्त गिरने से घायल अधेड़ की मौत: माल क्षेत्र के देवरी भारत गांव निवासी महादीन गत 20अगस्त को छत से उतरते समय फिसलकर नीचे गिर गए थे। जिन्हें बेटे रामशंकर ने माल सीएचसी लेकर गए थे। जहां डॉक्टर ने महादीन की गंभीर हालत देख ट्रॉमा सेंटर भेज दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटेके मुताबिक गत 20 अगस्त को पिता महादीन (45) की पैर फिसलने से छत से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें परिजनों ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार को सुबह लगभग दस बजे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिवार में पत्नी महादेई दो बेटे राम शंकर (विवाहित), राम सागर, बेटी फूलमती है। सभी का रो -रो कर बुरा हाल है।

सड़क हादसे में महिला समेत दो की गयी जान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गुडंबा थाना क्षेत्र में एक्सीडेंट की अलग-अलग दो घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके से आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर लिया है।

गुडंम्बा पुलिस के मुताबिक जानकीपुरम स्थिति सेक्टर-3 के रहने वाले शिवकुमार (64) कुर्सी रोड गुडंबा एल्डिको ग्रीन में प्राइवेट माली का काम करते थे। बेटे कृष्णा ने बताया कि उनके पिता शुक्रवार सुबह अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे। जहां से दोपहर 12:00 बजे चाय लेने के लिए साइकिल से बाजार जा रहे थे तभी रास्ते में एक तेज रफ़्तार ऑटो चालक ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ऑटो चालक ऑटो छोड़कर मौके से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को इलाज के लिए पुलिस द्वारा इंटीग्रल अस्पताल ले जाया गया एवं घरवालों को घटना की सूचना दी गई। घरवालों के अस्पताल पहुंचने पर पता चला की शिवकुमार की मौत हो चुकी है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उनके परिवार में पत्नी राधा, तीन बेटियां व एक बेटा है। वहीं दूसरी तरफ गुडम्बा पुलिस के मुताबिक सिधौली सीतापुर के बेनीपुर रहने वाले राजेश कुमार गौतम जानकीपुरम में आइकॉन अस्पताल के पास रोड के किनारे झोपड़पट्टी बनाकर पत्नी राजेश्वरी (35) तीन बेटी एक बेटे के साथ रहकर एक निजी स्कूलों की वैन चलाते थे। वही पत्नी राजेश्वरी बड़ी बेटी सोनम के साथ इलाके में दूसरे के घरों में घरेलू काम करती थी। राजेश ने बताया कि उनकी पत्नी राजेश्वरी, अपनी बड़ी बेटी सोनम को लेकर गुडंबा क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर दूसरे को घरों में घरेलू काम करने के लिए साइकिल से गई थी। वहां से देर शाम 7:30 बजे मां बेटी साइकिल से उतरकर रोड पार करके पैदल घर जा रही थी। तभी गुडंबा स्थित सचिवालय कॉलोनी के पास एक तेज रफ्तार बुलेट सवार ने पीछे से राजेश्वरी के टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर काफी दूर जा गिरी। वही सोनम भी हादसे में गंभीर घायल हो गई। इसी बीच बुलेट सवार गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। वहीं गंभीर रूप से घायल मां-बेटी को रोड पर पड़ी थी। यह देखकर स्थानीय निवासियों ने पुलिस को जानकारी दी पुलिस द्वारा दोनों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने राजेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सोनम के दाएं हाथ में फ्रैक्चर निकालने के बाद उसका इलाज किया जारहा है।

कूड़ा गाड़ी चालक ने सुरक्षा गार्ड को बुरी तरह से पीटा

- विरोध करने पर चाकू लेकर दौड़ाया, एफआईआर दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में एक निजी पार्किंग पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने एक कूड़ा गाड़ी चालक पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसने अपने पारिवारिक सदस्यों को बुला चाकू लेकर दौड़ाकर जान से मारने की घमकी देने दी। इस मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित नगर निगम जोन-8 कार्यालय में निगम पार्किंग पर सुरक्षा कर्मी के रूप में समीर अंसारी कार्यरत है। समीर अंसारी के अनुसार गुरुवार 28 अगस्त की शाम वह नगर निगम की पार्किंग पर मौजूद था। आरोप है कि उस दौरान कूड़ा उठाने वाली गाड़ी का चालक सत्तर गलत तरीके से गाडी पार्किंग कर रहा था। जिसका विरोध करने के साथ उसने कूड़ा गाड़ी चालक को गाड़ी सही से खड़ी करने की बात कही। जिस पर वह उग्र होकर गाली-गलौज करते हुए उसे थप्पड़ जड़ अपने परिवार के सदस्यों को बुला मारपीट करने के साथ उसे जान से मारने की नियत से चाकू लेकर दौड़ा लिया। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित सुरक्षा गार्ड की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

दुकान का शटर तोड़कर हजारों की नगदी व आभूषण ले गये चोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित सरार्फा बाजार में चोरों ने एक गोल्ड क्वालिटी मापन की दुकान को निशाना बनाया। बेखौफ चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दराज में रखे हजारों रुपये नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात ले फरार हो गए। शुक्रवार सुबह दुकान मालिक ने दुकान का ताला टूटा देख कंट्रोल नंबर पर पुलिस को जानकारी दी।

कृष्णानगर थाना क्षेत्र के रामनगर सरार्फा बाजार के एक बेसमेंट में सरदारी खेड़ा निवासी सुभाष जानकर पुत्र दत्तू ने साझेदारी में लाटूश रोड निवासी मनीषा साहू के साथ आभूषण को टंच करने का कार्य करते है। पीड़ित दुकान मालिक के अनुसार वह शुक्रवार सुबह अपने घर से दुकान घूमते हुए पहुंचे थे और देखा कि दुकान पर लगा ताला टूटा हुआ था। जिस पर उन्होंने चोरी की आशंका होने पर पुलिस कंट्रोल नंबर पर सूचना दी। पीड़ित के अनुसार दुकान में रखे दराज से करीब 40 - 50 हजार रुपए नगद एवं कुछ आभूषण चोरी हुए है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच दौरान पाया कि दराज में जेवर रखे हुए है, कुछ जेवर गायब थे। चोरी की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है दुकान में लगे कैमरे भी खराब है। फिलहाल जांच किया जा रहा जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि वास्तविक मामला क्या है।

आशियाना इलाके से बुलेट व स्कूटी चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके में घूम रहे चोरो ने दो अलग-अलग स्थानों पर खड़ी बुलेट बाइक और एक स्कूटी पार कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि आदर्श नगर निलमथा लखनऊ निवासी देवेश गुप्ता पुत्र जितेन्द्र गुप्ता के अनुसार वह आशियाना थाना इलाके स्थित स्मृति उपवन किला रोड सेक्टर-के ओयो टाउन हाउस होटल अपनी बुलेट बाइक यूपी32एनडब्लू 9940 से गया था। उसने अपनी बाइक को होटल के बाहर खड़ी की थी। जिसे चोरों ने पार कर दिया। वहीं पीड़ित का कहना था कि होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की करतूतें कैद हो गई है। वहीं पुलिस के अनुसार अमीनाबाद निवासी रिचा शुक्ला पुत्री शिव कुमार शुक्ला के अनुसार उसकी थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-आई में दिव्यांशी मेडिकल के नाम से दुकान संचालित है। वह अपने उक्त मेडिकल स्टोर पर अपनी स्कूटी संख्या यूपी32केएम-2609 से आती जाती है। वह रोज की तरह अपनी स्कूटी को अपने मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी की थी। जिसे चोरों ने पार कर दिया। जिसकी जानकारी उन्हें उसी दिन रात्रि करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर जाने के दौरान हुई। जिसके बाद उन्होंने अपनी चोरी हुई स्कूटी की खोजबीन करने के बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार दोनों पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

किशोरी को अगवा कर जंगल में दरिंदों ने किया गैंगरेप

बेहाल पहुंची किशोरी को देख परिजनों ने थाने में की शिकायत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना होने की खबर सामने आई है। नाबालिग किसी काम से अपने घर से बाहर निकली थी। तभी युवकों ने नाबालिग को जबरदस्ती गाड़ी में बिठाया और जंगल में ले जाकर उसके साथ हैवानियत करके मौके से फरार हो गए है।

जानकारी के अनुसार बालिका किसी काम से अपने घर से बाहर निकली थी। तभी युवकों ने नाबालिग को जबरदस्ती गाड़ी में बिठाया और जंगल में ले जाकर उसके साथ हैवानियत करके मौके से फरार हो गए है। ज्ञात हो पीड़िता तीन बहन दो भाई में सबसे बड़ी है। किशोरी गांव के सरकारी स्कूल में सातवीं की स्टूडेंट है। बताया जा रहा है कि नाबालिग का एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। जिससे वो मिलने गई लेकिन वहां पर तीन अन्य भी पहुंच गए। चारों युवकों ने शराब के नशे में धुत थे। चारों युवकों ने उसे जबरन गाड़ी में बैठाया। फिर घर के पास जंगल में उसके साथ गैंगरेप किया। किशोरी के पिता ने बख्शी का तालाब थाना में अपनी बेटी के साथ हुए गैंगरेप की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है।

दो नामजद समेत चार पर दर्ज हुई एफआईआर: पिता ने अपनी बेटी के साथ हुए अन्याय को लेकर कानून प्रशासन से सख्त कार्रवाई की जाने की मांग की है। पुलिस ने गैंगरेप की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी। वहीं पुलिस किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले गयी। जहां पीड़िता का इलाज भी कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि, कंट्रोल रूम में एक सूचना मिली कि, नाबालिक के साथ गैंगरेप की घटना घटित हुई है। जिसके बाद पुलिस तुंरत मौके पर मौजूद हुई। पुलिस ने शिवा सिंह और राज नामजद दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले को लेकर पुलिस एक्शन में आई हुई है। आरोपियों की तलाश में की जा रही है।

प्रदेश की फॉरेंसिक संरचना को मिलेगी नयी वैज्ञानिक शक्ति : डीजीपी

सेंचुरियन विश्वविद्यालय ओडिशा के साथ साइन हुआ एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यह ज्ञान-विनिमय, नवाचार और फॉरेंसिक क्षमता-वृद्धि की साझा प्रतिबद्वता को दशार्ता है। यह न केवल शैक्षणिक शोध को मजबूत करेगा बल्कि प्रदेश की फॉरेंसिक संरचना को भी नई वैज्ञानिक शक्ति प्रदान करेगा।

ये बातें प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्णा ने पुलिस मुख्यालय में सेंचुरियन विश्वविद्यालय ओडिशा द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जाने के दौरान कही। शुक्रवार को मुख्यालय में राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के मध्य प्रशासनिक, शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के साथ-साथ संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

श्री कृष्णा ने इस एमओयू की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल उत्तर प्रदेश को वैज्ञानिक अन्वेषण और फॉरेंसिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सहयोग प्रदेश में हाल ही में शुरू की गई कई फॉरेंसिक पहलों को और गति देगा। नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत अब गंभीर अपराधों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ का घटनास्थल पर पहुँचना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे सबूतों का वैज्ञानिक और सटीक संकलन सुनिश्चित हो रहा है। इसी महीने 75 अत्याधुनिक मोबाइल फोरेन्सिक वैन का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस मौके पर एडीजी तकनीकी सेवाएं नवीन अरोरा ने बताया कि यह एमओयू छात्रों को तेजी से विकसित हो रहे फोरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करेगा, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा तथा अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देगा, जो देश भर में कानून प्रवर्तन और न्यायिक प्रणालियों का समर्थन करेगा। वहीं सेंचुरियन विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट, प्रोफेसर मुक्तिकान्त मिश्र ने कहा कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला की फोरेंसिक विशेषज्ञता के साथ हमारे शैक्षिक संसाधनों को संयोजित करके, हम छात्रों और शोधकताओं को फोरेंसिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाएंगे। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के समय डीजी के जनरल स्टाफ ऑफीसर, डीआईजी तकनीकी सेवायें मुख्यालय सुरेश राव आनन्द कुलकर्णी एवं प्रभारी निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, सेंचुरियन विश्वविद्यालय, ओडिशा के प्रेसीडेंट, प्रोफेसर मुक्तिकांत मिश्र, वॉयस चांसलर - डॉ सुप्रिया पटनायक, निदेशकझ्र मोनालिशा घोष एवं एसोसिएट डीनझ्र डॉ रीना सी झमतानी उपस्थित रहे।

डीजीपी ने पुलिस सैलरी पैकेज के तहत आश्रितों को दिये 20 करोड़

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विभिन्न जिलों में मृत पुलिस कर्मियों के आश्रित परिजनों एवं दुर्घटना में विकलांग पुलिस कर्मियों को डीजीपी राजीव कृष्णा ने बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत स्वीकृत 20 करोड़ की धनराशि का चेक प्रदान किया।

बताया जा रहा है कि यूपी पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से किये गये एमओयू के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत व विकलांग पुलिस कर्मियों को पुलिस सेलरी पैकेज के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किये जाते हैं। इसी क्रम में डीजीपी राजीव कृष्णा ने पुलिस कर्मियों के परिजनों एवं दुर्घटना में विकलांग पुलिस कर्मियों को करीब 20 करोड़ रुपए के चेक प्रदान किये गये। जिसमें दुर्घटना में मृत दारोगाा विनोद कुमार सिंह, दारोगा प्रदीप कुमार, दारोगा नीरज कुमार, दारोगा शेषनाथ सिंह यादव, दारोगा रवि कुमार दीक्षित, महिला दारोगा नेहा शुक्ला, मुख्य आरक्षी भोजराज शर्मा, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, आरक्षी शाहरूख हसन, आरक्षी अभय कुमार, महिला आरक्षी रूचि रानी, फायरमैन गयूर के आश्रितों को चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा हादसे में विकलांग होने वाले आरक्षी मयंक कुमार व आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार के परिजनों को भी सहायता राशि का चेक दिया गया। इस अवसर पर एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, आईजी पुलिस भवन कल्याण आके भारद्वाज सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक कमलेश राठौर, शाखा प्रबंधक शिशिकांत सिंह उपस्थित रहें।

पुलिसकर्मी बन टप्पेबाज शिक्षिका का ले गये जेवरात

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली इलाके में टप्पेबाजों ने सुबह सबेरे स्कूल गेट पर पुलिसकर्मी बन शिक्षिका को अर्दब में ले भय दिखा जेवरात उतरवा कागज की पुड़िया थमा जेवरात ले फरार हो गए। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित अनुपमनगर भोलाखेड़ा निवासिनी लक्ष्मी सिंह पत्नी राजीव पाल सिंह के अनुसार वह सीएमएस विद्यालय में शिक्षिका है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे यूनियन बैंक खाता संख्या -20404584895 में मेरा नाम अफजल अंकित है। बैंक खाता में नाम अफजल व राजू बढ़ाकर अंकित किया जाए। अफजल व राजू दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अफजल उर्फ राजू पुत्र मोहम्मद शफी निवासी ताड़ तल्ला, सब्जी मंडी, शहर रायबरेली

राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले विग्नेश को सुरक्षा देने के आदेश

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले एस. विग्नेश शिशिर को सुरक्षा देने के आदेश गृह मंत्रालय, भारत सरकार को दिए हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि प्रथम दृष्टया हम इस बात से संतुष्ट हैं कि मामले में विचार की आवश्यकता है क्योंकि याची ने एक अत्यधिक शक्तिशाली व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमे कर रखे हैं, उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं और उसे रायबरेली पुलिस के समक्ष स्वयं द्वारा दर्ज करायी गई शिकायत के सिलसिले में उपस्थित भी होना है। इसी के साथ न्यायालय ने गृह मंत्रालय व आईबी तथा अन्य से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवायी 9 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से दलील दी गई कि उसने राहुल गांधी के विरुद्ध जून 2024 में सीबीआई के समक्ष शिकायत दर्ज करायी थी जिसकी विवेचना एंटी करप्शन को स्थानांतरित कर दी गई। कहा गया कि उक्त विवेचना के दौरान याची कई बार जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित हुआ तथा साक्ष्य उपलब्ध कराए। याची ने दावा किया कि इसी वर्ष मई के दूसरे सप्ताह में यूनाइटेड किंगडम से उसे राहुल गांधी के ब्रिटिश पासपोर्ट की प्रति उपलब्ध करायी है। इसके पश्चात 26 जुलाई 2025 को उसने राहुल गांधी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने संबंधी प्रार्थना पत्र एसपी, रायबरेली को भेजा है, जिसके तहत 19 अगस्त 2025 को रायबरेली पुलिस ने उसे नोटिस जारी करते हुए, जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने को कहा है। याची ने कोर्ट के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर यह भी दलील कि उसने राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता सिद्ध करने वाले दस्तावेज भी जांच एजेंसी को दिए जिसमें 21 अगस्त 2003 को यूके में इनकॉर्पोरेट हुयी कंपनी बैकऑप्स के दस्तावेज भी शामिल हैं, उक्त दस्तावेजों के अनुसार राहुल गांधी ने खुद को ब्रिटिश नागरिक व उक्त कंपनी का डायरेक्टर बताते हुए, अपना पता 2, फ्रोंगल वे, लंदन बताया है। याची ने यह भी दावा किया कि उसने केरल के वायनाड़ में उप चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा के उम्मीदवारी के विरुद्ध भी शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन उसकी शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया गया लिहाजा वह उनके सांसद चुने जाने के विरुद्ध अधिकार पृच्छा याचिका दाखिल करने वाला है। याची का कहना है कि राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा के विरुद्ध मुकदमे व शिकायतें करने के कारण उसे हर दिन धमकियां मिलती हैं और खतरे का सामना करना पड़ता है।

स्कूल जा रही छात्रा के अपहरण का प्रयास

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के एक गांव की नौ वर्षीय छात्रा जो लतीफपुर गांव स्थित महेश सिंह सरस्वती इंटर कालेज पढ़ने जाती है। जिसको एक बाइक सवार युवक ने रास्ते में अपहरण कर जबरन बाइक पर बैठा कर भागने लगा। छात्रा चीखने चिल्लाने लगी। जिसका शोर सुनकर पीछे आ रहे बाइक सवारों ने अपहरणकर्ता को रोक लिया और उसे पकड़लिये। घटना सुन ग्रामीणों का हुजूम जुटने लगा और अपहरण करने वाले युवक की जमकर पिटाई की। साथ ही माल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आयी।

मिली जानकारी के अनुसार माल थाना क्षेत्र के एक गांव की नौ वर्षीय छात्रा शुक्रवार प्रातः साढ़े सात बजे घर से लतीफपुर स्कूल के लिए निकली थी। तभी गांव के बाहर सझीया तालाब के पास पीछे से एक बाइक सवार आ पहुंचा और बच्ची से स्कूल जाने की बात कर उसे मोबाइल दिखाने के बहाने झाड़ियों की ले जाने लगा। तो छात्रा रोने लगी। इसी बीच बाइक चालक ने छात्रा को जबरन अपनी बाइक पर बैठा कर भागने लगा। छात्रा चीखने चिल्लाने लगी। जिसका शोर सुनकर पीछे आ रहे बाइक सवार संजय सिंह व भीम सिंह ने उसे रोक लिया और युवक द्वारा मासूम छात्रा को जबरन ले जाने पर उसकी पिटाई की और गांव लेकर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने भी उसे बुरी तरह से पीटा। ग्रामीणों ने युवक को पकड़ने के बाद पेड़ में बाध कर जमकर पिटाई की। काफी देर बाद सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को थाना पर लेकर पहुंची।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी

संख्या -601/आबकारी/अपील/चेता./2025-26/बाराबंकी/ दिनांक : 28.08.2025

अपील/चेतावनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-9454466232, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर-9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर-7017569578, आबकारी निरीक्षक, रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी
बाराबंकी

(शशांक त्रिपाठी)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

गणेश उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

गणेश उत्सव में मुकेश शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी

लोकनृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

फोटो–अमित वर्मा

भगवान गणेश के सहस्त्र नामों के साथ हुआ सिंदूराभिषेक

गणेश उत्सव के तीसरे दिन पूजा पंडालों में देर शाम तक रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, बीकानेर के भजन गायक ने बहाई भजनों की गंगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़कर कौन, स्वामी तुमसे बढ़कर कौन..., हे गणपति शिव नंदन, जरा मुझपे उपकार करो..., घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो...जैसे भजनों से गणेश उत्सव के तीसरे दिन का आगाज हुआ। शहर के सभी पूजा पंडालों में विघ्नहर्ता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी और बप्पा का विशेष शृंगार किया गया। पूजा पंडालों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर कोई विघ्नहार्ता से अपनी सुख समृद्धि की कामना कर रहा था। सोमवार को तीसरे दिन पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। वहीं रंगबिरंगी लाइटों से जगमगाते पंड़ालों की आभा सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दोगुनी हो गई। सबके अराध्य और प्रथम पूजनीय प्रभु को खुश करने के लिए कहीं भक्तों ने उन्हें 20 किलो मोतीचूर के लड्डुओं का भोग लगाया तो कहीं बप्पा का सिंदुराभिषेक के साथ दानपात्र में भक्तों ने अपनी मनोकामना की चिठ्ठी प्रभु के नाम लिखी।

हमारी दौलत है गौरी लाल हमारी शोहरत है गौरी लाल...

लखनऊ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के तत्वावधान में झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास चल रहे 20 वां मनौतियों के राजा का गणेशोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह मनौतियों के राजा के समक्ष सिन्दूराभिषेक की विशेष पूजा हुई। जो आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इस पूजा में भक्तों ने बारी बारी से बप्पा को सिन्दूर लगाकर अभिषेक किया। बाद में भक्तों ने सिन्दूर को अपने माथे में लगाया। अयोध्या और बनारस से आये आचार्यो ने पूरे विधिविधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश के सहस्त्र नामों के साथ सिन्दूराभिषेक पूजन सम्पन्न कराया। श्रद्धालु अभिषेक करने के समय एक ही स्वर निकल रहा था जो सिन्दूर से करते है अभिषेक, श्री गणेश उनपर कृपा करते है अनेक। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि भगवान गणेश को सिन्दूराभिषेक करने से घर परिवार में सुख समृद्धि आती है। अभिषेक करने वालों में कमेटी के भारत भूषण गुप्ता, घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अखिलेश बंसल, पार्षद रंजीत सिंह, महिलाओं में संध्या बंसल, अंजू गुप्ता, उषा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, वीमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अनुराधा गोयल आदि लोग परिवार के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान गणेश को सिन्दूर से अभिषेक किया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा के निर्देशन में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत नृत्य नाटिका बाल्मीकि मुनि से हुई। इसमे दिखाया कि राम नाम का जाप करके रत्नाकर डाकू से बाल्मीकि मुनि बन गए जिन्होंने रामायण की रचना की माता सीता को अपने आश्रम में रख कर लव कुश का पालन पोषण आश्रम मे ही कराया। अगले क्रम मे सिंदूरी हनुमान मंचन मे दिखाया कि हनुमान जी ने राम जी की भक्ति में स्वयं को ही सिंदूर के रंग में रंग लिया। अगली नृत्य नाटिका बांके बिहारी जी का चमत्कार मे दिखाया कि अपने भक्त के प्रेम भाव मे विभोर होकर स्वयं बिहारी जी ने आकर दर्शन दिए। उसके बाद भजन संध्या का लोगों ने आनंद लिया। संजय शर्मा ने ऐसा क्या काम किया हमने तेरा जो मेरा हाथ तुमने थाम लिया..., व तेरे दर पे आके सब कुछ मिला है... सुनाया। इसी क्रम मे बीकानेर से आए परवेश शर्मा ने भजनों की गंगा बहाई। उन्होंने शुरूआत हमारी दौलत है गौरी लाल हमारी शोहरत है गौरी लाल...से की। उसके बाद ये जीवन तेरे हवाले चाहे जैसे तू आजमा ले... सुनाया तो लोग झूमने पर मजबूर हो गये।

बप्पा को लिखें चिट्ठी, पूरी होगी मनोकामना: गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हो गई है। विघ्नहर्ता गणेश देवा की स्थापना सभी घरों में हो चुकी है। अपने बप्पा को लोग अपने-अपने घर लेकर आ चुके हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में झूलेलाल वाटिका का गणेश उत्सव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह यह है कि यहां पर एक बॉक्स लगाया गया है। इस बक्से के पास पत्र रखे हुए हैं, जिसमें 108 बार गणपति का मंत्र लिखने के बाद उसके नीचे भक्त अपनी मनोकामना लिखकर उसे बॉक्स में डाल सकते हैं। यह पत्र पूरी तरह से फ्री है। भक्तों की मनोकामना के इस पत्र को अंतिम दिन गणेश भगवान के साथ ही विसर्जित कर दिया जाता है। चिट्ठी, पेन और बॉक्स सब कुछ कमेटी की ओर से पंडाल में रखा गया है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

गणेश उत्सव में भक्तों ने प्रसाद में चखा मोदक: ऑस्कर योग साई कृपा सेवा संस्थान के तत्वाधान में शिवाजी मार्ग हीवेट रोड पर 16 वर्षों से चल रही गणेश उत्सव में शुक्रवार सुबह पूजन अर्चना मंत्र उच्चारण के बीच की गयी। उसके बाद आरती सुभाष शर्मा जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद लखनऊ पश्चिम अवध प्रांत ने विधिवत की। उत्सव में चल रहे अन्य कार्यक्रम में पंडितों ने मंत्रोच्चारण के बीच दुधाभिषेक शोभा शुक्ला, सुषमा पवार द्वारा कराया गया। शाम की आरती सिध्दीविनायक मुंबई की आरती में भक्तगण मौजूद थे। इनमें कानपुर से शिवाजी मार्ग के राजा का दर्शन करने आये दंपति शशिकांत और नेहा कुमारी प्रमुख रूप से मौजूद थे। उत्सव आयोजन गणेश शंकर पवार ने बताया शिवाजी मार्ग का राजा के दर्शन करने के लिए कानपुर उन्नाव बाराबंकी हैदरगढ़ से भी भक्तगण आते हैं, इन भक्तगणों की संख्या विसर्जन वाले दिन ज्यादा होती है। उत्सव पदाधिकारी सुमन पवार ने बताया शिवाजी मार्ग के राजा का शाम को प्रसाद और गणेश चालीसा का वितरण किया जा रहा है।

भजनों से गौरी पुत्र गणेश को रिझाया गया: ऐशबाग जल संस्थान कालोनी की ओर से गणेश चतुर्थी के अवसर पर ऐशबाग स्थित जल संस्थान शिव मंदिर परिसर में चल रहे विशाल गणेशोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या पर प्रथम पूज्य गणेश के नाम पर भक्तिमय गीतों की स्वर सरिता प्रवाहित की गई। बच्चों ने आज सफेद-हरे गुब्बारों, रंगीन कागजों की झालरों, लाइटों से गणपति महाराज के दरबार का अलौकिक श्रृंगार किया गया था। संगीत से सजे सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। इसी क्रम में शारदा मिश्रा ने घर मे पधारो गजानंद जी मारे घर मे पधारो भक्तिमय गीत प्रस्तुत कर मंगलमूर्ति में चरणों अपनी हाजिरी लगाई। इसी क्रम में मंजू ने अपनी खनकती आवाज में हमें क्या काम दुनिया से हमारा कृष्ण प्यारा गीत प्रस्तुत कर लोगों को कृष्ण भक्ति के सागर में आकंठ डिबोया। भक्ति संगीत से परिपूर्ण इस प्रस्तुति के उपरांत कुसुम ने अर्जुन के बाण जैसा कोई बाण नहीं देखा गीत प्रस्तुत कर भक्ति गीतों की सरिता प्रवाहित की।

गजानन मेरे देवता...: गजानन मेरे देवता, गणपति बप्पा मोरया जैसे भजनों की प्रस्तुति जब उत्तम एंड पार्टी ने दी तो हाथों में करताल लिए भक्त थिरकते नजर आए। यह नजारा यहियागंज में श्री गणेश युवा मंडल की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में देखने को मिला। सुबह बप्पा के पंडाल में पूजा अर्चना की गई जिसके बाद शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री आशुतोष शर्मा, अशोक कुमार, अनुराग, शंशाक समिति के सदस्यों संग भक्त मौजूद रहे।

गोदी में उठा लो मेरी मां, गजानन छोटे हैं... पल्टन छावनी सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में सात दिवसीय श्रीगणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। तीसरे दिन शुक्रवार को बप्पा के दरबार में महिलाओं ने भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय कर दिया। गणपति मेरी कुटिया में आएं, अंगना सजाएं..., गौरा के लाल बड़े प्यारे लगे, चलो देखन चले..., सब देवों ने फूल बरसाए..., मेरे बन जाएं बिगड़े काम, गजानन चले आना..., गोदी में उठा लो मेरी मां, गजानन छोटे हैं..., जैसे भजनों से बप्पा का दरबार गूंज उठा। इस मौके पर शालू पाल, पूजा, संगीता, रेखा, कोमल पाल, आरती, कृष्णावती, गीता, कीर्ति, सुंदरी, सुधा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे।

रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन: मवैया में शुक्रवार को गणपति पूजा समिति की ओर से 36वां श्रीगणेशोत्सव के तीसरे दिन पुरोहितो ने रुद्राभिषेक मन्त्रोच्चारण के साथ गणेश महराज की आराधना की। समिति के पदाधिकारी व परिवारजन मौजूद थे। उत्तर प्रदेश पुस्तक व्यापार मण्डल ने सिंगारनगर बरात घर मे श्री गणेशोत्सव के तीसरे दिन संस्था के संयोजक ने गणेश की प्रभात आरती की।

हनुमान मंदिर में विधि विधान से की पूजा-अर्चना

लखनऊ। आलमबाग व्यापारियों ने शुक्रवार शाम गणेश उत्सव के अवसर पर नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों संग मिलकर आलमबाग चौराहे पर स्थित श्री त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर में गणेश आरती वंदना का आयोजन किया। इस अवसर पर नटखेडा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित पुजारी पंडित राजमणि मिश्रा, संतोष तिवारी राजमणि मिश्रा, सुधा मिश्रा, हर्षित मिश्रा नमन कश्यप संगीता विमल, अमित, शास्त्री रिंकू, शास्त्री विवेक तिवारी सहित स्थानीय आलमबाग व्यापारी उपस्थित रहे। वहीं नटखेडा रोड युवा व्यापार के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने व्यापारियों सहित स्थानीय लोगों संग मिलकर विधि विधान से पूजा-अर्चना गणेश आरती की। इस दौरान व्यापारी नेता मनीष अरोड़ा ने कहा कि तीन सितंबर को भण्डार के बाद 5 सितम्बर को को भगवान गणेश की प्रतिमा को जल में विसर्जित किया जाएगा।

बप्पा के दरबार में गूंजा मंगल मूर्ति मोरिया...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अलीगंज का राजा गणेश पूजा सेवा समिति की ओर से गुलाब वाटिका अपार्टमेंट' नेहरू बाल वाटिका पार्क के पास, अलीगंज मे चल रहे 13 वां श्री गणेश जन्मोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह बप्पा की पूजा अर्चना के बाद शाम को फूलों की सुंदर व विशाल गजरा गजानन को पहनाई गई। इस दौरान समिति के संरक्षक राज कुमार सिंघल, महेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महामंत्री शरद तिवारी, शुभम अग्रवाल आदि लोग थे। शाम को लखनऊ की भजन गायिका अनुष्का मिश्रा ने बप्पा के दरबार में भजनों की शुरूआत गणपति बप्पा मोरिया ...से करने के बाद राम रख ले तेरे भाग्य जाग जाएंगे...सुनाया। उसके बाद मेरी गाड़ी मेरा बंगला सब कुछ तेरा सरकार..., सुनाया तो लोग झूमने लगे। इसी क्रम में मंजू यादव ने बप्पा के दरबार में कई सुंदर-सुंदर भजन सुनाए। मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि 29 अगस्त को प्रातः 9 बजे से श्रृंगार, पूजन, अभिषेक, शाम को भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। संरक्षक संदीप अग्रवाल ने बताया कि बप्पा के दरबार में आने वाले सभी भक्तों को प्रतिदिन प्रसाद दिया जाएगा। विसर्जन शोभा यात्रा 31 अगस्त को निकली जाएगी जो आकर्षण का केंद्र होगी इस वर्ष शोभा यात्रा में भगवान गजानन का रथ भव्य रहने के साथ-साथ जमशेदपुर झारखंड से डंका पार्टी बैंड आ रहा है जो धूम मचायेगा। इसके अलावा झांकी ग्रुप विशाल कालिया हरियाणा से आ रहा है जो पूरे रास्ते में झांकी का मंचन करेंगे।

अभिमानी व्यक्ति कभी उन्नति नहीं कर सकता है: अभिषेक जैन

● दस लक्षण पर्व का दूसरा दिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। इन्दिरा नगर जैन मन्दिर मे चल रहे दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तम मार्दव धर्म की पूजन की गई। मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि मार्दव धर्म अभिमान को गलाने की शिक्षा देता है। अभिमानी व्यक्ति कभी उन्नति नहीं कर सकता है। प्रातः काल सर्वप्रथम संजीव जैन, अरुण जैन द्वारा भगवान पुष्पदंत नाथ स्वामी को पाण्डुकशिला पर विराजमान कर स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया गया। शांतिधारा करने का सौभाग्य अभय अरिंजय अमित को प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में कौन बनेगा धर्मज्ञानी प्रतियोगिता का आयोजन कल्याणी जैन द्वारा किया गया। जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि आज मंदिर में जैन समाज के बंधुओं द्वारा अभिमान न करने का संकल्प लिया गया। समाज के अध्यक्ष पवन जैन ने बताया कि अष्टमी के दिन भगवान पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा एवं 9 किलो का लाडू भी समर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर शिप्रा, अपर्णा, रीता, सरिता, अतिशय, प्रदीप मौजूद रहे।

447वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत आरजीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी, इटौंजा, लखनऊ, उप्र के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 447वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री श्रीमती सीमा निरंजन एवं श्री अनिल कुमार निरंजन ने अपने पुत्र श्री हर्षवर्धन निरंजन एवं पुत्री सुश्री अदिति निरंजन के उज्ज्वल भविष्य के लिए भेंट किया तथा उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। आरजीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी के निदेशक प्रो डॉ अविनाश चन्द्र त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, एवं अनिल निरंजन के प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह एवं संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. अविनाश चन्द्र त्रिपाठी, एडमिन मैनेजर अंकित मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एवं सह-पाठ्यचर्या समिति प्रमुख सुश्री विजयस्वरी मिश्रा, सहायक प्राध्यापक एवं पाठ्येतर समिति प्रमुख राहुल सिंह यादव, शैक्षणिक प्रमुख श्रीमती रूप रंजन श्रीवास्तव सहित संस्थान के चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

सफेद बारादरी में नवरात्र स्पेशल परिधानों की प्रद्रर्शनी का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नवरात्री स्पेशल कलेक्शन के साथ कॉटन एंड सिल्क फैब ने कैसरबाग सफेद बारादरी में नवरात्री स्पेशल पार्टी वियर परिधानों की प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष, रेडक्रास सोसाइटी के मेंबर एवं गैलेंट्री अवॉर्ड से पुरस्कृत श्री अमरनाथ मिश्रा ने फीता काटकर दस दिवसीय कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी आयोजक श्री मानस आचार्य, श्री जावेद मकसूद ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

29 अगस्त से 7 सितंबर तक आयोजित की गई है। मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्रा ने पूरी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यहां लगे विभिन्न स्टालों पर जाकर परिधानों की जानकारी ली। अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि त्यौहार के मौके पर इस तरह से एक छत के नीचे महिलाओं के लिए अलग अलग परिधान उपलब्ध कराना आयोजक का सराहनीय कार्य है। उन्होंने स्वदेशी का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को स्वदेशी का बढ़ावा देना चाहिए। प्रदर्शनी में 100% शुद्ध प्राकृतिक रेशों (रेशमी, कपास, लिनन) पूरे भारत से सीधे हथकरघा उत्पाद सभी प्रकार के हैं। बनारसी, तस्सर कांथा एवं मुद्रित, गढ़वाल, चंदेरी, महेश्वरी, कोटा, जयपुर बगरू प्रिंट्स, बेंगलुरु शुद्ध क्रेप सिल्क्स, कलमकार, कांचीपुरम, पोचमपल्ली इक्कत, वेंकटगिरी, नारायणपेट उप्पादा जामधानी पैठानी कोलकाता बुटीक चंपा कोसा साड़ी और कॉटन साड़ी और ड्रेस सामग्री लाइफ स्टाइल गारमेंट्स हैंडलूम उत्पादों की लगी इतनी सारी प्योर वैरायटी एक ही छत के नीचे प्रदेश के विभिन्न राज्यो के उत्पाद लखनऊ वासियों को किफायती दामों में उपलब्ध होते हैं। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों के उत्पाद अपने आप मे अलग पहचान रखते हैं।

56 मिलियन टन कृषि उत्पादन के साथ यूपी भारत का फूड बाउल : डॉ. राजेश्वर सिंह

विधायक राजेश्वर सिंह ने फूड एंड बेकरी एक्पो-2025 का किया शुभारम्भ, डॉ.राजेश्वर सिंह ने यूपी को 'बेकरी कैपिटल बनाने का दोहराया संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- अवध शिल्पग्राम में शुरू हुआ 3 दिवसीय 'फूड एंड बेकरी एक्पो' डिप्टी सीएम पाठक, विधायक राजेश्वर ने किया शुभारम्भ
- भारत के केवल 6% खाद्य उत्पाद प्रोसेस होते हैं, सरकार का लक्ष्य 20% तक पहुंचाना: डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ। शहीद पथ स्थित अवध शिल्पग्राम में वृहस्पतिवार को 3 दिवसीय फूड एंड बेकरी एक्पो -2025 की शुरूआत हुई। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने फीता काटकर एक्सपो का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने सभी स्टाल का अवलोकन किया, उद्यमियों, उद्योगपतियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

अपने संबोधन में सरोजनीनगर विधायक ने कहा कि वर्तमान में भारत के कुल खाद्य उत्पादों का केवल 6% ही प्रोसेसिंग होता है, सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में इस आंकड़े को कम से कम 20% तक पहुँचाना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में फूड प्रोसेसिंग पालिसी 2022-27 लागू की गई है, जिसके अंतर्गत सब्सिडी, सिंगल विंडो क्लेअरेंस और त्वरित अनुमोदन प्रणाली जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह नीति प्रदेश के किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रही है।

डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज 56 मिलियन टन कृषि उत्पादन के साथ भारत का फूड बाउल है। सरकार की प्रतिबद्धता है कि इस सामर्थ्य को और आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश को इंडिया की बेकरी कैपिटल बनाया जाए। उन्होंने आगे जोड़ा कि फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री वह शक्ति है जो उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। मेरी स्पष्ट मान्यता है कि हर जिले में आधुनिक फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर विकसित किए जाएँ, जहाँ एक ही छत के नीचे सिंगल विंडो क्लेअरेंस, सरल एनवायरमेंट क्लेअरेंस और त्वरित बिजली कनेक्शन जैसी सभी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित हों। इससे किसान की आय बढ़ेगी, युवाओं को रोजगार मिलेगा और उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी।

डॉ. सिंह ने उपस्थित उद्यमियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक , फूड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, शशांक देव सिंह, सोनू गुप्ता, रजत नागपाल, पंकज मिश्रा, मीनू अरोड़ा, डॉ. यश विक्रम, राजू बत्रा एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश को भारत की बेकरी राजधानी बनाने हेतु डॉ. राजेश्वर सिंह का नीति प्रस्ताव सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरुवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक नीति प्रस्ताव भेजा है, जिसमें उत्तर प्रदेश को भारत की बेकरी राजधानी बनाने का विजन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित बेकरी एवं प्रसंस्कृत खाद्य नीति 2025के अंतर्गत राज्य में रोजगार सृजन, महिला उद्यमिता, टरटए प्रोत्साहन और वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग पर विशेष जोर दिया गया है।

प्रस्ताव की प्रमुख बातें

इन्फ्रास्ट्रक्चर समर्थन – लखनऊ, कानपुर, नोएडा और वाराणसी में बेकरी एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क की स्थापना।

- एमएसएमई व महिला उद्यमिता झ छोटे उद्योगों व स्टार्टअप्स को सॉफ्ट लोन, क्रेडिट गारंटी और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष क्रेडिट लाइन। कौशल विकास-निफ्टेम, होटल मैनेजमेंट संस्थान और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के सहयोग से बेकरी स्किल सेंटर और लघु कोर्सेज। नवाचार एवं R&D-फूड-टेक इनक्यूबेटर और शुगर-फ्री, ग्लूटेन-फ्री व मिलेट-आधारित उत्पादों पर अनुसंधान हेतु अनुदान। निर्यात एवं वैश्विक ब्रांडिंग (APEDA साझेदारी सहित)- राज्य स्तरीय Export Facilitatio Cell, अढएऊअ के सहयोग से गुणवत्ता प्रमाणीकरण व विदेशी प्रदर्शनियों में भागीदारी। ODOP ब्रांडिंग के तहत Lucknfow Bakes, "Agra Cookies जैसे उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय प्रचार।
- पोषण व जन-स्वास्थ्य – मिड-डे मील और आईसीडीएस योजनाओं में फोर्टिफाइड व मिलेट-आधारित बेकरी उत्पादों को शामिल करना।
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस उद्यमियों के लिए सरल एफएसएसएआई अनुपालन, सिंगल विंडो क्लियरेंस और क्लस्टर आधारित लाइसेंसिंग।
- इस नीति से उत्तर प्रदेश लाखों नए रोजगार सृजित करेगा। ग्रामीण व महिला उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाएगा। भारत की बेकरी राजधानी के रूप में वैश्विक पहचान प्राप्त करेगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस सम्बन्ध में कहा है कि ईपीडा के सहयोग से यह नीति उत्तर प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण और बेकरी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाई पर ले जाएगी और 2027 तक राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

प्रदेश के प्रत्येक जिले में आयोजित होंगे रालोद के सम्मेलन

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय में प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में दिल्ली से आये राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, संगठन महासचिव अजीत राठी व सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों का व्यापार प्रकोष्ठ की तरफ से अभिवादन किया गया। सभी वरिष्ठ नेताओं को रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने शाल भेंट कर किया।

इस दौरान यह तय हुआ की सभी प्रकोष्ठों द्वारा दो माह के अंदर रालोद का पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, वह संगठन को मजबूत करने के लिए मेंबरशिप ड्राइव में हिस्सा लेकर नए लोगों को रालोद के साथ जोड़ा जाएगा।

खेलोगे-कूदोगे तब भी बनोगे नवाब : अनिल अग्रवाल

विशेष संवाददाता (vol)

- सेंट जोसेफ विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेंट जोसेफ कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन शुक्रवार को किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम, विजयंत खंड, गोमती नगर में हुआ। मुख्यमंत्री के समक्ष रुचिखंड शाखा के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति दी। इस आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

खेल दिवस के अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं भारतीय प्राचीन खेल जैसे पोशम पा, सिकड़ी, सतोलिया, कंचे, गिल्ली डंडा एवं पतंगबाजी आदि खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों हाउस – प्रॉस्पेरिटी, पंक्चुअलिटी, पीस और प्रोग्रेस - के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने टीम भावना, अनुशासन और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस न केवल खेलों के महत्व को याद दिलाता है, बल्कि हमें हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद के योगदान से प्रेरणा लेने का अवसर भी प्रदान करता है।

सैन्य उपकरणों पर निरंतर निर्भरता बनाये रखना अति आवश्यक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ स्थित सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के थिंक टैंक, स्ट्राइव इंडिया ने सूर्या ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, लखनऊ छावनी में ऑपरेशन सिंदूर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण चुनौतियां और भारत के लिए दिशा-निर्देशों में सुधार की आवश्यकता शीर्षक से एक महत्वपूर्ण संवादात्मक सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की रक्षा तैयारियों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रतिष्ठित सैन्य प्रमुख और विशेषज्ञ एकत्रित हुए।

लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुडा, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम उत्तरी कमान के पूर्व कमांडर और 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक के सूत्रधार ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए इसे एक बड़ी सफलता बताया जिसने एक आधुनिक सैन्य शक्ति के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान स्वदेशी रक्षा प्रणालियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रकाश डाला, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि जब तक भारत पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल नहीं कर लेता, तब तक उसे परिष्कृत, विश्व स्तर पर संगत हथियारों, मिसाइलों और अन्य सैन्य उपकरणों पर निरंतर निर्भरता बनाए रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने स्पष्ट किया कि 80 घंटे का यह ऑपरेशन कोई पूर्ण युद्ध नहीं था और भविष्य के संघर्ष जमीन, हवा और समुद्र तक फैले होंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर को भविष्य के युद्धों के लिए एक निश्चित खाका नहीं माना जाना चाहिए और इस बात पर जोर दिया कि थियेट्राइजेशन-सैन्य बलों का थिएटर कमांडों में एकीकरण की जरूरत अभी भी महत्वपूर्ण है। इस सत्र में सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। अपने समापन भाषण में, जनरल सेनगुप्ता ने श्रोताओं को आश्वस्त किया कि रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है और नाट्य-प्रदर्शन की अवधारणा पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, पीवीएसएम लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी और सीआरपीएफ के पूर्व महानिदेशक आनंद माहेश्वरी, जो टीम स्ट्राइव के सदस्य भी हैं, जैसे वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। तीनों सेनाओं के वरिष्ठ और वर्तमान अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भारत के रणनीतिक विकल्पों पर एक जीवंत चर्चा में भाग लिया। सत्र का समापन जनरल हुड्डा और जनरल सेनगुप्ता दोनों ने उपस्थित लोगों के साथ बातचीत के साथ किया, जिसमें उन्होंने भविष्य की चुनौतियों की तैयारी के लिए इस तरह के पेशेवर संवादों के महत्व पर जोर दिया।

खेल दिवस के मौके पर एरोबिक्स का आयोजन

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सामूहिक एरोबिक्स गतिविधि अभ्यास का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों में शारीरिक गतिविधि एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर इस वर्ष खेल दिवस पर सामूहिक एरोबिक्स अभ्यास कराया गया। एरोबिक्स सत्र से पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों एवं उनके देशभक्ति को बताते हुए उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अनुशासित रहते हुए कार्य करने की सलाह दी। इसके बाद महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. डीसी डीआर पांडेय ने भी सभी को निरंतर खेल गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। उदघाटन उद्बोधन के बाद विधिवत एरोबिक्स का सत्र का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी प्रो. कल्याणी द्विवेदी ने किया। इस सत्र में सभी प्रतिभागियों को ऐरोबिक्स की विभिन्न गतिविधियों को संगीत के साथ अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से एरोबिक्स के अभ्यास का लुत्फ उठाया एवं अपनी समस्याओं का निराकरण भी किया। इसके बाद सभी को स्ट्रेचिंग एवं कूल डाउन व्यायाम भी सिखाया गया।

नवयुग कन्या महाविद्यालय में हुआ खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एमएलसी अवनीश सिंह एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश क्रीड़ा भारती ने छात्राओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नबाबो के नबाब। सितारे की तरह चमकने के लिए पूरी मेहनत करनी होगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महाविद्यालय को कबड्डी मैट प्रदान किया जाएगा, ताकि छात्राएं इस खेल में और अधिक निखर कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। विशिष्ट अतिथि एपी सेन मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने की। उन्होंने कहा नवयुग की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। खेलों के माध्यम से वे आत्मविश्वास, नेतृत्व और अनुशासन की मिसाल बन रही हैं। इस दौरान उन्होंने वार्षिक खेल रिपोर्ट भी पेश की।

नवगठित छात्र परिषद का हुआ अलंकरण समारोह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में नवगठित छात्र परिषद का औपचारिक रूप से अलंकरण समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. बीना राय ने मुख्य अतिथि रेनू यादव, एसीजेएम, लखीमपुर खीरी सहित सभी आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में अलंकरण समारोह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि नेतृत्व, जिम्मेदारी और सेवा-भाव का उत्सव है। उन्होंने छात्राओं को निष्पक्ष, सहानुभूतिपूर्ण एवं समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

इसके बाद नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प लिया।

प्रो. सुमना वार्ष्णेय, डीन ऑफ स्टूडेंट्स ने परिषद को बधाई देते हुए उन्हें निष्ठा, ईमानदारी और करुणा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। नव-निर्वाचित छात्र परिषद की अध्यक्ष महिमा कश्यप ने अपने उद्बोधन में संस्था के आदर्शों को बनाए रखने और छात्र समुदाय की सेवा में तत्पर रहने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने मेहनती, समावेशी और सहृदय नेतृत्व का वचन दिया।

मुख्य अतिथि रेनू यादव ने अपने संबोधन में टीम वर्क, निरंतर परिश्रम और दृढ़ता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के तृतीय अध्याय कर्मयोग का संदर्भ देते हुए निस्वार्थ कर्तव्यपालन की गरिमा को रेखांकित किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को परंपराओं के निर्वहन से जोड़ते हुए कहा कि पुरानी रूढ़िवादी बेड़ियां जो आपका मार्ग अवरुद्ध करती है उन्हें तोड़ना होगा। अपनी राह स्वयं बनानी होगी, सफलता मंजिल नहीं रास्ता है जिस पर जीवन पर्यन्त चलना होगा। नेतृत्व को सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी संस्कृतियां और खेल : आधुनिक भारत में जनजातीय पहचान का संरक्षण नामक पुस्तक का विमोचन भी संपन्न हुआ, जिसका संपादन डॉ. मौलिश्री शुक्ला और डॉ. सरिता सिंह ने किया। अपर्णा पंत (सह-डीन ऑफ स्टूडेंट्स) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

साइबर स्लेवरी में जागरूकता ही है सबसे बड़ा हथियार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार को उ.प्र. राज्य महिला आयोग में साइबर क्राईम/ए.आई. विषयक एक कार्यशाला का आयोजन अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, चारू चौधरी, सदस्यगण उ.प्र. राज्य महिला आयोग एवं अरुण कुमार सहायक पुलिस आयुक्त, लखनऊ उ.प्र. द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

जागरुकता कार्यक्रम में अरुण कुमार द्वारा फिशिंग लिंक के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, विशिंग कॉल्स के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, ऑनलाइन बाजारों का उपयोग करके किये जाने वाले साइबर अपराध, एटीएम कार्ड स्किमिंग फ्रॉड, सिम स्वैपिंग या सिम क्लोनिंग के माध्यम से किये जाने वाले साइबर अपराध, सर्च इंजनों के माध्यम से क्रडेंशियल कॉम्प्रोमाइज कर किये जाने वाले साइबर अपराध, यूपीआई अकाउंट टेकओवर फ्रॉड, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, क्यू आर कोड स्कैम, ई-मेल द्वारा कारित अपराध, सेक्सटार्सन फ्रॉड (हनी ट्रैप), फर्जी वेबसाइट फ्रॉड, फर्जी तरीके से प्राप्त डाक्युमेन्ट द्वारा फ्रॉड लोन ले लेना, एम.एल.एम. स्कीम अथवा पिरामिड स्कीम फ्रॉड, फर्जी बैंक रिकवरी एजेन्ट धोखाधड़ी, सरकारी योजनओं के नाम पर फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग, बैंकिंग फ्रोड, कॉल स्पूफिंग, क्रेडिट कार्ड एक्टिवेशन फ्रॉड, मेलवेयर, कैशबैक ऑफर का प्रयोग कर ऑनलाइन फ्रॉड आदि योजनाओं के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आगामी जनसुनवाई/जागरूकता चौपाल के दौरान महिलाओं/बालिकाओं को सम्बन्धित उपरोक्त विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ दिये जाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उ.प्र. राज्य महिला आयोग के पदाधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मा. अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक में पूर्व में आयोग पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मिशन-शक्ति 4.0 के अन्तर्गत आयोजित महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में आयोग द्वारा विगत माह में किये गये विभिन्न कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से प्रदेश की महिलाओं को प्रभावी व त्वरित लाभ दिलाये जाने पर बल दिया गया।

पुनर्वास विवि में सजी बज्म-ए- फिराक महफिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग में शायर फिराक गोरखपुरी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बज्म-ए- फिराक महफिल का आगाज हुआ। इस बज्म का आगाज स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के सभागार कक्ष में किया गया। इसकी मेजबानी विभागाध्यक्ष प्रो.यशवंत कुमार वीरोदय एवं सारे हिंदी विभाग के सदस्य प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ ज्योति गौतम, डॉ सुधा मौर्य, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने किया। मेहमान-ए-खास इश्किया शायर सौरभ त्रिपाठी की शायरी से यह महफिल गुलजार हो गई। इसमें इश्क, हुस्न, आदमियत और नफासत की ऐसी गंगा जमुनी तहजीब प्रवाहित हुई, जिससे बज्म की रौनक रोशन हो उठी। यह बज्म अपने मुकाम पर पहुंचकर एक अलहदा शायरे जमाल और शायरे इंकलाब के सम्मान को पुरजोर अंदाज में बयां कर अपने अंजाम तक पहुंची। इसमें मौजूद अजीज फनकारों ने अपनी गजल, नज्म, शेर एवं शायरी से एक दिलचस्प समां बांध दिया।

पुरस्कार पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

विशेष संवाददाता (vol)

- खेलकूद प्रतियोगिता में मंत्री असीम अरुण ने वितरित किये पुरस्कार

लखनऊ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, विज्ञान फाउंडेशन सखी वन स्टॉप सेंटर, मिनिस्ट्री ऑफ वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिन शुक्रवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये।

द्वितीय दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद का नमन करते हुए किया गया। साथ ही प्रतिभागियों द्वारा योगा किया गया। मुख्य अतिथि ने किशोरियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि गरीब तबकों की लड़कियों को अधिक से अधिक छात्रवृत्ति और अन्य सहयोग दिए जायें ताकि लड़कियां आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि बच्चियों को इस तरह की गतिविधियों में आगे आते देख बहुत खुशी महसूस हो रही है। महाविद्यालय प्रबंधक उत्कर्ष अग्रवाल द्वारा अतिथियों का स्वागत और उत्साहवर्धन किया। खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान द्वितीय दिन कब्बडी, खो-खो व टग ऑफ वार के तीन फाइनल मैच खेले गए। सभी खेलों में किशोरियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरस्कार वितरण व धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

गुरु बृहस्पति आज बदलेंगे नक्षत्र

लखनऊ। वैदिक पंचांग के अनुसार, शनिवार 30 अगस्त को ललिता सप्तमी है। इस शुभ अवसर पर राधा रानी और उनकी प्रिय सखी ललिता जी की पूजा की जाती है। इसके अगले दिन राधा अष्टमी मनाई जाती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर श्रीराधा रानी का अवतरण हुआ था। ज्योतिषियों की मानें तो ललिता सप्तमी के दिन देवताओं के गुरु बृहस्पति देव नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। बृहस्पति देव की स्थिति बदलने से कई राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। इनमें दो राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है।



दो राशियों के लिए शुभ

वृषभ राशि

देवगुरु बृहस्पति की कृपा वृषभ राशि के जातकों पर बरसेगी। उनकी कृपा से पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। यश-सम्मान में भी बढ़ोतरी होगी। कारोबार से जुड़े लोगों को विशेष धन लाभ होगा। वहीं, सरकारी नौकरी करने वाले लोगों को भी कोई गुड न्यूज मिल सकती है।

धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे। किसी बड़े मंदिर में देव दर्शन के लिए जा सकते हैं। शत्रुओं पर विजयश्री मिल सकती है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। देवों के देव महादेव की पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होगी। इसके साथ ही सोमवार और शुक्रवार के दिन सफेद चीजों का दान करें।

कर्क राशि

देवगुरु बृहस्पति देव कर्क राशि में उच्च के होते हैं। इसके लिए कर्क राशि के जातकों को हमेशा शुभ फल देते हैं। देवगुरु बृहस्पति देव की कृपा कर्क राशि पर बरसती है। उनकी कृपा से कर्क राशि के जातक करियर और कारोबार सभी क्षेत्रों में बेहतर करते हैं। वर्तमान समय आपके लिए उत्तम है। गुरु के नक्षत्र परिवर्तन से कर्क राशि लाभान्वित होंगे। कारोबार संबंधी परेशानी दूर होगी। निवेश के लिए समय अनुकूल है। सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। कारोबार का विस्तार करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय के साथ व्यय भी होगा। ज्ञान अर्जन पर धन व्यय कर सकते हैं। जीवन में अनुशासन बनाएं रखें। अपने से सहयोग मिलेगा।

संक्षेप

सर्पदंश से महिला की मौत

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर मे बिती रात एक महिला का सर्पदंश से दर्दनाक मृत्यु हो गयी ।बताया गया है कि नंदनी देवी पत्नी राधेश्याम चौरसिया खाना बनाकर खाने के बाद सोने जा रही थी ।उसी समय सर्पने डस लिया ।घटना की सूचना परिजनों की दी ।थोडे ही देर मे बेहोश होकर गिर पडी परिजन आनन फानन मे सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये ।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महर्षि देवरहवाबाबा रेफर कर दिया ।उपचार के दौरान ही नंदनी देवी दम तोड दी ।मौत की सूचना पर घर मे कोहराम मच गया ।गाँव मे मातम छा गया ।परिजन रोने विलखने लगे ।अन्तिम संस्कार जंगली बाबा घाट पर छोटी गण्डक नदी के तट पर अन्तिम स्स्कार किया गया ।जहाँ मुखग्नि पति राधेश्याम चौरसिया ने दिया ।इसी बीच भटनी से एक सपेरे को बुला कर सर्प को पकड कर एक बडे डिब्बे मे बन्द कर दिया ।

खेलों में सफलता से बढ़ता है देश का सम्मानः अनिरुद्ध सिंह

जिला संवाददाता

देवरिया। खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं और अपने प्रदर्शन को और ऊंचा उठा कर देश को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने में खिलाड़ी भी अपना योगदान दें सकते हैं। उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के क्रीड़ांगन में भारत रत्न ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित खेल दिवस में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने कहा। उन्होंने अपने संबोधन में खेल और अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल को नियमों से संचालित किया जाता है और नियमों के अधीन रहते हुए अपने प्रदर्शन को विश्व स्तर पर ले जाकर देश का सम्मान बढ़ाया जा सकता है लेकिन इस सभी के पिछे अनुशासन और कड़ी मेहनत की शक्ति का समर्पण होना आवश्यक है। अनुशासन और प्रदर्शन में निरंतरता ही एक खिलाड़ी को महान बनाता है।

● विद्या मंदिर देवरिया में खेल दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न खेल,

अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक तत्व है ।खेल हमें प्रतिस्पर्धा का सामना करने और उसमें सफलता पाने की जिद पालने का गुण सिखाता है ।इसी क्रम में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित ने कहा कि खेल में प्रतिभाग करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि सफल होना ।जब हम प्रतिभाग करते हैं तो हमारे मन में कहीं न कहीं आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है और यह आत्मविश्वास जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने योग्य हमें बनाता है ।कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत रत्न ध्यानचंद जी के चित्र पर प्रधानाचार्य व उपप्रधानाचार्य जी द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई ।इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक डॉ.सुदर्शन ने भी संबोधित किया। मुख्य खेल प्रशिक्षक श्री रामबली प्रसाद व उनके सहयोगियों द्वारा कबड्डी, खो-खो,वालीबाल, फुटबॉल, कुश्ती के मुकाबलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने खेल के जौहर दिखाए। खिलाड़ियों से परिचय श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने प्राप्त किया। विजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र प्रजापति ने किया ।इस अवसर पर वरिष्ठ शारीरिक विभाग के आचार्य पाण्डेय जी, मीडिया प्रमुख मनोज कुंदन, आदि मौजूद रहे।

खेल दिवस पर विद्यालय में खेलों का आयोजन

देवरिया - हाकी के महान खिलाड़ी स्वर्गीय मेजर ध्यान चंद्र जी की जयंती विरासत तथा वैश्विक मंचों पर देश को अपनी उपलब्धियों से गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को स्मरण करने और उक्त से प्रेरणा ग्रहण करने का अवसर होता है . ।इस दिवस को स्वस्थ समावेशी और सक्रिय भारत के निर्माण करने की भावना के साथ मनाया गया. ।इस दिवस पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न खेलों खो -खो , कबड्डी, रस्साकसी, दौड़ ,लंबी कूद , ऊँची कूद तथा फ्रॉगजंप में भाग लिया . विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती इंद्रावती देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया . इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनिल आदि उपस्थित रहे।

प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर दी जान

ललितपुर। गुरूवार देर रात दैलवारा- ललितपुर सेक्शन के बीच दो शवों के क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने से हड़कम्प मच गया। ट्रेन चालक की सूचना पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। तदोपरान्त शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किये और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिले शव एक युवक व एक युवती का है।

इसलिए संभावनाएं जतायी जा रहीं हैं कि दोनों प्रेमी युगल रहे होंगे। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों के शिनाख्त के प्रयास किये, इसी दौरान पंचनामा भरने के दौरान पुलिस ने मृतकों के पास से आई कार्ड मिले, जिनसे उनकी पहचान पुख्ता हो सकी। बताया जा रहा है कि युवती का नाम बांदा के थाना अतर्रा अंतर्गत ग्राम गुमई निवासी शिवानी पुत्री गुलबदन एवं युवक का नाम मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत बकौरा निवासी आकाश रैकवार पुत्र संतोष के रूप में की गयी।

ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

देवरिया । मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन यंत्रों एवं अभिलेखों के संधारण की स्थिति का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए तैनात पुलिस बल को सतर्क एवं जिम्मेदारीपूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पिकअप वाहन से 12 गोवंशीय पशुओं सहित 4 गो-तस्करों गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बनकटा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर रामपुर बुजुर्ग चेकपोस्ट के पास से पिकप वाहन संख्या वढ60उळ5011 से कुल 12 गोवंशीय पशुओं (11 जीवित व 1 मृत) के साथ 4 गो-तस्करों महबूब आलम उर्फ समीर पुत्र साकिर अहमद मीरपुर मझौआ थाना रामपुर जनपद मऊ, रियाज खान उर्फ बिकाऊ पुत्र रजब अली, सेराज खान उर्फ रियाज पुत्र रजब अली बसारिखपुर थाना सिकंदरपुर जनपद बलिया व एक विधि विरूद्ध बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है।पुलिस टीम द्वारा बरामद वाहन व गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-105/2025 धारा 3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व धारा 61(2)ए बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त सेराज खान उर्फ रियाज बलिया जिले में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में व.उ.नि. जयप्रकाश दूबे, प्रमोद प्रजापति, विद्यासागर, संदीप निगम और पीआरडी सुभाष कुशवाहा शामिल रहे।

कंपोजिट विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 65 बच्चों की हुई जांच

कुशीनगर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्थानीय सीएचसी की स्वास्थ्य टीम ने विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय जोकवा खुर्द में पहुंचकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों को आवश्यक दवाइयां दी गईं और स्वास्थ्य से जुड़ा परामर्श भी प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य टीम का नेतृत्व डॉ. पवन बहादुर सिंह और डॉ. भूपेन्द्र सिंह कर रहे थे। टीम ने सुबह 10 बजे विद्यालय पहुंचकर कुल 65 विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें आंख, कान, दांत, त्वचा सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के पश्चात छह बच्चों को आगे के इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फाजिलनगर जाने की सलाह दी गई ।चिकित्सकों ने बच्चों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोगों की प्रारंभिक पहचान से बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें सीएचसी पर आगे के उपचार हेतु भेजा जाएगा ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कलमदानी सिंह, अलका वर्मा, मल्लिका राय, अंजना सिंह, हरेंद्र कुमार, सदरे आलम आदि शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेल दिवस पर बुद्धा पीजी में विविध क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

जिला संवाददाता

कुशीनगर। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस पर बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा व मेजर ध्यान चंद के चित्र पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने मेजर ध्यानचंद को महान खिलाड़ी बताया। खेलों में निरंतरता बनाए रखने का भी सलाह दिया। अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग के विभागा प्रभारी प्रोफेसर राम भूषण मिश्रा ने किया। शतरंज बालिकावर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितु चौहान, द्वितीय स्थान अपूर्व त्रिपाठी एवं तृतीय स्थान निधि कुमारी ने प्राप्त किया। इस प्रकार शतरंज बालक वर्ग में प्रथम स्थान रजत गुप्ता, द्वितीय स्थान आलोक कुशवाहा एवं तृतीय स्थान विराट कुमार ने प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल बालिका वर्ग में आशिया खातून प्रथम स्थान, अर्पिता गोंड द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान आंचल सिंह ने प्राप्त किया। बैडमिंटन डबल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशिया खातून, जीनत खातून ने एवं द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से अर्पिता गोंड, आंचल गोंड ने प्राप्त किया। बैडमिंटन एकल पुरूष वर्ग सौरभ कुमार ने प्रथम स्थान, चंदन कुशवाहा द्वितीय स्थान एवं आयूष त्रिपाठी ने तृतीय स्थान, बैडमिंटन मिक्स्ड में प्रथम स्थान सौरभ कुमार व आसिया खातून एवं द्वितीय स्थान चन्दन कुशवाहा व महक राव ने प्राप्त किया। संचालन महाविद्यालय के परास्नातक छात्र बासु प्रसाद गोंड ने किया। स्वागत उद्धबोधन क्रीड़ा विभाग प्रभारी राकेश कुमार सोनकर ने किया। प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी प्रोफेसर हरिशंकर पाण्डेय, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ गौरव त्रिपाठी, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ रीना मालवीय, विशेषता मिश्रा, सुभाष च्कृष्ण कुमार सिंह, घनश्याम, अमित तिवारी मौजूद रहे।

जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता सम्पन्न

देवरिया । हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दिवसीय 14 वर्षीय बालकों की जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि जिला ओलम्पिक संघ एवं जिला हॉकी संघ देवरिया के अध्यक्ष श्री संजय केडिया रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव अजय जायसवाल तथा हॉकी संघ के सचिव मोहम्मद अकरम सिद्दीकी ने बुके भेंटकर किया इस अवसर पर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि देवरिया के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता से पूर्व प्रातः 10 बजे बहुद्देशीय हाल में प्रदेश स्तर पर आयोजित ह्लफिट इंडिया शपथ ग्रहण समारोहह्व का लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसे जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्युष पाण्डेय ने खिलाड़ियों के साथ देखा तथा शपथ ग्रहण में भाग लिया। जयपुरिया स्कूल देवरिया के बच्चों ने हॉकी एवं अन्य खेलों के समान महत्व पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया।

जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

देवरिया । जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया विशेष रूप से कारागार के सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों की देखभाल, और उनकी सुविधाओं के बारे में था। उन्होंने कारागार में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया कि कैदियों की निगरानी मजबूत हो, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके इस दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में रहने वाले कैदियों की स्वास्थ्य सेवा और उनके भोजन व्यवस्था की भी जांच कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश ।पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने कारागार की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया और कहा कि सुरक्षा इंतजामों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए ।कारागार में लगे उउळश कैमरों का संचालन प्रभावी तरीके से करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।निरीक्षण के अंत में, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कारागार के अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें।इस दौरान मा0अपर जिला जज, अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), कारागार अधीक्षक सहित अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

डीएम ने की महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में उ०प्र० रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में कुल 22 304बी० एवं पाक्सो एक्ट के मामले समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिसमें समिति द्वारा 304बी0 के कुल 03 एवं पाक्सो एक्ट के कुल 03 मामले में क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है तथा पाक्सो एक्ट के कुल 10 मामलो को शासनादेश में निर्धारित मानको के अनुपालन में क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु अपात्र पाया गया तथा 06 मामलो में एफएसएल प्राप्त नहीं होने के कारण सम्बन्धित को एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिये गये है। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है कि पाक्सो एक्ट के मामलो में पीड़िताओ को मेडिकल जांच में सहयोग करें, ताकि उनकी वास्तविक स्थिति को देखते हुए पीड़िता को आर्थिक सहायता प्रदान किया जा सके। उक्त के कम में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, उ०प्र० मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टाप सेंटर, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं पर चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित को शासन द्वारा निर्गत निदेशी के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक, डीप्टी सीएमओ, संयुक्त निदेशक, अभियोजन, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, प्रभारी इस्पेक्टर रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति के सदस्य, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाईन, हब फॉर इम्पावरमेन्ट वूमेन, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, संरक्षण अधिकारी आदि बोर्ड के सदस्य सचिव/नोडल अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी ध्रुव चन्द्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जिला संवाददाता

देवरिया । कलेक्ट्रेट सभागार में आज विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद की अध्यक्षता में विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।बैठक में विद्यालय वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद ने कहा कि विद्यालय बसों में बच्चों को निर्धारित सीटिंग क्षमता के अनुसार ही बैठाया जाए, किसी भी हालत में ओवरलोडिंग न हो। सभी वाहन चालक व परिचालक निर्धारित वर्दी में रहें और विद्यालय प्रबंधन समय-समय पर अपने चालकों के साथ बैठक कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन अपनी बसों की सूची सार्वजनिक करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी वाहन को पार्ट टाइम ड्राइवर न चलाए। वैन में अतिरिक्त सीटें लगाने की प्रथा पर पूर्ण रोक हो ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालय प्रबंधक व प्राचार्य अपने-अपने विद्यालय वाहनों का फिटनेस कैंप में परीक्षण कराएँ और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वाहन में फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर एवं जीपीएस सिस्टम लगा हो। उन्होंने कहा कि सभी ड्राइवरों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराया जाए तथा बसों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में पार्किंग की उचित व्यवस्था हो और बसों के नियमित सर्विसिंग की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन स्वयं ले पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से विद्यालय वाहनों की चेकिंग की जाएगी और हेल्पलाइन नंबर जारी कर अभिभावकों से भी निगरानी में सहयोग करने की अपील की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभिभावकों से समय-समय पर फीडबैक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी और किसी भी विद्यालय द्वारा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महंत और मंत्री के विवादित जमीन की दोबारा हुई नाप, भारी पुलिस बल रही तैनात

देवरिया। शहर हनुमान मंदिर मंदिर की विवादित जमीन का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को जमीन की दोबारा नापी की गई। सुरक्षा को देखते हुए मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान कई राजस्व की टीमों ने विवादित जमीन की पैमाईस शुरू किया। आपको बता दे कि बीते दिनों हनुमान मंदिर के महंथ विवादित जमीन को मनोकामना हनुमान मंदिर की बताते हैं। तो वहीं राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और उनके पट्टीदार विवादित जमीन को अपना बताती हैं। इस मामले को लेकर कई बार राजस्व की टीमें पैमाइश कर चुकी है। लेकिन हर बार कोई ना कोई पक्ष असंतुष्ट हो जाता है। कुछ दिन पूर्व जब जिला प्रशासन विवादित जमीन की पैमाईस शुरू की तो विवादित जमीन हनुमान मंदिर के हिस्से में पाई गई। जिसके बाद राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा के बाद विवादित जमीन को जिला प्रशासन ने सील कर दिया। आज एक बार फिर भारी पुलिस बल और सदर एस डी एम श्रुति शर्मा के नेतृत्व में राजस्व की कई टीमों ने पैमाईस किया।

...आखिर सपा के कद्दावर नेता को कौन बचा रहा

कुशीनगर। धर्मांतरण और दुष्कर्म के मामले में सपा के उस कद्दावर नेता को कौन बचा रहा है ? जिसका नाम पीडिता ने गोपाल राय को दिये गये प्रार्थना पत्र मे जिक्र किया है। सूत्रो की माने तो पुलिस को दिये गये तहरीर मे भी सपा के उस कद्दावर नेता का नाम अंकित था किन्तु कोतवाली पुलिस ने तहरीर से सपा नेता का नाम डिलीट कराकर तेरह लोगो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करने का वाहवाही लूट रही है। सूत्रो के दावे कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है लेकिन चचाओं के बाजार में इस बात की चर्चा खूब है कि तहरीर से सपा नेता का नाम निकालने मे दो स्वजातीय पुलिस अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है। सवाल अभी भी सुरसा की तरह मुंह बाये खडी है कि पुलिस प्रशासन आरोपी दीवान को नही बक्शा तो फिर सपा नेता को बचाने मे इतनी दिलचस्पी क्यो दिखाई ?

धर्मांतरण और दुष्कर्म के मामले में पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र मे सपा के कद्दावर नेता के नाम का किया था जिक्र

काबिलेजिक्र है कि बीते दिनो जनपद के पडरौना नगर के निवासी अनामिका ने विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के मौजूदगी मे लखनऊ मीडिया के सामने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया था। मामला पीडिता के साथ दुष्कर्म और छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के मजार पर जबरिया धर्म परिवर्तन कराने का है। मामले की खुलासे के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। सूत्र बताते है कि पीडिता अनामिका ने अपने तहरीर में जिन लोगो पर आरोप मढे थे पुलिस ने अक्षरसः तहरीर के मुताबिक एफआईआर में नाम दर्ज कर लिया, यहा तक कि तमकुहीराज थाने पर तैनात दीवान इम्तियाज के विरुद्ध भी तमाम गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखने से कोतवाली पुलिस तनिक भी परहेज नही की, किन्तु इस दरम्यान पीडिता के प्रार्थना पत्र मे अंकित सपा के कद्दावर नेता का नाम तहरीर से बाहर निकाल दिया। इसका एक जीता-जागता प्रमाण पीडिता द्वारा गोपाल राय को दिये गये प्रार्थना पत्र है जिसमे पीडीता ने उस सपा नेता का नाम उल्लेख करते हुए रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के मालिक आलमगीर का दोस्त बताया है और कहा है कि जब वह आलमगीर के घर पर थी तो एक दिन उस घर की मालकिन कही बाहर गयी थी घर पर सिर्फ वह और आलमगीर थे तभी आलमगीर के मित्र एवं रेडहिल के मैनेजर रितेश मिश्रा घर पर आये और तीनो मिलकर उसके साथ गैंग रेप किया। पीडिता ने रेडहिल के मालिक आलमगीर के जिस मित्र का नाम, पिता का नाम व पता का उल्लेख किया है वह कोई और नही बल्कि समाजवादी पार्टी के एक कद्दावर नेता है। हालाकि इस कद्दावर नेता के चरित्र पर आज तक कभी कोई अंगुली नही उठा है और न ही कभी इनका चारित्रिक दोष से संबंधित कोई मामला सामने आया है। पीडिता ने इस कद्दावर नेता का नाम अपने तहरीर में क्यो जिक्र किया है अपने आप मे सवाल है। लेकिन सवाल यह भी उठता है कि किसके दबाब में पुलिस ने पीडिता के प्रार्थना पत्र से सपा नेता का नाम निकालकर बाकी सभी आरोपियों के खिलाफ अक्षरसः तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर अपनी होशियारी पर अपना पीठ थपथपा रही है।

थ्री स्टार वाले हुक्मरान का खेल

सूत्रो की माने तो जब पीडिता के तहरीर में एक थ्री स्टार अधिकारी ने सपा के कद्दावर नेता का नाम देखा तो वह सपा नेता को बचाने के लिए ताना-बाना बुनना शुरू कर दिए। इसके बाद वह थ्री स्टार पुलिस अधिकारी अपने स्वजातीय एक वरिष्ठ अधिकारी मे मिलकर आरोपी नेता को बचाने के लिए बुने गये ताना-बाना को अमलीजामा पहनाने में जुट गये। सूत्रो का कहना है कि नेताजी को बचाने के लिए इन स्वजातीय पुलिस अधिकारियों ने उनमे मोटी रकम की वसूले भी है। हालाकि इस बात मे कितनी सच्चाई है मीडिया इसकी पुष्टि नही करती है लेकिन इस बात में कितनी सच्चाई है इसकी निष्पक्ष जांच की पैरवी जरूर करती है। मजे की बात यह है कि थ्री स्टार अधिकारियों द्वारा बुना गया ताना-बाना की भनक जिले के पुलिस कप्तान को भी नही लगी। यही वजह है कि यह पुलिस अधिकारी अपने मंसूबे मे कामयाब रहे।

प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी की भाजपाइयों ने निन्दा की

जिला संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं सभी वर्गों के हित हेतु संचालित हैं। इस नाते प्रधानमंत्री मोदी को सर्व समाज का अपार स्नेह प्राप्त है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित हो, इसके लिए सतत प्रयास होना चाहिए।

उक्त बातें क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन ने आगामी 31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा के जिला कार्यालय पर आहूत बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का यह एपिसोड होगी।

पार्टी नेतृत्व की मंशा के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर सुना जाना है। इसके लिए मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ इकाई को सक्रिय करने की उन्होंने जरूरत बताई। पदाधिकारीयों ने गुरुवार को बिहार के दरभंगा में कांग्रेस की जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी मां को अपशब्द बोलने पर निंदा की और इसे अमर्यादित और शर्मनाक बताया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान अब गाली की दुकान बन चुकी है। दरभंगा में महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री मोदी को अपशब्द कहना यही उनकी असली मानसिकता दिखाता है।

जनता के सामने अपनी गिरती साख और असफलताओं को छुपाने के लिए ये नेता अब सीधे-सीधे गालियों पर उतर आए हैं। यह गाली वाली भाषा भारत और भारतीयता की भाषा नहीं हो सकती ।ऐसी बातों को न तो बिहार बर्दाश्त करेगा,न ही देश बर्दाश्त करेगा। इस अवसर पर सुदर्शन पाल, डॉ विनोद भारती, विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता, अतुल श्रीवास्तव, बाबू नन्दन सिंह, विश्वरंजन कुमार आनन्द, नमो नारायण मौर्य, कार्यालय व्यवस्था प्रमुख भीखम प्रसाद उपस्थित थे।

बरहज निवासी अपर नगर मजिस्ट्रेट की दुर्घटना में मौत से नगर में शोक

बरहज,देवरिया। मूल रूप से बरहज नगर पालिका क्षेत्र के निवासी और वर्तमान में आगरा में अपर नगर मजिस्ट्रेट (एसीएम) पद पर तैनात राजेश जायसवाल का शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। इस घटना से प्रशासनिक अमले में शोक की लहर दौड़ गई है। बरहज नगर में जानकारी होते ही शोक की लहर दौड़ गई ।बरहज के रहने वाले एसीएम राजेश जायसवाल लखनऊ से अपनी निजी चार पहिया वाहन से आगरा लौट रहे थे। रास्ते में 77+200 माइलस्टोन के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके असामयिक निधन की खबर सुनते ही न केवल परिजन व क्षेत्रवासी, प्रशासनिक अमला शोकाकुल हो गया। बरहज नगर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, श्याम सुंदर जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, अजीत जायसवाल, संजय बरनवाल, दिलीप जायसवाल, नथुनी मद्धेशिया ने शोक व्यक्त किया है।

संक्षेप

आठ बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया

उन्नाव। सहायक श्रमायुक्त एस०एन० नागेश ने बताया है कि आज निलेश कुमार दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं कृष्ण शंकर अवस्थी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, उन्नाव द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर होटल, रेस्टोरेन्ट, ढ़ाबा एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों/दुकानों में 06 प्रतिष्ठानों का बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत निरीक्षण करते हुए 08 बाल एवं किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। उल्लंघनकर्ता सेवायोजकों के विरूद्व स्पष्ट रूप से निरीक्षण टिप्पणी जारी की गयी, जिसपर नियमानुसार विधिक कार्यवाही अपनायी जायेगी। जनपद में संचालित समस्त प्रतिष्ठानों/दुकानों के सेवायोजकों से अपील है कि जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

खेत में मिला शव

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र के भरौना गांव में शुक्रवार सुबह एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी महेश (45 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक महेश 27 अगस्त को घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के पूर्व दिशा में दुबघटी तालाब के पास स्रोत गांव निवासी कमलेश के खेत में मिला। थाना प्रभारी अरविंद कुमार कटिया ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और अक्सर घर से चला जाता था तथा कुछ समय बाद वापस आ जाता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घर से विद्यालय के लिए निकले चार बच्चे, सकुशल बरामद

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में अध्ययनरत सिरसोती व बीजपुर निवासी चार बच्चों के शुक्रवार को लापता होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा गुमशुदगी की सूचना पर पुलिस की मुस्तैदी से चारों गुमशुदा बच्चों को वाराणसी कैंट स्टेशन से जीआरपी (रेलवे पुलिस) की मदद से सकुशल बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने वाले चार छात्र गुरुवार की सुबह घर से विद्यालय के लिए निकले पर वे विद्यालय गए ही नहीं बल्कि वे वाराणसी चले गए विद्यालय से छुट्टी के बाद जब चारों अपने-अपने घर नहीं पहुंचे तो उनके परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। एक-एक कड़ी जुड़ते हुए पता चला कि चार छात्र एक साथ लापता है जिनमें एक सिरसोती ग्राम पंचायत व तीन बीजपुर ग्राम पंचायत के निवासी हैं। परेशान होकर परिजनों ने स्थानीय थाने में गुमशुदगी की सूचना दिया सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने छानबीन शुरू किया तो उनकी लोकेशन वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन पर मिली बीजपुर पुलिस ने तत्काल जीआरपी (रेलवे पुलिस) कैंट से संपर्क कर बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों की सकुशल बरामदगी से परिजनों ने राहत की सांस लिया इस संबंध में पुलिस प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि परिजनों के डांट फटकार से क्षुब्ध होकर चारों किशोर विद्यालय ना जाकर वाराणसी रवाना हो गए थे लोकेशन के आधार पर कैंट जीआरपी के सहयोग से चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया है।

नवोदय विद्यालय बहुआर में दिये वाटर कूलर

सोनभद्र। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्कस ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की है। इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा निर्देशन और मानव संसाधन प्रमुख संजीव जवाहर राजपूत के मार्गदर्शन में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहुआर राबर्ट्सगंज में 150 लीटर के वाटर कूलर का सहयोग प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडमिन प्रमुख बन्ने सिंह राठौड़ उपस्थित थे जिन्होंने अपने संबोधन में बताया कि इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को शीतल और साफ पेयजल प्रदान करना है, जिससे उनके स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन में सुधार हो सके। इस पहल से विद्यालय के बच्चों को शीतल पेयजल मिलेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही, यह पहल बच्चों को अपने शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगी।

आदमखोर जानवर ने बनाया किसान को निवाला

जिला संवाददाता(vol)

- ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी
- मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक प्रशासन भी रहा मौजूद

महोली/सीतापुर नरनी गांव के रहने वाले विगत दिनों कुछ दिन पूर्व सौरभ की मौत बाघ के खाने से हो गयी थी। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगो में बाघ का आतंक बना हुआ है। आमजनमानस खौफ के माहौल में जीने को दूभर हैं। बाघ के खौफ से जनता अभी उबर नही पाई थी कि तहसील महोली के बसारा गांव में एक युवक जंगली जानवर का शिकार हो गया है। जानकारी के अनुसार बसारा के रहने वाले किसान राकेश वर्मा दोपहर के बाद खेतो में घास काटने के लिए गए थे काफी समय बाद जब वापस घर नही लौटे तो परिजनों को चिंता होने लगी। जिसके बाद परिजन गांव के कुछ लोगो के साथ राकेश की खोज करने के लिए खेत पहुँचे तो देखा राकेश का शव खून से लथपथ खेत मे पड़ा हुआ है जिसके बाद ग्रामीणों ने जंगली जानवर को देखा। डर कर ग्रामीणों द्वारा शोर मचाया जाने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये ग्रामीणों के अनुसार बाघ के द्वारा युवक को खाया जाने की पुष्टि की जा रही है। लेकिन वन विभाग अभी तक बाघ को मानने से इंकार कर रहा है लोगो मे वन विभाग के प्रति नारेबाजी करते हुए आक्रोश को प्रकट किया गया खबर लिखे जाने तक शव का परिजनों ने पोस्टमार्टम हेतु प्रशासन के शुपुर्द नही किया।

सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनायी दुकानें

जिला संवाददाता(vol)

खैराबाद (सीतापुर)। कस्बे खैराबाद में सरकारी जमीन पर कब्जा कर दुकानें बनाने का मामला सामने आने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आरोप है कि मोहल्ला तुर्क पट्टी, डॉ. जमीर के निकट और बिसवा रोड स्थित शहीद लाला हरिप्रसाद स्मारक के पास मुस्तकीम अंसारी ने नजूल एवं ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा जमा लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंसारी ने न केवल कब्जा किया, बल्कि दुकानों को किराए पर भी चढ़ा दिया। नगर पालिका ने 19 मई 2023 को निर्माण रोकने का नोटिस जारी किया था, साथ ही कोर्ट से भी रोक का आदेश आया था, लेकिन आरोपित ने किसी आदेश की परवाह किए बिना निर्माण कार्य पूरा कर लिया। जब इस मामले में नगर पालिका खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा– मुझे इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं दी गई थी। अब जानकारी मिली है, तो जल्द कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तत्कालीन ईओ वैभव त्रिपाठी के समय ही नोटिस जारी हुआ था, लेकिन बाद में कार्रवाई रोक दी गई। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर किस दबाव में यह कदम उठाया गया। पूर्व सभासद जुबेर अंसारी ने बताया कि यह जमीन खतौनी में ऊसर दर्ज है, जिसमें कुछहिस्सा ग्राम समाज, कुछ नगर पालिका और कुछ पीडब्ल्यूडी का है।

सूचना पाकर मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक ने परिजनों को सांत्वना दी व वन विभाग को लगातार क्षेत्र में गश्त करने के लिए निर्देशित किया। पूर्व विधायक महोली अनूप ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि वन प्रशासन लाचार हैं लगातार क्षेत्र में घटनाये हो रही हैं वन विभाग केवल पदचिन्हों की खोज कर रहा है। मौके पर उपजिलाधिकारी महोली,क्षेत्राधिकारी महोली सहित भारी संख्या में फोर्स मौजूद रहा।

दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों का किया उत्साह वर्द्धन

बीघापुर, उन्नाव। पड़ोसी जिला रायबरेली श्रीनमेदिश्वर इंटर कॉलेज रामबाग टिकुवापुर गहरौली में शुक्रवार को विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल कार्यक्रम मुख्य अतिथि पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का ब्लाक प्रमुख हरचंदपुर पीयूष प्रताप सिंह व कमेटी अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के द्वारा ने माल्यार्पण कर व गदा भेंटकरके अंगवस्त्र भेंटकर, प्रतीक चिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत किया। दंगल कार्यक्रम मे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा मुझे खुशी है की ग्रामीण अंचलो मे होने वाले ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाये निखरती है हमारे यहाँ प्रतिभाओ की कमी नहीं है बस प्रतिभाओ को निखारना है जो भी नवयुवक तैयारी कर रहा है अगर उनके पास संसाधनों की कोई कमी आती है तो पुष्प फाउंडेशन सदैव आपकी मदद के लिये तत्पर रहेगा। दंगल कार्यक्रम मे खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ आल्हा गायन घोड़ा दौड़ की भी प्रतियोगिता हुई। सर्वप्रथम 3 किलोमीटर की दौड़ उसके बाद लंबी कूद प्रतियोगिता, गोला फेंक प्रतियोगिता, डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता, आल्हा गायन, घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता, कुश्ती की प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुई। प्रतियोगी खिलाड़ियों पहलवानों ने अपनी शारीरिक दक्षता व कुश्ती कला का दमखम दिखाया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मुन्ना सिंह बक्सर, मानवेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह, शेरू सिंह, प्रखर सिंह, पंकज सिंह प्रधान, दीपक सिंह, उपेंद्र सिंह ऊर्फ रोहित सिंह, रवि पासवान, योगेंद्र पाल, आशीष सिंह, सहित हजारों लोगों की भारी भीड़ उपस्थित रही।

लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन रवाना

उन्नाव। आगामी 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय द्वारा न्यायालय परिसर से प्रचार वाहन रवाना किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, के निदेशों के अनुपालन में 13 सितम्बर को सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनील कुमार वर्मा द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम ने बताया कि उक्त प्रचार वाहन जनपद न्यायालय परिसर से बड़ा चैराहा होते हुए, शहर के प्रमुख मार्गो से होकर सार्वजनिक स्थलों से होते हुए तहसीलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा तक जाकर होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्र, बार एसोसिएशन महामंत्री अनुज कुमार बाजपेयी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पुलिसकर्मी, पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का संकल्प पत्र बीएसए को सौंपा

सीतापुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश, जनपद सीतापुर की कार्यकारिणी ने जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता की अगुवाई में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह से मुलाकात की और हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र सौंपा। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह ने बताया कि यह संकल्प पत्र जनपद के सभी 3511 विद्यालयों में 1 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए विमोचित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज में विद्यालयों के महत्व और गौरव को उजागर करना है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, ब्लॉक उपाध्यक्ष विवेक तिवारी, जिला लेखा परीक्षक आशीष सिंह चंदेल, जिला कार्यालय प्रमुख नीरज गौतम, जिला सह संयोजक मनीष शाक्य और सह संयोजिका बीना पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

करियर प्वाइंट पब्लिक स्कूल पर पहुंची शिक्षा विभाग की टीम, की कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के एक सिनेमा हॉल के सामने स्थित करियर प्वाइंट पब्लिक स्कूल पर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। स्कूल के बिना मान्यता के संचालित होने की शिकायत पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा। इस दौरान बिना मान्यता के चल रहे कक्षाओं को सील कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, स्कूल को पहले भी मान्यता के लिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन संचालकों ने इसे अनसुना कर दिया। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान स्कूल में पढ़ाई का कार्य चल रहा था, जिसे तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बिना मान्यता के स्कूल संचालन शिक्षा नियमों का उल्लंघन है और इसकी जांच आगे भी जारी रहेगी। संचालकों को नियमों का पालन करने और मान्यता प्राप्त करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य अवैध रूप से चल रहे स्कूलों में भी हड़कंप मच गया है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को केवल मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही दाखिला दिलाएं, ताकि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

विद्युत मजदूर संघ ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ, भारतीय मजदूर संघ और अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के आह्वान पर आंदोलन के तहत विद्युत क्षेत्र की समस्याओं और मांगों को लेकर एक ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि इस आंदोलन का उद्देश्य विद्युत क्षेत्र में कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा ऊर्जा निगमों में व्याप्त समस्याओं का समाधान करना है। मांग किया कि निजीकरण का प्रस्ताव (पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव को जनहित, बिजली उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल वापस लिया जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का पुनर्गठन 25

जनवरी 2000 के समझौते के अनुरूप, ऊर्जा निगमों का एकीकरण कर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद का पुनर्गठन किया जाए। पुरानी पेंशन योजना की बहालीः 14 जनवरी 2000 के बाद सेवा में आए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। रियायती बिजली सुविधा पर रोक समाप्त कर बिजली कर्मचारियों को मिलने वाली रियायती बिजली सुविधा पर मीटर लगाने के आदेश तत्काल वापस लिए जाएं, जो त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। इस अवसर पर पूल चन्द्र भारती, रंजन यादव, पवन कुमार, प्रणव सिंह, कुलदीप यादव, ऋषि श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव, पीयूष सिंह, विनोद यादव, आशीष यादव, उमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

आत्मविश्वास के लिए खेल जरूरी: कुलपति

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन के अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। जिस प्रकार खिलाड़ी मैदान में संघर्ष कर विजय प्राप्त करते हैं, उसी प्रकार हमें जीवन की चुनौतियों का सामना साहस और संयम के साथ करना चाहिए। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है, और खेल इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद की स्मृति में यह आयोजन हमें खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संदेश देता है। इसके बाद सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश सिंह ने किया। आयोजन में उप कुल सचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव मुस्ताक अहमद एवं सरला यादव, सिकंदर एवं पंधारी यादव सहित कोच विजय प्रकाश व अलका उपस्थित रहे।

एनटीपीसी सिंगरौली में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

सोनभद्र। भारत सरकार की खेल भावना को प्रोत्साहित करने की योजना को साकार करते हुए एनटीपीसी सिंगरौली में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती की स्मृति में मनाया जाता है, और इसका उद्देश्य कर्मचारियों के बीच फिटनेस व खेल भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:00 बजे राष्ट्रीय खेल दिवस शपथ ग्रहण के साथ हुई, जिसके बाद शक्तिनगर टाउनशिप स्थित अंबेडकर भवन से एक उत्साहपूर्ण वॉकथॉन आयोजित किया गया। इन आयोजनों में कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो एनटीपीसी की स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्य महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) जोसफ बास्टियन ने इस अवसर पर कहा राष्ट्रीय खेल दिवस हमें न केवल मेजर ध्यानचंद जैसे महान खिलाड़ियों को स्मरण करने का अवसर देता है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि खेल और फिटनेस हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा होने चाहिए।

नाइट्रोजनधारी उर्वरक के अधिक प्रयोग से होता है ब्लू आय सिंड्रोम

उन्नाव। अपर जिला कृषि अधिकारी अनुराग कुमार ने बताया है कि वर्तमान समय में अधिक मात्रा में फसलों में प्रयोग किये जा रहे रासायनिक उर्वरकों के परिणामस्वरूप मिट्टी, हवा, पानी, मानव स्वास्थ्य, पौधों के स्वास्थ्य, जैव विविधता पर विपरीत प्रभाव पड रहा है। अत्याधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से निम्नलिखित दुष्प्रभाव पड रहे हैं-नाइट्रोजन धारी उर्वरकों की फसल उत्पादन सीमित करने में अधिक भूमिका है। उपयोग की गयी 60 प्रतिशत नाइट्रोजन भूमि में जमा हो जाती है, जो लीचिंग या डीनाइट्रिफिकेशन द्वारा वातावरण में चली जाती है, जिसका पौधे उपयोग नहीं कर पाते है। अधिक मात्रा में यूरिया/नाइट्रोजन धारी उर्वरकों के प्रयोग से पानी और भोजन में नाइट्रेट आयॅन की अधिकता के कारण शिशुओं में मिथमोग्लोबिनीमियाँ होने की संभावना अधिक रहती है। अधिक मात्रा में नत्रजनधारी उर्वरकों के प्रयोग से मनुष्यों के साथ ही साथ पशुओं में भी कैंसर पैदा करने वाले पदार्थो का निर्माण करता है। अधिक मात्रा में नत्रजनधारी उर्वरकों के प्रयोग से फसलों में रोग एवं कीटों के लगने की संभावना अधिक बढ जाती है। अधिक मात्रा में फसलों में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूजल एवं सतही जल दोनो प्रदूषित हो रहे हैं। पीने के पानी में नाइट्रेट एक स्वास्थ्य समस्या माना जाता है। नाइट्रेट शरीर में नाइट्राइट में परिवर्तित होकर हिमोग्लोबीन का आक्सीकरण करता है, जिससे रक्त आक्सीजन का परिवहन करने में असमर्थ हो जाता है। नाइट्रोजनधारी उर्वरको के अधिक प्रयोग से नाइट्राइट द्वारा 6 महीनो तक के बच्चों मे ब्लू आय सिंड्रोम हो जाता है। किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि मिट्टी की जाँच कराकर संस्तुत मात्रा के अनुसार रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग विभाजित खुराक (स्पिलिट डोज) के रूप में करें, साथ ही साथ फसल अवशेषों का पुनःचक्र करें, तथा हरी खाद के रूप में ढैंचा, सनई, उर्द, मूंग की फसलों का प्रयोग करें, तथा फसलचक्र को अवश्य अपनायें।

किसानों की अनदेखी भाजपा के लिए भविष्य की चुनौती : किसान मंच

सीतापुर। किसानों की उपेक्षा और शोषण के विरोध में शुक्रवार को किसान मंच के नेतृत्व में सांकेतिक धरना दिया गया। धरना स्थल पर एकत्र किसानों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी सीतापुर को ज्ञापन भी सौंपा। किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने धरना स्थल पर कहा कि भाजपा सरकार ने अब तक किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रही है, जबकि कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या करने के लिए विवश हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इसकी कीमत भाजपा को भविष्य में चुकानी पड़ेगी। किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ ने कहा कि मुख्यमंत्री गौमाता की सेवा का दिखावा करते हैं, जबकि गौशालाओं की दुर्दशा और आवारा पशुओं की समस्या से किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जर्जर विद्युत व्यवस्था और बार-बार बिजली कटने से किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। सांकेतिक धरने में रामकुमार मिश्र, सुखेंद्र सिंह, अनुराग सिंह, कामता पाल, ज्ञानेंद्र चौधरी, अंकित कुमार, सुमन, रजनी, पार्वती, सुनीता, तिलक राम, काजल, अली मोहम्मद, जय प्रकाश सिंह और राजेश वर्मा सहित अनेक किसान शामिल रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीतापुर में हॉकी प्रतियोगिता, स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम बनी विजेता

सीतापुर। हॉकी के जादूगर दादा ध्यानचंद के जन्मदिवस एवं राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय, सीतापुर की ओर से तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से हुई। पहले दिन आयोजित हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्य मंत्री (नगर विकास) राकेश राठौर गुरु ने किया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिलाई गई फिट इंडिया शपथ का सामूहिक संकल्प दिलाया फाइनल मुकाबला ओएनजीसी कम्युनिटी स्कूल सीतापुर और स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम के बीच खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (कारागार) सुरेश राही ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया तथा खिलाड़ियों को आशीर्वचन दिए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मयंक आनंद, रवि सिंह, उदय सिंह, मनीष पाल, बृजेश कुमार वर्मा, धर्मवीर, पीयूष यादव व विवेक सिंह शामिल रहे। इस मौके पर राज शर्मा, वसीम अहमद सहित जिला खेल कार्यालय के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

मानक विहीन निर्माण से धंसने लगा इंटरलॉकिंग मार्ग, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

सकरन (सीतापुर)। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत मानपुर सिकरी के मजरा बेदौरा में क्षेत्र पंचायत निधि से करीब दस लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग मार्ग की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारों द्वारा मानक की अनदेखी कर पुरानी ईंटों और बालू से निर्माण कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, सोहन के घर से रामकिशुन के घर तक इंटरलॉकिंग मार्ग का कार्य 4 अगस्त से शुरू हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी ने पुरानी पीली ईंटों का इस्तेमाल किया गया है। वहीं, नीचे नाम मात्र रोड़ा डालने के बजाय तोड़ी गई पुरानी ईंटों के टुकड़े बिछाए गए और उसके ऊपर केवल बालू डालकर इंटरलॉकिंग कराई गई। नतीजतन मार्ग बनने से पहले ही धंसने लगा है और एजेंसी ट्रैक्टर गिरने लगी है। ग्रामीण वीरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, प्यारेलाल आदि ने विभागीय अधिकारियों से जांच कराते हुए भुगतान रोके जाने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता सुभाष वर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

खैराबाद में तीन सड़कों का लोकार्पण नागरिकों को मिली आवागमन की सुविधा

खैराबाद (सीतापुर)। नगर पालिका परिषद खैराबाद के गढ़ीदरवाजा से स्टेशन रोड तक 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित तीन सड़कों का लोकार्पण सोमवार को नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू जी ने किया। लोकार्पित सड़कें पहले जर्जर स्थिति में थीं और नागरिकों के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न कर रही थीं। अब इन सड़कों के निर्माण के बाद खैराबाद स्टेशन से कस्बा तक लोगों का आवागमन सुगमता से संभव होगा। लोकार्पण समारोह में समाजसेवी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बब्लू भैया, अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, अवर अभियंता राघवेन्द्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष निरंकार गुप्ता, वार्ड सभासद एवं नगर के अन्य सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम हुआ है बल्कि नगर की सौंदर्यवृद्धि और सुरक्षा में भी सुधार हुआ है।

सीतापुर संकुल के 13 विद्यालयों ने खेल में दिखाई अपनी प्रतिभा

सीतापुर। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नैपालापुर में शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीतापुर संकुल के 13 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा ने किया प्रधानाचार्य (सरस्वती विद्या मंदिर, हरदोई) विनोद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ओलंपिक का आदर्श वाक्य प्रतिभाग करना महत्त्वपूर्ण है, न कि केवल परिणाम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। प्रधानाचार्य रामनिवास सिंह ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत कर अतिथियों का परिचय कराया। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 600, 800 और 1500 मीटर दौड़, भाला फेंक, चक्का फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित कई इवेंट आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष सुभाषचंद्र अग्निहोत्री, प्रबंधक श्रीराम रस्तोगी, संकुल के प्रधानाचार्य और आचार्य/आचार्या उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में अरविंद मोहन श्रीवास्तव, श्रीमती लौंग श्री यादव, प्रमोद दीक्षित, संतोष कनौजिया, देशदीपक विद्यालय के शारीरिक आचार्य मायतेन्द्र कुमारी, हरिओम त्रिवेदी सहित अन्य शिक्षकों ने भूमिका निभाई।

साप्ताहिक परेड की सलामी ली, अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली और अनुशासन व पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे महिला आरक्षियों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि ह्रअनुशासन पुलिस का मूल आधार है, जनता से संवाद में विनम्रता और कार्य में तत्परता बनाए रखें निरीक्षण के दौरान एसपी ने डायल 112 कंट्रोल रूम, हथियारगार, जीडी कार्यालय व बैरकों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अर्दली रूम में लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा—ह्रजनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, अनुशासन, पारदर्शिता और प्रोफेशनलिज्म ही हमारी पहचान है।

सहयोग संस्था ने शहवाजनगर में किया पौधरोपण

शाहजहाँपुर। जनपद की चर्चित सहयोग संस्था के पदाधिकारियो ने ग्राम पंचायत शहवाजनगर स्थित रोमी आनंद जी के फार्म हाउस पर पहुँचकर रेलवे पटरी के किनारे किनारे 300 पौधे रोपित किये। फार्म हाउस पर पहुँचे सभी पदाधिकारियो का रोमी आनंद ने स्वागत किया, और कहा कि इस समय जनपद में सबसे ज्यादा काम करने वाली संस्था सहयोग संस्था है। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता एवं महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि हमारी संस्था ने इस वर्ष में 6000 पौधे लगाने का संकल्प लिया था, जो कि अब पूरा होने वाला ही है। और पौधारोपण के साथ-साथ हमारी संस्था जनहित के सभी कार्यो को कर रही है और हमारी पूरी कोशिश है की ज्यादा से ज्यादा लोग हमारी संस्था से जुड़े जिससे कि हम पूर जनपद वासियों की सेवा कर पाए। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान एवं शाहनवाज खा एडवोकेट, महेंद्र दुबे, सरदार हरजीत सिंह, अमर दीप सिंह, लुबना जिया, शिवम वर्मा, संगीता गुप्ता, प्रीती आनंद, राहुल आनंद, ममता यादव, राशु, मानस, अभिषेक गुप्ता, अतुल गुप्ता, सुधीर, शबाब आदि सभी शामिल रहे।

संक्षेप

पीठाधीश्वर का जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

ललितपुर। श्रीमद जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रणिठाधीश्वर एवं मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास देवाचार्यजी महाराज का जन्मोत्सव नगर के श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर में बड़े श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ, हवन एवं पूजन का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान चाण्डीपीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्देश्वर गिरि महाराज एवं महंत रामलखन दास महाराज ने संयुक्त रूप से महाराज जी के चित्र पर पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण किया। सनातन परम्परा के अनुसार श्री नृसिंह भगवान के सम्मुख दीप प्रज्वलन भी किया गया। जन्मोत्सव पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदीप चैबे, रामेश्वर सडै?ा, भगवत नारायण वाजपेयी, विलास पटैरिया, बी.के. सरदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। साथ ही रिक्रूट आरक्षियों का अनुशासन, ड्रिल, शारीरिक क्षमता, वर्दी आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एसपी ने मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियां इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यू.पी.-112 के पीआरवी वाहनों को चेक कर पीआरवी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वर्दी, अनुशासन व जनता के प्रति शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना एवं कॉल रिस्पांस टाइम कम से कम करने हेतु निर्देशित किया गया है।

आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।

डिजिटल पुस्तकालय नगर पालिका और नगर पंचायतों में होंगे स्थापित: एडीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश अनुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की समस्त नगर निकायों में छात्र/छात्राओं एवं आम जनमानस में पठन-पाठन की रूचि विकसित किये जाने के उद्देश्य से स्थापित डिजिटल पुस्तकालयों का संचालन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने बताया कि उक्त क्रम में जनपद की नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत 09 स्थायी तथा 07 अस्थायी पुस्तकालय संचालित हैं। उक्त के अनुक्रम में नगर पालिका परिषद बिजनौर, धामपुर, स्योहारा, शेरकोट, अफजलगढ, नजीबाबाद, नूरपुर, चांदपुर व नगर पंचायत सहसपुर, झालू, साहनपुर एवं जलालाबाद द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत पुस्तकालय संचालित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि निकायों द्वारा संचालित इन पुस्तकालयों में जनसामान्य एवं छात्र छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत पुस्तकालयों में समुचित फर्नीचर, पेयजल, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, वाईफाई व दैनिक समाचार पत्र, प्रतियोगात्मक, साहित्यिक, काव्य, धार्मिक ग्रन्थ, स्वतत्रंता संग्राम सेनानियों के बलिदान व देश के ऐतिहासिक क्षणों एवं विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें पठन के लिए उपलब्ध करायी जा रही हैं। नगर पालिका परिषद बिजनौर में वर्ष 1925 से दुष्यंत कुमार पुस्तकालय व

● पुस्तकालय का संचालन विगत 31 मई,2025 से प्रारम्भ कर दिया गया हैं

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में वर्ष 1916 से सरस्वती पुस्तकालय निकाय क्षेत्रान्तर्गत संचालित हैं, जिनमें निकायों द्वारा समय-समय पर आवश्यक कार्य/सुविधाऐं उपलब्ध करायी जाती हैं।

नगर पालिका परिषद स्योहारा व नगर पालिका परिषद हल्दौर में राज्य वित्त आयोग की धनराशि से, नगर पंचायत सहसपुर में 15वें वित्त आयोग की धनराशि एवं नगर पंचायत जलालाबाद में बोर्ड फण्ड की धनराशि से डिजिटल पुस्तकालयों का निर्माण कराया गया है, जिनमें से नगर पालिका परिषद स्योहारा एवं नगर पंचायत सहसपुर द्वारा पुस्तकालय का संचालन विगत 31 मई,2025 से प्रारम्भ कर दिया गया हैं। नगर पालिका परिषद हल्दौर एवं नगर पंचायत जलालाबाद में पुस्तकालय का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका हैं, इन पुस्तकालयों में संचालन भी शीघ्र ही प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद शेरकोट, अफजलगढ, नूरपुर व नगर पंचायत झालू, साहनपुर को डिजिटल पुस्तकालयों के निर्माण कराये जाने के लिए स्वीकृति उपरान्त शासन स्तर से धनराशि अवमुक्त की गयी है। उक्त निकायों द्वारा शासन से प्राप्त धनराशि से डिजिटल पुस्तकालयों का निर्माण माह सितंबर तक पूर्ण करा लिया जाएगा तथा निकायों में निवास करने वाले आम जनमानस एवं छात्र छात्राओं को डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना में डिजिटल पुस्तकालयों के निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद बिजनौर, नहटौर, किरतपुर, चान्दपुर व नगर पंचायत बढ़ापुर द्वारा स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं, शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त इन निकायों में भी डिजिटल पुस्तकालयों का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा, जिससे जनपद के सभी नगरीय क्षेत्र संतृप्त हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि नगर पालिका परिषद बिजनौर व नजीबाबाद में 100 वर्ष से अधिक पुराने पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं तथा नजीबाबाद स्थित सरस्वती पुस्तकालय में पाण्डु लिपि भी संरक्षित है, जिनको संरक्षित किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी रजा लाइब्रेरी रामपुर से सम्पर्क कर उक्त पुस्तकालयों में उपलब्ध पुराने धार्मिक ग्रन्थों/पुस्तकों व पाण्डु लिपियों को संरक्षित कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद की बड़ी निकायों विशेष तौर पर तहसील मुख्यालय की निकायों में वार्डवार कलस्टर बनाकर लाइब्रेरी की स्थापना करायी जाए, ताकि जनसामान्य एवं छात्र छात्राओं को नजदीक में ही लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध हो सके।

नाम शाही रोड पर उड़ रहा धूल का गुबार

ललितपुर। घंटाघर से सावरकर चैक से होते हुए आजाद चैक मवेशी बाजार को जाने वाली ललितपुर शहर की मुख्य सड़क जो कि शाही रोड के नाम से जानी जाती है। कहने को शाही रोड है, लेकिन सड़क में गड्ढों और उन गड्ढों व सड़क से उठने वाली धूल के गुबार ने यहां से निकले वाले लोगों एवं यहां पर व्यापार करने वाली व्यापारियों को परेशान कर रखा है। इस सड़क किनारे के दुकानदार आजकल जो पीड़ा झेल रहे हैं उसका कोई पार शुमार नहीं है। उक्त सड़क पर उड ? वाली धूल के कारण लोग दमा, ब्रोन्काइटिस, सर्दी, जुखाम, खांसी और चर्मरोग से पीड़ित हो रहे हैं। हालांकि इस सड़क के नये निर्माण का टेन्डर पास हो चुका है। बरसात के कारण रोड कटने से यह सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गई थी। सामाजिक संगठन ने पेंच वर्क की मांग उठाते हुए फौरी राहत दिलाने की कोशिश की थी परन्तु यह सब ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। हर वर्ष बरसात के बाद धूल उड? की स्थिति स्वाभाविक होती है। पिछले सालों में तमाम ललितपुर नगर पालिका अध्यक्षों द्वारा सड़क किनारे के दुकानदारों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए समय समय पर पानी काशाही रोड ललितपुर के दुकानदारों ने प्रशासक नगर पालिका से उक्त सड़क के नये निर्माण होने तक प्रतिदिन पानी का छिड़काव कराने की मांग की है।

कॉलेज में जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता

बांदा। आर्य कन्या इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। इसमें संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्य, पारंपरिक लोक नृत्य, दृश्य कला, द्वि आयामी, त्रि आयामी, स्थानीय खेल, खिलौने, खेल, नाटक, एकल अभिनय आदि प्रतियोगिताएं हुईं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार ने विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कला उत्सव प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता के आधार पर निर्णायक मंडल ने परीक्षण के उपरांत प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने समस्त विधाओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में धनंजय नटराज संगीत विद्यालय, मंजरी साहू, विकास पांडे नृत्य विशेषज्ञ लखनऊ, प्रकाश राव डीएवी इंटर कॉलेज, आरती देवी व साधना यादव उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालय की प्रधानाचार्या व प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षिकाओं का आभार जताया।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए करें आवेदन

महोबा। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026/27 आगामी 9 सितंबर 2025 को प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जानी है। उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 अगस्त से प्रारंभ है तथा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 सितंबर निर्धारित है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तथा परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2026/27 में वे छात्र-छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं जिन्होंने 2024/25 में कक्षा 7 में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हो एवं ऐसे छात्र व छात्राएं जिनके अभिभावक की वार्षिक आय सभी स्रोतों से तीन लाख 50 हजार से अधिक ना हो, ऐसे छात्र एवं छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2025/26 में राजकीय, अशासकीय, स्थानीय, निकाय विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्यनरत हो, प्राइवेट विद्यालय व जवाहर नवोदय एवं आवासीय विद्यालय के छात्र व छात्राएं इस परीक्षा के लिए अर्ह नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदन करते समय सभी अभ्यर्थियों को अपना जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करना है।

बंदियों से पैरवी की अपर जिला जज ने ली जानकारी

बांदा। जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होने बैरक 1 से लेकर बैरक 4 तक का निरीक्षण किया और बन्दियों से निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने और उनके वादों की पैरवी कर रहे लीगल डिफेन्स काउन्सिल अधिवक्ताओं के कार्यों के सम्बंध में जानकारी ली। 4 बन्दियो ने बताया कि जमानत हो चुकी है लेकिन जमानतदार न मिलने के कारण रिहाई नही हो पा रही है। सचिव ने अतिशीघ्र जमानतदारों की व्यवस्था कर जमानत कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल ने बन्दियों को उनके मुकदमों की स्थिति से अवगत कराया तथा कुछ नये बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये गये। सचिव श्रीपाल सिंह नने सभी बन्दियों को माह जनवरी से प्रारम्भ यू०टी०आर०सी० अभियान के तहत पात्र बन्दियों की रिहाई के सम्बंध में जानकारी दी। उन्होने निरीक्षण में पाया कि बन्दियों से मिलाई का समय हैं तथा बन्दियों से मिलने आये परिजन व अन्य सामाग्री की सघन जांच प्रथम व द्वितीय द्वार पर की जा रही है। बन्दियों व सामान की जांच मेटल डिटेक्टर व हांथ से ली जाती हैं। मिलाई के उपरान्त पुनः वापस बैरक जाते समय बन्दियों की तालाशी व उनके परिजनों की तालाशी ली जाती है।

खिलाड़ियों को राज्यमंत्री, डीएम ने किया सम्मानित

जिला संवाददाता

बांदा। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा स्पोर्ट्स स्टेडियम बांदा में खेल निदेशालय एवं जिला प्रशासन के सहयोग से विश्व प्रसिद्ध भारतीय हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। खेल दिवस में फिट इंडिया शपथ तथा जनपद में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल दिवस पर प्रदेश के जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने खिलाड़ियों, कोचों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में जनपद स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर, एवं मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनपद की प्रतिभा प्रदर्शन कर खिलाड़ी जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। जनपद के खिलाड़ियों में खेल की अनेकों प्रतिभाएं हैं। जिला अधिकारी जे0 रीभा ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जनपद स्तर पर हॉकी के उत्कृष्ट खेल पर रोशनी, वर्षा तथा फुटबॉल में सूर्यांश सिंह, करन कुमार वर्मा, बैडमिंटन में मोहम्मद अर्श एवं अभय प्रताप तथा क्रिकेट में आयुष सविता एवं उज्जवल सिंह, वॉलीबॉल में हर्षित यादव, आदर्श राय तथा निशानेबाजी में ऋषि मिश्रा तथा खो-खो में प्रियांशी यादव, प्रियंका यादव व वंदना को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तथा विभिन्न खेलों के कोच एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

जमीयत उलेमा ए हिन्द का जिलाध्यक्ष बनने पर मुफ़्ती उवैस अकरम को मुबारकबाद दी

नगीना, बिजनौर। जमीयत उलेमा ए हिंद का जिलाध्यक्ष पद के लिए बीते दिन नगीना के रॉयल बैंकट हाल मे चुनाव सम्पन्न हुआ। नगीना जामा मस्जिद के इमाम मुफ़्ती मोहम्मद ओवैस अकरम को 400 मे 318 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी स्योहारा निवासी मौलाना कामिल को 82 वोट मिले। नाजिम-ए-आला के लिए मुफ़्ती शम्सुद्दीन को पुनः चयनित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर मुफ़्ती इफ्तिखार किरतपुरी और मुफ़्ती मोहम्मद जावेद नजीबाबादी को चुना गया। खजानची (कोषाध्यक्ष) के तौर पर मौलाना इकरार बेग निर्वाचित हुए। इस मौके पर सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। सदस्यों ने उन्हें दिली मुबारकबाद देते हुए देश और मिल्लत की तरकक्की के लिए दुआएं कीं। इस अवसर पर चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शहनवाज खलील, समाजसेवी हाजी तंजील आलम, शेख शहराज खलील, मौलाना इल्यास, मुफ्ती अबरार, सईदुर्रहमान, मौलाना वारिस, अंजार सैफी, शददन ठेकेदार, शेख जमशेद ठेकेदार सहित नगर के सैकड़ो जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : विधायक रामरतन

जिला संवाददाता

ललितपुर। ग्राम पंचायत रामपुर, विकास खण्ड तालबेहट में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा एक व्यापक चैपाल संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में तहसील, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकताओं सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस चैपाल का मुख्य उद्देश्य था कि जनता की समस्याएँ सीधे सुनी जाएँ और उनका समाधान बिना विलंब के समयबद्ध तरीके से हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा हमारा लक्ष्य है कि जनता को अपनी समस्या के समाधान हेतु दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर समाधान जनता के द्वार पर दें। कोई भी पात्र परिवार शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। सभी को उनका हक ईमानदारी और पारदर्शिता से मिलेगा। उन्होंने कहा कि चैपाल संवाद केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से आत्मीय संवाद का माध्यम है, जहाँ उनकी आवाज सीधे शासन तक पहुँचती है। विधायक रामरतन ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और निर्धारित समयसीमा में उसका निस्तारण किया जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

चैपाल संवाद में मंडल अध्यक्ष तालबेहट नीरज, परियोजना निदेशक दीपक यादव, उपजिलाधिकारी तालबेहट, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, विद्युत विभाग, जल निगम, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

रोड मार्किंग, साइनबोर्ड, जंक्शन पर सोलर लाइटें लगाये जाने के निर्देश

ललितपुर। जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार ललितपुर में सम्पन्न हुयी। बैठक में अध्यक्ष द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त के अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी द्वारा पिछले माह में घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी एवं एनएचएआई झांसी-सागर पर समस्त ब्लैक स्पॉट एवं एन0एच0-44 के वैध कट का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त मोड़ पर हार्ड शोल्डर बनाने तथा एनएच-44 पर ट्रक ले बाई बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। रोड मार्किंग, साइनबोर्ड, जंक्शन पर सोलर लाइटे लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात विभाग को विगत महीनों में हुयी दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी कर दुर्घटना की रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर, अधिशासी अभियन्ता प्रा०ख०, लो०नि०वि०, ललितपुर एवं अधिशासी अभियन्ता नि०ख०, लो०नि०वि०, ललितपुर, अधिशासी अभियन्ता पी०एमजी०एसबाई, ललितपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर, ए०आर०टी०ओ० परिषद ललितपुर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एन0 आई0 सी0 से आई रैड प्रभारी नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अन्त में अधिशासी अभियन्ता प्रा०ख०, लो०नि०वि०, ललितपुर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की हुई समीक्षा

ललितपुर। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत कार्यालय सभागार में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में एक दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कुष्ठ रोगियों की पहचान, निशुल्क जांच एवं उपचार, जागरूकता एवं सामाजिक भेदभाव की रोकथाम हेतु रणनीतियां तय की गयी। सीएमओ ने बताया कि किसी भी कुष्ठ रोगी से भेदभाव न करें एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोडने के लिये हर सम्भव प्रयास किये जाये। कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता एवं ज्ञान का अभाव कलंक तथा भेदभाव की ओर ले जाता है, जिसके कारण कुष्ठ के संचरण और उपचार से संबंधित गलत धारणायें समाज में फैलती है। उन्होंने कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों से भेदभाव न करने की अपील की। कुष्ठ रोग अधिकारी डा.प्रदीप सिंह ने बताया कि वर्तमान में जनपद ललितपुर में 91 कुष्ठ रोगियों का ईलाज चल रहा है, जिनकी समुचित देखरेख एवं उपचार सुनिश्चित किया गया है। कुष्ठ रोग माइको बैंक्टीरियम लैप्रि नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। कुष्ठ रोग के लक्षण त्वचा पर हल्के रंग के या तामई रंग के धब्बे जिनमें संवेदनहीनता हो। हाथ या पैरों पर झनझनाहट, नसों में दर्द एवं नसों का मोटा हो जाना, हाथ पैर या पल्कों की कमजोरी आदि हो सकती है। यदि किसी व्यक्ति में उपरोक्त लक्षण दिखते हैं, तो उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक से उपचार लेना चाहिये। उप जिला कुष्ठ अधिकारी ने बताया कि अधिक से अधिक कुष्ठ रोगियों की पहचान हेतु हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। कुष्ठ का इलाज पूरी तरह सम्भव है एवं सरकारी संस्थानों में उपचार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। बैठक में एसीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.शिवप्रकाश व विभिन्न ब्लॉकों से आये चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम एवं कुष्ठ का कार्य करने वाले कर्मचारी, एनएमए आदि मौजूद रहे।

एसपी ने रिक्रूटों के प्रशिक्षण का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

बांदा। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों की प्रशिक्षण योजना का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूटों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने पर विशेष बल दिया और प्रशिक्षण में संतुलन बनाए रखने की बात कही। इसके अतिरिक्त रिक्रूटों को अग्निशमन संबंधी जानकारी भी दी गई जिससे वह आकस्मिक परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने आरटीसी बैरक का निरीक्षण किया तथा रजिस्टर पेशी कर विभन्न रजिस्टरों को चेक किया। इस दौरान सहायक पुलिस अधिक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टक, अग्निशमन अधिकारी डॉ. मतलूब हुसैन व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पूर्व विधायक की 109वीं जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

महोबा। लोक चेतना के प्रतीक पूर्व विधायक बाबू ?लाल तिवारी जिनको सभी नगरवासी बड़े स्नेह और प्यार से दादा जी कह कर पुकारते थे की 109वीं जयंती के अवसर पर डीएवी इन्टर कालेज के सभागार में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दीप प्रज्वलन कर उन्हें पुष्याजंलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय जौनपुर डाक्टर राजाराम यादव द्वारा की गयी। कार्यक्रम का प्रारम्भ अबोध सोनी के द्वारा दादा जी पर भजन प्रस्तुत कर किया गया। इसके पश्चात समाजसेवी रामदत्त तिवारी जी ने दादा जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक समाजसेवीयों, शिक्षाविदों, गणमान्य नागरिकों, राजनीतिज्ञों ने पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी को पुष्पांजलि अर्पित कर अपने अपने विचार रखें। इस दौरान विद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

बिजलीघर पर आकाशीय बिजली गिरी बड़ा हादसा टला

बिजनौर। कसबा झालू के बिजलीघर पर आकाशीय बिजली गिरने से विद्युत उपकरण अचानक से जलने बुझने लगे। घटना से बडा हादसा टल गया है। बिजली घर पर तैनात कर्मचारियों ने उच्चाधिकारीयो को कराया अवगत।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह से हो रही बारिश के कारण 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र झालू पर आकाशीय बिजली गिरने के कारण बिजली घर पर लगे विद्युत उपकरण अचानक से जलने बुझने लगे। झालू बिजली घर के अवर अभियंता सुदेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजलीघर पर लगे विद्युत उपकरणों में लगी डिस्प्ले लाइट अचानक से जलते बजने लगी। द्वितीय विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद ने बताया कि झालू बिजलीघर पर अचानक से आकाशीय बिजली गिरी है आकाशीय बिजली गिरने से कौन से उपकरण खराब हुए हैं अथवा नहीं इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने नगर व क्षेत्र की जनता से सहयोग बनाने रखने की अपील की है।

पुल निर्माण न होने से नाराज ग्रामीणों का धरना तीसरे दिन भी जारी, वार्ता बेनतीजा

नगीना, बिजनौर। पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना बारिश के बाजवूद तीसरे दिन भी जारी रहा।

अधिकारियों द्वारा ठोस आश्वासन नही मिलने के कारण ग्रामीणों से वार्ता विफल रही। नगीना तहसील के थाना बढ़ापुर-सरदारपुर छायली संपर्क मार्ग पर स्थित पहाड़ा नदी का जल स्तर बढ़ने पर ग्राम पंचायत सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, काशीवाला व ग्राम बहेड़ी आदि का बढ़ापुर कस्बे से संपर्क कट जाता है। गुस्साए ग्रामीण एकजुट होकर बुधवार को पहाड़ा नदी के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए है। ग्रामीणों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों द्वारा कोई ग्रामीणों को ठोस आश्वासन नही मिलने के कारण धरने पर बैठे ग्रामीणों और अधिकारियों की वार्ता विफल रही। धरना स्थल पर ग्राम प्रधान नवनीत सैनी, शाहवेज, रिंकू सिंह, बलदेव सिंह, फतेह सिंह, नौशद, दिलशाद अहमद, राजू, विपिन कुमार, भारत सिंह, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

सहकाश्तकारों ने धोखे से हड़प लिया मुआवजा

ललितपुर। कचनौंदा बांध में अधिग्रहीत की गयी जमीन का सहकाश्तकारों पर विभागीय अधिकारियों सांठगांठ कर धोखाधड़ी से मुआवजा ले लिये जाने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। पत्र में ग्राम खिरिया छतारा में रहने वाले बालचंद्र पुत्र छलौने ने प्रशासन को अवगत कराया कि उसकी जमीन ग्राम कचनौंदा में है। आरोप है कि जमीन अधिग्रहण के दौरान सहकाश्तकारों ने कचनौंदा बांध के कर्मचारियों से मिलीभगत कर उसकी करीब 40 डिस्मिल से अधिक जमीन का मुआवजा ले लिया है। इस मामले की जब उसे जानकारी हुयी तो उसने इस कृत्य को गलत और निराधार बताया। पीड़ित के अनुसार उसकी जमीन का नम्बर 524 व 917 है, जिसका मुआवजा पीड़ित ने दिलाये जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

आर्थिक प्रगति हुई तेज

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इन आंकड़ों को जानकर जरूरत परेशान होंगे कि उन्होंने जिस अर्थव्यवस्था को डेड इकोनमी कहा था, उसकी विकास दर अमरीकी अर्थव्यवस्था से दोगुने से भी ज्यादा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के जो आंकड़े जारी किये हैं, उसके मुताबिक पहली तिमाही में भारत की आर्थिक प्रगति दर 7.8 रही जो कि बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक तो है ही लेकिन आरबीआई के अनुमान से भी 1.3 फीसद अधिक है। येआंकड़े इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं कि अमरीकी टैरिफ को लेकर अर्थव्यवस्था में जिस तरह की चिंताएं देखी जा रही थीं, वे चिंताएं इन आंकड़ों से जरूर कुछ कम होंगी। विकास की यह रफ्तार आगे भी बनी रहेगी ऐसी उम्मीद है, क्योंकि सरकार जीएसटी रिफॉर्म लागू करने जा रही है। इससे देश की आर्थिक प्रगति 2025-26 में सभी अनुमानों को पीछे छोड़कर सात फीसद को भी पार कर सकती है। अन्य सर्वे और आंकड़े भी तेज आर्थिक प्रगति की बात करते हैं। बीते बुधवार को उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) 2023-24 यह संकेत देता है कि देश का विनिर्माण क्षेत्र वृद्धि कर रहा है, लेकिन ढांचागत चिंताएं बरकरार हैं। वित्त वर्ष 24 में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) में मौजूदा मूल्य पर 11.9

फीसदी का इजाफा हुआ लेकिन समग्र उत्पादन 5.8 फीसदी की दर से बढ़ा जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में काफी कम है। उस वर्ष महामारी के बाद इसमें 21 फीसदी की दर से वृद्धि हुई थी। रोजगार में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन प्रति व्यक्ति उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई और वित्त वर्ष 24 में प्रति व्यक्ति शुद्ध मूल्य वर्धन में पिछले वर्ष की तुलना में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। यह ठहराव को दर्शाता है। भारत जैसे श्रम-प्रधान देश के लिए, जहां विनिर्माण क्षेत्र को आय का समर्थन करना चाहिए, ये आंकड़े जरूर चुनौती हैं। दरअसल वर्षों के नीतिगत ध्यान के बावजूद सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी केवल 17 फीसद ही है और रोजगार में केवल 12 फीसदी। यह भारत के लिए आवश्यक स्तर से बहुत कम है। लाखों अर्द्ध कुशल या कम कुशलता वाले श्रमिक हर वर्ष श्रम शक्ति में शामिल हो रहे हैं। अगर फैक्ट्री में इनके लिए रोजगार नहीं बनेंगे तो इन लोगों के पास कम वेतन वाले असंगठित क्षेत्र के काम करने के सिवा कोई विकल्प नहीं होगा। औद्योगिक गतिविधियों का प्रसार भी कुछ जगहों पर केंद्रित है। शीर्ष पांच राज्य ही विनिर्माण जीवीए में 54 फीसदी और रोजगार में 55 फीसदी के हिस्सेदार हैं। इसके अलावा उत्पादन में पांच उद्योगों का दबदबा है जो हैं-बुनियादी धातुएं, मोटर वाहन, रसायन, खाद्य उत्पाद और औषधि। यह दरअसल समावेशिता को सीमित करता है और विनिर्माण की व्यापक वृद्धि की संभावनाओं को भी प्रभावित करता है। नीतिगत नजरिये से देखें तो भारतीय विनिर्माण क्षेत्र बहुत विभाजित है। इसमें छोटी कंपनियों का दबदबा है जिनकी तकनीक और वित्त तक सीमित पहुंच है। इससे उत्पादकता कम और लागत अधिक बनी हुई है। यह बात स्वीकारी जा चुकी है कि संस्थागत सख्ती निवेश को प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए भारत के श्रम कानून उद्यमियों को उनके काम के लिहाज से बहुत कम प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। अनुपालन के बोझ की आशंका और विवादों का भय उद्यमियों को बड़े पैमाने पर नियुक्तियां करने से रोकता है। विशेष कर श्रम गहन क्षेत्रों में मसलन कपड़ा एवं वस्त्र, फुटवियर और खाद्य प्रसंस्करण आदि जहां भारत को तुलनात्मक बढ़त होनी चाहिए। ऐसे में यह अहम है कि नीतिगत हस्तक्षेप केवल कर राहत और उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं तक ही सीमित नहीं रहे। जब देश की आर्थिक प्रगति तेज हो रही है, जीडीपी बढ़ रही है तो इसे और ताकत देने के लिए जरूरी है कि छोटे उद्यमों को पूंजी और तकनीक मुहैया करायी जाये ताकि रोजगार और विकास में इनकी भागीदारी बढ़े। इससे देश में रोजगार भी बढ़ेंगे, आर्थिक प्रगति भी तेज होगी और समावेशी विकास को भी पंख लगेंगे।

विचार

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानंद.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

-महात्मा गांधी.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

-स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

-शेख सादी.

सिमटते जंगलों के कारण गहराता संकट

मनोज वार्ष्णेय

विमर्श

पूरा देश इस समय कुत्तों को लेकर दो गुटों में बंटा हुआ है। एक गुट इन्हें प्रश्रय देने के पक्ष में है, दूसरा चाहता है कि इन्हें मानव आबादी से दूर किया जाए। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। लेकिन कुत्तों की चिंता में बाघ-बघेरों (बाघ और तेंदुओं) की अनदेखी एक नए संकट को जन्म दे रही है। यह संकट न सिर्फ प्रोजक्ट टाइगर को मात देगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सामने बाघ-बघेरों की ऐसी दुनिया पेश करेगा, जिसे जानकर इंसान भी खुद चकित रह जायेगा। दरअसल वर्तमान में देश जंगलों के कटने तथा उसके एरिया की कमी के कारण, जहां जलप्रलय जैसी घटनाओं से जूझ रहा है, वहीं अब उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश आदि प्रांतों में बाघ-बघेरों के आतंक ने लोगों का जीवन हराम कर दिया है। हालत की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया सकता है कि शहरी क्षेत्रों में रोज बाघ-बघेरों के आने से सामान्य जीवन भी मुश्किल होता जा रहा है।

टाइगर स्टेट मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान भी टाइगर स्टेट का दर्जा पाने की ओर अग्रसर हैं। इसके साथ ही इन राज्यों में बाघ-बघेरों ने जंगल को छोड़कर बस्तियों में डेरा डालना आरंभ कर दिया है। चिंतनीय पहलू यह कि अब इन्होंने ट्रैपिंग पद्वति को भी धता बताना सीख लिया है। कई दिनों तक इन्हें ट्रैप करने के लिए लगाए गए पिंजड़े, शिकार के साथ लगे रह जाते हैं और ये या तो दूसरे स्थान पर शिकार कर लेते हैं या फिर वह मौका देखकर शिकार को ही ले उड़ते हैं। शिकार को ले उड़ने की घटनाएं वन्यजीव विशेषज्ञों के लिए भी चिंता का विषय बन रही हैं। वर्तमान में देश में चार हजार के करीब बाघ-बघेरों के होने की संभावना है। (वर्ष 2022 में यह 3682 थे) मध्य प्रदेश में इनकी संख्या सर्वाधिक 785 है तथा उसके बाद उत्तर प्रदेश और राजस्थान का नंबर आता है। जिस तरह से इन तीनों स्टेट में बाघों और तेंदुओं की संख्या बढ़ रही है, उससे अब इनकी प्रजातियों पर जीन पूल का खतरा मंडराना आरंभ हो गया है। जीन पूल का संकट कैसे मंडरा रहा है, इस पर आने से पहले आइये यह जान लें कि जीन पूल संकट आखिर होता क्या है? जीन पूल का संकट का मतलब है किसी प्रजाति की

आनुवांशिक विविधता का कम होना। यह समस्या हमारे यहां बाघों और तेंदुओं (बघेरों) दोनों में ही गंभीर रूप से सामने आ रही है। भारत में बाघों और बघेरों की संख्या भले बढ़ रही हो, मगर ये छोटे छोटे आइसोलेटिड पापुलेशन में बंटे हुए हैं। जिस कारण ये बार बार आपस में ही प्रजनन प्रक्रिया (इनब्रीडिंग) दोहराते हैं, जिसके कारण इनसे पैदा होने वाले बच्चे न सिर्फ कमजोर जीन वाले हो रहे हैं बल्कि उनमें जन्म से ही कई किस्म की बीमारियां और कमजोर इम्यूनिटी की समस्या पैदा हो गई है। इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि टाइगर प्रोजेक्ट के तहज जो आसोलेटिड टाइगर रिजर्व हैं, उन्हें एक सुरक्षित कारीडोर के जरिये आपस में जोड़ दिया जाए और बाघ बघेरों की इस आबादी को आपसमें इंट्रैक्शन करने के लिए न सिर्फ विशुद्ध एरिया बल्कि साथी मिल जाएं।

बाघ-बघेरों में जीन पूल का यह संकट तब तक हल नहीं होगा, जब तक हम अलग अलग क्षेत्रों में मौजूद बाघ बघेरों की समूची आबादी को आपस में एक दूसरे के साथ इंट्रैक्शन करने का माहौल और सुविधा नहीं देते। दरअसल जब जीन पूल सीमित हो जाता है, तो इनब्रीडिंग की समस्या के साथ साथ प्रतिरक्षा प्रणाली भी बेहद कमजोर हो जाती है, जिससे संबंधित जीव अनेक बीमारियों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। सीधी भाषा में समझें तो स्त्री-पुरुष के विवाह में आपसी खून के रिश्ते जिस तरह प्रतिबंधित होते हैं, वही नियम जानवरों पर भी लागू होता है। विशेषज्ञ की भाषा में कहें तो यह संकट वास्तव में जैनेटिक बीमारियों का संकट है और यदि बाघ-बघेरों की लंबे समय तक अनदेखी हुई, तो यह न सिर्फ शहरों में रहने को मजबूर होंगे बल्कि इनकी स्वभाविकता भी खत्म हो जाएगी, वही स्वभाविकता जिसके लिए यह जाने जाते हैं। वास्तव में इनकी स्वभाविकता में शामिल है जानवरों का शिकार, जंगलों में अपने परिवार के साथ अठखेलियां करना तथा अपनी शारीरिक सुंदरता को बरकरार रखते हुए प्रकृति के संतुलन की रक्षा करना।

अब प्रश्न यह उठ सकता है कि जीन पूल का यह खतरा क्यों हो मंडरा रहा है और इससे बचने का उपाय क्या है? तो इसे यूं समझा जाना चाहिए कि जिस तरह से हम कुत्तों को खतरनाक होने पर उन्हें शेल्टर होम में भेजने या उनकी आबादी को नियंत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आगे खड़े हैं, उसी तरह से इनकी रक्षा के लिए भी सामने आना होगा। आखिर करना क्या होगा? यह मुख्य प्रश्न है। वर्तमान में देश में सिमटते जंगलों के कारण कई समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं।

माना जा रहा है कि भारत में इस सदी में करीब 25 से 28 हजार वर्ग किलोमीटर वन भूमि अब तक समाप्त हो गई है, जिससे जंगल न होने से जंगली जानवरों की कमी स्वभाविक है। इसमें नील गाय, हिरन, जंगली सुअर, भेड़िए, लोमड़ी के साथ ही दूसरे वे वन्यजीव भी हैं, जो बाघ-बघेरों के लिए भोजन का काम करते हैं। चूंकि अब जंगल नहीं हैं तो हरी घास के मैदान या चारागाह नहीं होने से स्वभाविक वन्यजीव प्रजनन घटता जा रहा है। देश के वन्यजीव अभ्यारण्य में पहले जहां एक सफारी के दौरान जंगली जानवरों की बारंबारता दिखती थी, वहीं अब इनके दिख जाने पर भी खबर बनती है। यह बात कम महत्वपूर्ण नहीं है कि वीआईपी मूवमेंट में ही बाघ-बघेरे क्यों नजर आते हैं और आम पब्लिक जंगली सूअर, मोर या हिरन देखकर ही संतुष्ट होती है? शाकाहारी मैदान न होने से बड़ी बिल्ली प्रजाति को भोजन नहीं मिलता है, तो वह शहर की ओर आ जाते हैं। शहर आकर उनकी पहचान मुश्किल हो जाती है। विशेषज्ञ इन्हें अर्बन तथा रुरल में बांट देते हैं। सीधी सी बात है कि जिन बघेरों ने शहरों के आसपास अपना निवास कायम कर लिया है, वे मानवीय सहजता के आदी होते जा रहे हैं। ऐसे में जब इनकी जान पर खतरा होता है, तो ये आक्रमण करके अपने को इस खतरे से बचाने की कोशिश करते हैं। फिर ट्रेपिंग और जंगल में छोड़ना। समस्या यह भी होती है, जो बघेरा या उसकी प्रजाति का सदस्य अपनी टैरेटरी छोड़कर आता है, वह बाद में किस टैरेटरी में जाता है? इसकी पहचान हो ही नहीं पाती। तब कई बार अपने ही परिवार के साथ मिलना हो जाता है और पनपती है, जीन पूल की समस्या।

यह बात कम उल्लेखनीय नहीं है कि हर साल वन्यजीव अभ्यारणय को सुरक्षित करने के लिए कम से कम दो सौ गांव का विस्थापन योजना में शामिल किया जाता है। ये वहीं गांव होते हैं, जो कभी जानवरों और मानव के स्वभाविक सहजीवन के गवाह होते हैं। समझा जा सकता है कि किसका भोजन और किसको बसाया जा रहा है। ग्रीन कारीडोर के लिए वन भूमि बढ़ाना हो या फिर हाइवे के लिए जंगलों पर अतिक्रमण हो या इंसानी प्रदूषण। बाघ-बघेरों के लिए वही समस्या बन रही है, जो शहरों में सदियों से मनुष्य के साथी रहे कुत्तों के कारण उत्पन्न हो रही है। वन्यजीवों की जंगल में जाने के लिए हाइवे पर पुल तो बन जाएंगे, एक कोर एरिया से दूसरे में भोजन के लिए शाकाहारी पशु लाए जा सकेंगे, विस्थापित मानव को दूसरी जमीन मिल जाएगी पर कहीं ऐसा न हो कि जीन पूल के कारण विजन-2047 में बड़ी बिल्ली प्रजाति के लिए कोई नया विजन न एडॉप्ट करना पड़े और उसे नाम मिले टाइगर प्रोजेक्ट जीन पूल...? हां, इस सबसे बचने के लिए एक रास्ता है और वह यह कि बाघ-बघेरों की अस्वभाविक मौतों को रोकने के साथ ही उनके लिए शाकाहारी जंगल विस्तारित किए जाएं तथा जीन पूल के लिए टैजपिंग जीवों को फिर से बसाने के लिए कोई माकूल योजना बने।

यह बात कम उल्लेखनीय नहीं है कि हर साल वन्यजीव अभ्यारण्य को सुरक्षित करने के लिए कम से कम दो सौ गांवों को विस्थापन योजना में शामिल किया जाता है। ये वहीं गांव होते हैं, जो कभी जानवरों और मानव के स्वभाविक सहजीवन के गवाह होते हैं।

सोशल मीडिया

15वां भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन आज शाम को टोक्यो में आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री इशिबा और मैंने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। पीएम मोदी.

सद्कर्म की प्रेरणा

अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

गहन अंतरिक्ष में लहरायेगा तिरंगा

विज्ञान ■ संजय श्रीवास्तव

गहन अंतरिक्ष अनुसंधान की ओर कदम बढ़ाकर देश ने दूरदर्शिता का परिचय दिया है। मानवता के भविष्य को उन्नत और उज्ज्वल बनाने तथा अंतरिक्ष के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने के लिए यह अनिवार्य है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि 'डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन मिशन' की बड़े स्तर पर तैयारी हो और इससे संबंधित सभी क्षेत्रों में शोध के साथ-साथ प्रायोगिक एवं व्यावहारिक कार्य भी किए जाएं। यह एक ऐसा विचार है, जिसकी दूरदर्शिता और वर्तमान की महत्ता का वास्तविक आभास आने वाली पीढ़ियों को और अधिक होगा। निश्चय ही वे इस पहल के लिए वर्तमान प्रधानमंत्री की आभारी रहेंगी। वस्तुतः देश गहन अंतरिक्षीय अनुसंधान में पहले से ही संलग्न है, परंतु प्रधानमंत्री की प्रेरणा संभवतः इस दिशा में है कि यह कार्य और अधिक विशिष्टता और प्रमुखता के साथ एक संगठित अभियान के रूप में संचालित हो। इसमें इसरो के साथ-साथ निजी कंपनियों, अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स और विदेशी एजेंसियों का भी यथोचित सहयोग लिया जाए। इस सोच के पीछे एक दूरदर्शी दृष्टिकोण परिलक्षित होता है। ज्ञातव्य है कि पृथ्वी पर सोना, प्लैटिनम, निकल, कोबाल्ट जैसी धातुएं लगातार खनन के चलते सीमित मात्रा में शेष रह गई हैं। भविष्य में भिन्न-भिन्न तकनीकों में इनकी मांग और बढ़ेगी, तब इनकी उपलब्धता कठिन होगी। दूसरी ओर, अंतरिक्ष में मौजूद क्षुद्रग्रहों में ये धातुएं प्रचुर मात्रा में पायी जाती हैं। कई क्षुद्रग्रहों की संरचना लगभग पूरी तरह लोहे-निकल अथवा इसी प्रकार की धातुओं से बनी होती है। ऐसे में समझा जा सकता है कि वे पृथ्वी के लिए कितने जीवनदायी सिद्ध हो सकते हैं, बशर्ते हम उन तक पहुंचकर खनन कर सकें। क्षुद्रग्रहों और अन्य पिंडों से खनिज प्राप्त कर पृथ्वी पर बढ़ती आबादी और उद्योगों की आवश्यकताएं पूरी की जा सकती हैं।

इस प्रकार, अंतरिक्ष अन्वेषण पृथ्वी के संसाधनों पर दबाव कम करेगा और मानवता को टिकाऊ विकल्प प्रदान करेगा। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन आवश्यक है, क्योंकि क्षुद्रग्रहों का पता लगाने, वहां पहुंचने, खनन करने और संसाधन लाने के लिए लंबी दूरी तक जाने वाली तकनीक चाहिए। यही नहीं, अंतरिक्ष या अन्य ग्रहों पर जीवन खोजने, अथवा चांद और मंगल पर कुछ समय तक निवास हेतु आवश्यक तकनीक विकसित करने के लिए भी गहन अंतरिक्ष का अध्ययन अपरिहार्य है। आज पृथ्वी ऊर्जा संकट, जल संकट और खनिज संसाधनों की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। यह अध्ययन इन समस्याओं के स्थायी समाधान में सहायक होगा। उदाहरणस्वरूप, चंद्रमा पर हीलियम-3 नामक तत्व बहुतायत में उपलब्ध है, जो भविष्य में नाभिकीय संलयन हेतु ऊर्जा का मुख्य आधार बन सकता है। चंद्रमा पर प्रसंस्कृत यह ऊर्जा, यदि पृथ्वी पर पहुंच सके, तो यह लगभग असीमित और पूरी तरह स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत सिद्ध होगी। अंतरिक्ष आधारित सौर ऊर्जा संग्रह प्रणाली विकसित हो जाने के बाद पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त ऊर्जा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार, चंद्रमा और मंगल पर मौजूद बर्फ के भंडार से जल को ईंधन और ऊर्जा में परिवर्तित कर उसका दोहरा उपयोग संभव होगा। इस प्रकार,

गहन अंतरिक्ष अन्वेषण से धातुएं, खनिज और जल प्राप्त कर पृथ्वी के संसाधनों की भारी बचत हो सकती है। यही कारण है कि अमेरिका, जापान, चीन और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां इस दिशा में सक्रिय हैं... क्योंकि उनके भी गहरे और दूरगामी उद्देश्य हैं। अमेरिका और जापान दो वर्ष पहले क्षुद्रग्रहों से नमूने लाने में सफल हो चुके हैं। नासा मंगल की मिट्टी-पत्थर का अध्ययन कर नमूने लाने की तैयारी में है और उसका एक मिशन वृहस्पति के वातावरण तथा चुम्बकीय क्षेत्र का अध्ययन कर रहा है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, तारों और ग्रहों के बनने की प्रक्रिया तथा परग्रही जीवन की संभावनाओं की खोज में लगा है। आर्टेमिस कार्यक्रम के अंतर्गत नासा 2030 तक चंद्रमा पर मानवीय बेस स्थापित करने की योजना बना रहा है।

उधर, यूरोपियन स्पेस एजेंसी, जो 11 वर्ष पूर्व धूमकेतु पर उतर चुकी थी, वर्तमान में बृहस्पति के चंद्रमाओं और उनके बर्फीले महासागरों का अध्ययन कर रही है। जापान की स्पेस एजेंसी पांच वर्ष पहले एक क्षुद्रग्रह से मिट्टी-पत्थर पृथ्वी पर ला चुकी है और अब उसका लक्ष्य चंद्रमा से नमूने लाना है। चीन भी चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतर चुका है और वहां से नमूने ला चुका है। उसका लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजना है। संयुक्त अरब अमीरात की स्पेस एजेंसी मंगल की कक्षा से उसके वातावरण का अध्ययन कर रही है। वहीं, स्पेस-एक्स जैसी निजी कंपनियां भी गहन अंतरिक्ष अध्ययन में सक्रिय हैं। संक्षेप में, रूस को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियां गहन अंतरिक्ष अन्वेषण में क्षुद्रग्रहों और चंद्रमा से संसाधनों के दोहन, अन्य ग्रहों और उपग्रहों पर जीवन की संभावनाओं के खोज तथा वहां मानव के स्थायी ठिकाने बनाने के उद्देश्य से कार्यरत हैं। प्रधानमंत्री भलीभांति जानते हैं कि भले ही भारत अभी क्षुद्रग्रह से नमूने लाने में सफल न हुआ हो और कुछ उपलब्धियों में कुछ पीछे हो, लेकिन हमारे पास एक ऐसा संगठन है, जिसका लोहा संपूर्ण विश्व मानता है और जो कई क्षेत्रों में अद्वितीय है.. वह संगठन है इसरो। अनेक उपलब्धियों के कारण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन लगातार सुर्खियों में रहा है और उसकी उल्लेखनीय उपलब्धियों ने भारत की अंतरिक्ष शक्ति को विश्व पटल पर स्थापित किया है।

इसरो गहन अंतरिक्ष में बीस लाख किलोमीटर से अधिक दूरी तक अपने शोध और प्रयोग जारी रखे हुए है। वह मंगल, वृहस्पति और चंद्रमा के अतिरिक्त धूमकेतुओं, बाह्य सौरमंडल तथा आकाशगंगा के अध्ययन में संलग्न है। इसरो अंतरग्रहीय संचार, अन्य ग्रहों पर जीवन की खोज और नवीन संसाधनों की तलाश में भी योगदान दे रहा है। उसने रोबोटिक मिशन भेजे हैं और मानवीय मिशनों की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। अंतरग्रहीय यात्रा के लिए आयन इंजन, परमाणु प्रणोदन जैसी नई प्रोपल्शन तकनीकों, पुनःप्रयोग योग्य प्रक्षेपण यानों और स्पेस डॉकिंग तकनीक के व्यवहारिक उपयोग में सफलता प्राप्त कर चुका है। हाल ही में गगनयान मिशन से संबंधित एयर ड्रॉप टेस्ट में भी कामयाबी मिली है। अगले पांच वर्षों में भारत का अपना स्पेस स्टेशन सुदूर अंतरिक्ष अन्वेषण और प्रयोग हेतु सक्रिय होगा। निस्संदेह, इसरो और हमारे वैज्ञानिकों के पास इस कार्य की पर्याप्त क्षमता और प्रतिभा है। इसके अतिरिक्त, अब निजी भागीदारी भी इसरो के साथ जुड़ रही है, जो भविष्य में क्षुद्रग्रह मिशनों और गहन अंतरिक्ष संचार में सक्रिय भूमिका निभाएगी। विशेष बात यह है कि इसरो अन्य देशों की तुलना में बहुत कम लागत पर सफल मिशन संचालित करता है।

पूरा विश्वास है कि अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और किफायती तकनीक के बल पर भारत अंतरिक्ष संसाधनों की खोज में न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि विश्व का अग्रणी साझेदार भी बनेगा। इसी विश्वास पर प्रधानमंत्री ने डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन मिशन का आह्वान किया है। अक्सर कुछ क्षेत्रों से यह अदूरदर्शितापूर्ण प्रश्न उठाया जाता है कि जब धरती और उस पर रह रहे लोगों की अनेक समस्याएं मौजूद हैं, तो अंतरिक्ष पर अरबों रुपये खर्च करने का क्या औचित्य है? परंतु वस्तुतः अंतरिक्ष अन्वेषण से भविष्य में देश, समाज और संपूर्ण मानवता को जो लाभ होने वाले हैं, उन्हें समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और दूरगामी सोच आवश्यक है। यह बात प्रधानमंत्री जैसे दृष्टा ही स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आशा है कि सरकार दीर्घकालिक और व्यापक दृष्टिकोण, स्पष्ट रोडमैप और पर्याप्त बजट के साथ आगे बढ़ेगी तथा आगामी दो दशकों के भीतर गहन अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी।

आप की बात

बढ़ती आर्थिक असमानता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। दरअसल असमानता को दूर करने के लिए जरूरी है कि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ा जाये और न्यूनतम आय एवं रोजगार की गारंटी मिले। इससे देश की प्रगति भी तेज होगी और आर्थिक असमानता भी कम हो सकती है।

महेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.

नक्सलवाद पर प्रहार

देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कभी गंभीर खतरा बन चुके नक्सलवाद का फिलहाल तेजी से सफाया हो रहा है और जल्द ही देश नक्सली समस्या से पूरी तरह मुक्त हो जायेगा। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ नक्सलवादियों पर सुरक्षा बलों के प्रबल प्रहार के कारण धीरे-धीरे नक्सलवाद का भूगोल सिमटता जा रहा है। आतंकवाद पर मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति से सब परिचित हैं। पूर्वोत्तर में संघर्षरत गुटों से समझौता करके और जम्मू-कश्मीर में सैन्य पराक्रम से आतंकवाद को सीमित करने में बड़ी मदद मिली है। लेकिन सरकार ने आतंरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पर भी उल्लेखनीय कार्य किया है और इसी का परिणाम है कि पशुपतिनाथ से तिरुपति नाथ तक लाल कॉरिडोर बनाने का माओवादी सपना अब टूट गया है। अब माओवादी नक्सलवाद देश के बहुत ही सीमित हिस्से में रह गया है। संभव है अगले कुछ वर्षों में जो माओवादी बचे हैं, वे भी या तो हथियार डाल देंगे या सुरक्षा बलों के हाथों मारे जायेंगे। छत्तीसगढ़ के बस्तर के अबूझमाड़ घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने बीते दिनों 31 नक्सलियों को ढेर कर हमारे इस आकलन को पुख्ता भी किया है। अबूझमाड़ ऐसा पिछड़ा और खतरनाक इलाका है कि सरकारी अधिकारी वहां जाने से डरते हैं।

रमेश चन्द्र द्विवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

अपहरण और रेप में पाक्सो आरोपित दोषमुक्त

अयोध्या। छह साल पहले महाराजगंज थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी का अपहरण कर अपने घर के अन्दर ले जाकर उसकी इच्छा के विपरीत दुराचार करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पाक्सों आरोपित राम जनम पर अपराध साबित न होने पर दोषमुक्त कर दिया गया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश (तृतीय फास्टट्रैक कोर्ट) दीपक यादव ने वादी एवं पीड़िता के बयान तथा बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के तर्कों को सुनने के पश्चात दिया। यह मामला अयोध्या जनपद के महाराजगंज थाना अन्तर्गत एक गांव का वर्ष 2019 का है। बचाव पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राम किशुन यादव, पवन यादव, आदर्श यादव व शैलेष यादव ने जोरदार पैरवी किया। तर्क दिया कि वह बेकसूर है रंजिशन फंसाया गया है। बयानों में भिन्नता है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 17-18 अक्टूबर 2019 की रात में गांव के राम जनम पुत्र निमोर्ही वादी की 16 वर्षीय पुत्री की अपहरण कर लिये इसके बाद अपने घर के अन्दर ले जाकर उसकी इच्छा के विपरीत दुराचार किया। हो हल्ला पर गांव के लोग दौड़े तब वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

सूर्यकुंड में होगी पेयजल की व्यवस्था

जिला संवाददाता

अयोध्या। आगामी रविवार को आयोजित सूर्यकुंड मेला के पहले सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने दिए। वह नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ दर्शननगर वार्ड में ह्णनगर की सरकार आपके द्वारह्ण अभियान के तहत जन समस्याओं का जायजा लेने निकले थे। सुबह के 7:00 बजे सूर्यकुंड के प्रवेश द्वार पर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दल अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ के नेतृत्व में मौजूद था। इसी बीच महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार वहां पहुंचे। यहां पार्षद प्रतिनिधि मनीष चैधरी ने स्थानीय लोगों के साथ अगुवानी की। इसके बाद निरीक्षण का सिलसिला शुरू हुआ। महापौर ने सूर्यकुंड के परिसर के बाहर चल रही सफाई को देखकर संतोष जताया, साथ ही शनिवार दोपहर तक सफाई व्यवस्था मुकम्मल कर लेने की हिदायत दी। सूर्यकुंड परिसर के अंदर घास उगी देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण से इस संबंध में पत्राचार करने का निर्देश दिया। महापौर ने मेला के मद्देनजर अस्थाई तौर पर लाइट लगवाने, पार्किंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने पांच सीटर शौचालय मेला परिसर में खड़ा करने तथा पेयजल के लिए वॉटर टैंकर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने परिक्रमा मार्ग से उखाड़े गए हैंडपंप को पुनः लगाने की मांग की। इस पर महापौर ने लोक निर्माण विभाग से पत्राचार करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में स्थापित नवग्रह तोड़ने की शिकायत भी दर्ज कराई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि सत्यदेव मिश्र ने मेला के दौरान चारों गेट खोलने की मांग की। इस पर नगर आयुक्त ने पत्राचार करने का वादा किया। उन्होंने सफाई को लेकर नामित एजेंसी ह्णकवचह्ण को निर्देश देने को कहा। महापौर ने मेला के पूर्व वाटर गन से परिसर के पेड़ों तथा जरूरी स्थान की धुलाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लगभग दो घंटे तक सूर्यकुंड परिसर, उसके आसपास तथा वार्ड की गलियों में भ्रमण कर स्थानीय लोगों से बातचीत की। थोड़ा आगे बढ़ने पर गुड़िया श्रीपाद व अन्य ने नाली बनवाने की मांग की। महापौर ने दर्शन नगर चैराहे के सन्निकट सामुदायिक शौचालय बनवाने तथा नाली निर्माण का वादा किया। उन्होंने जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए नालों को एक दूसरे से जोड़ने तथा कूड़ा दान लगाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रविकांत यादव, राकेश पांडेय, नीरज गुप्त, विनोद मिश्र, चिंटू तिवारी, डॉ. एपी सिंह जी मौजूद रहे।

- नगर की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत महापौर ने नगर आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

खेल जगत की 25 हस्तियां महापौर के हाथों सम्मानित

जिला संवाददाता

अयोध्या। शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में खेल जगत की 25 हस्तियों को नगर निगम के तत्वाधान में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने खिलाड़ियों एवं कोच को ट्रैकसूट व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद चंदन सिंह, रामशंकर, सौरभ सिंह, सूर्या तिवारी, अजय तिवारी, निखिल श्रीवास्तव, किशन मौर्य, सर्वजीत छोटू, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे, क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना, अनूप दुबे, रंगेश त्रिपाठी, सरदार सुरेंद्र सिंह, आशीष सूद, केपी सिंह, हेमंत पांडे, देवेशमणि त्रिपाठी, आयोजन समिति के राहुल सिंह, सुनील अवस्थी, रोहित शर्मा, राहुल पाठक, निरंकार पाठक, लालजी शुक्ल, आदि मौजूद रहे। महापौर ने इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर निगम में एक और स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, ताकि अयोध्या नगरी के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने का भी वादा किया। नगर आयुक्त ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का योगदान अविस्मरणीय है, उन्हें नमन करना हम सभी के लिए गौरव की बात है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि इस मौके पर फुटबॉल एवं हैंडबॉल के प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह, हॉकी के योगेश्वर सिंह, कबड्डी के राकेश कुमार मौर्य, वॉलीबॉल के प्रियेश दुबे, बैडमिंटन के अनुपम शुक्ल, बास्केटबॉल के शशांक पांडे, क्रिकेट के अंबुज मिश्र, खिलाड़ियों में एथलेटिक्स के अभिजीत सिंह, पलक तिवारी, शालू कुमारी, कुश्ती के पुष्कर राज शुक्ल, फुटबॉल के रुद्राणी यादव, कबड्डी के वैभव सिंह, बिंदु यादव, बैडमिंटन के दिव्यांश सिंह, लक्ष्मी गौड़, वॉलीबॉल के आदित्य गुप्त, प्रियंका दुबे, जय मिश्र, तैराकी के कृष्णा यादव, सृष्टि पाठक, निशानेबाजी के प्रनतपाल सिंह, अर्पिता सिंह, क्रिकेट के विधि यादव आदि शामिल रहे।

- खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन

दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग देगी सरकार : मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में स्थित राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के अंतर्गत चल रहे संरक्षण कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंचे। यह उनका विश्वविद्यालय परिसर में तीसरा आगमन था। विश्वविद्यालय परिवार ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्तिवाचन के बीच किया। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार और वित्त अधिकारी सहित आचार्यों ने उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री योगी ने दुर्लभ पांडुलिपियों एवं उनके संरक्षण कार्यों की प्रगति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कार्यों की गति और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की धरोहर इन पांडुलिपियों का संरक्षण एक सराहनीय कार्य है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संरक्षित करना आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण दायित्व है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विस्तार भवन में भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन द्वारा चल रहे संरक्षण कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक सरस्वती भवन पुस्तकालय और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री का तीसरी बार विश्वविद्यालय आगमन होना संस्कृत भाषा, विश्वविद्यालय और देववाणी के लिए गौरव और हर्ष की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पांडुलिपियों के संरक्षण के इस अभियान को गति देने में विश्वविद्यालय पूरी तरह से तत्पर है। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिवार से कुलसचिव राकेश कुमार, वित्त अधिकारी हरिशंकर मिश्र, प्रो. जितेंद्र कुमार, प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, प्रो. राजनाथ, अभियंता रामविजय सिंह, जनसंपर्क अधिकारी शशिंद्र मिश्र सहित कई आचार्य और अधिकारी उपस्थित रहे।

- संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय पहुंचे सीएम योगी, तीसरी बार हुआ परिसर में आगमन
- वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्तिवाचन के बीच हुआ मुख्यमंत्री का पारंपरिक स्वागत
- सीएम योगी ने राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के तहत संरक्षण कार्यों का किया निरीक्षण
- पांडुलिपियों के संरक्षण को और तीव्रता से आगे बढ़ाने का निर्देश

जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्धः रोहित

जिला संवाददाता

अयोध्या। जिला पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने जनता दरबार लगाया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। रोहित ने सभी की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए वार्ता किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से आवास, पेंशन, शौचालय, बिजली, सड़क और नलकूप जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। कुछ ग्रामीणों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी परेशानियों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें भी रखीं। आलोक सिंह रोहित ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझना और समयबद्ध समाधान कराना है। उन्होंने कहा, जनता की परेशानी दूर करना हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी भी पीड़ित को इधर-उधर भटकना न पड़े, यह हमारी जिम्मेदारी है। जिले का हर नागरिक बिना भेदभाव अपनी समस्या लेकर मेरे पास आ सकता है। प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर जनता को राहत पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं। रोहित ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अधिकारियों को टालमटोल नहीं किया जाए, बल्कि तय समय सीमा में निस्तारित किया जाए। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या पर गंभीरता से कार्यवाही होगी।

प्रतिबंधित दवाओं के खिलाफ चला अभियान, 2 दुकानें सील

बाराबंकी। जनपद में नकली और प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी पर रोक लगाने को लेकर औषधि निरीक्षको की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर प्रतिबंधित व अवैध दवाओ की ब्रिकी पर रोक लगाये जाने को लेकर औषधि निरीक्षक राजिया बानो व औषधि निरीक्षक अयोध्या आलोक कुमार त्रिवेदी की संयुक्त टीम ने शहर के लखन मार्केट स्थित दवा मंडी, कुर्सी रोड स्थित शगुन फार्मा व जायसवाल मेडिकल स्टोर पर छापेमारी मे नारकोटिक्स एवं प्रतिबंधित औषधियों की सघन जांच करते हुये किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित औषधि नहीं पाई गई। तथा प्रतिष्ठान में कॉम्पिटेंट पर्सन उपस्थिति न होने के कारण औषधियों का क्रय विक्रय तत्काल प्रभाव से रोकते हुए कॉम्पिटेंट पर्सन का भौतिक सत्यापन होने तक प्रतिष्ठान को बन्द कराया गया। तथा मेडिकल स्टोर में रखी 4 औषधियों का रेंडमली आधार पर नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ने की बैठक

जैदपुर, बाराबंकी। उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय संगठन मंत्री ने न्यायपंचायत नवाबपुर कोडरी के कम्पोजिट स्कूल मुरलीगंज, प्राइमरी स्कूल कोपवा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोपवा, प्राथमिक विद्यालय मुतुर्जीपुर में अध्यापकों व अभिभावकों से मिल बच्चों के नामांकन वृद्धि, उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षकों के समक्ष आने वाली समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से वार्ता की। इस मौके पर मोहम्मद आसिम, रिंकू सिंह, वंदना यादव, सोमप्रभा, मिनहाज, रजा आमिर, मिस्बाह फातिमा, विपिन, कामिनी वर्मा, शमा अफरोज, अंशिका वर्मा, रेनू मौजूद रहे।

एसपी ने शिकायतों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये

बहराइच। जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

शौचालय में मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला आजादपुरा में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से बलात्कार करने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि जमालपुर थाना तालबेहट निवासी एक व्यक्ति जो कि शहर में निवासरत है और कलारी में सेल्समैन के पद पर तैनात है, ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि जब वह सुबह उठा तो आजादपुरा लेडियापुरा स्थित देशी कलारी के पास बने शौचालय में उन्होंने अपने पड़ोसी रामसिंह यादव को इलाके में घूमने वाली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ बलात्कार करते हुए देखा। शिकायतकर्ता की आहट सुनते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ है और अक्सर इलाके में भटकती रहती थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने बीएनएस, 2023 की धारा 64(2)(के) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी रामसिंह यादव पुत्र सिरनाम यादव, निवासी लेडियापुरा आजादपुरा द्वितीय, गोविंदसागर बांध के पास ललितपुर की पहचान भी कर ली है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मानसिक रूप से अस्वस्थ्य महिला से दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने के बाद एसपी मो. मुश्ताक के आदेश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में आरोपित मोहल्ला लेडिपुरा निवासी रामसिंह यादव पुत्र सरनाम सिंह को हिरासत में ले लिया।

06 व्यक्तियों के खातों में भेजी गई रू. 24 लाख की अहेतुक सहायता

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि विभिन्न आपदाओं अन्तर्गत जिले के 06 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहेतुक सहायता के रूप में रू. 24 लाख तथा 10 व्यक्तियों के बैंक खातों में पशु सहायता के रूप में रू. 3.75 लाख इस प्रकार 16 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 27.75 लाख की सहायता राशि भेजी गई है। तहसील नानपारा अन्तर्गत 03 व्यक्तियों के बैंक खातों में रू. 12 लाख, मिहींपुरवा (मोतीपुर) व महसी में 01-01 व्यक्ति के बैंक खाते में रू. 04-04 लाख, इस प्रकार 05 व्यक्तियों के बैंक खातों में अहेतुक सहायता के रूप में रू. 20 लाख की धनराशि 18 अगस्त 2025 को हस्तान्तरित की गई है। इसी प्रकार तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 01 व्यक्ति के बैंक खाते में अहेतुक सहायता के रूप में रू. 04 लाख तथा तहसील महसी, कैसरगंज, आदि है।

इंदिरा स्टेडियम में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ शुभारम्भ

बहराइच 29 अगस्त। हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी की जयन्ती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड ने नगर पलिका परिषद के प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, बहराइच उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी बृजमोहन मातनहेलिया, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, जिला क्रीडाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य महराज सिंह इण्टर कालेज संतोष शुक्ला सहित खेल संगठनों के पदाधिकारी व अन्य अतिथियों के साथ मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का शुभारम्भ कर मौजूद विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकाओं, छात्र-छात्राओं, खेल प्रेमियों व अन्य अतिथियों को शपथ भी दिलायी। इसके पश्चात पूर्व सांसद ने अन्य अतिथियों के साथ जनता माण्टेस्री स्कूल व गोल्डेन वेल्स एकेडमी के मध्य खेले जाने वाले हाकी मैच का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान पदमश्री मोहम्मद शाहिद सिन्थेटिक हाकी स्टेडियम विजयन्तखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद श्री गोड ने कहा कि हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा है कि खेलों के माध्यम से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास हो और खेलों के प्रति उनकी रूचि बढ़े। गत वर्षो में ओलम्पिक के दौरान हमारे देश के कई होनहार खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होनें मौजूद बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। जबकि कार्यक्रम का संचालन सरदार सरजीत सिंह ने किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन आयोजित हाकी प्रतियोगिता में राजा रंजीत सिंह स्कूल, जनता मॉन्टेसरी स्कूल, गोल्डेन बेल्स एकेडमी, स्टेडियम, सीएमएस, संत पथिक एकेडमी, मॉर्निंग स्टार स्कूल एवं डीएचए बहराइच सहित कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का प्रथम सेमी फाइनल राजा रंजीत सिंह बनाम स्टेडियम के मध्य खेला गया, जिसमें स्टेडियम विजयी रही। जबकि दूसरा सेमी फाइनल संत पथिक बनाम डीएचए के मध्य खेल गया, जिसमें डीएचए विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल स्टेडियम बनाम डीएचए के मध्य खेल गया, जिसमें स्टेडियम 2-0 से विजयी रही। मुख्य अतिथि श्री गोंड ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण।

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण
- माल्यार्पण कर याद किये गये हाकी के जादूगर

14 उर्वरक बिक्री केंद्रों पर भेजी गई 4200 बोरी यूरिया

बहराइच। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 2976 मैट्रिक टन यूरिया, 5226 मैट्रिक टन डीएपी, 2808 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13322 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक जनपद में 58925 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। गत बृहस्पतिवार को जिले में 607 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की 14 समितियों, सहकारी संघ बालापुर, बाबागंज व कटहा, साधन सहकारी समिति खुटेहना, पयागपुर, वशेश्वरगंज, रिसिया, शंकरपुर, बाबागंज, नासिरगंज, कसेहरी बुजुर्ग, साधन, सरायजगना, रायबोझा व नाकौड़ा पर 13.5-13.5 मैट्रिक टन उर्वरक भेजा गया है।

इस तरह जनपद की कुल 14 समितियों पर 189 मैट्रिक टन/4200 बोरी उर्वरक भेजी गयी है।

मासूमों की जिंदगी से खेल रहे स्कूल संचालक

बहराइच। जनपद बहराइच में लगातार सरकार के नियमों को ताक पर रख कर मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ खेलवाड़ किया जा रहा है।,एक तरफ सरकार विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सख्त आदेश देती है की जिले के परिवाहन अधिकारी विद्यालयों में चलने वाली स्कूली वाहन की मासिक समीक्षा करे।,वही दूसरी ओर विद्यालय के संचालकों के द्वारा मासूम बच्चों की जिंदगी को जोखिम में डाल कर पैसा कमाया जा रहा है,,मासूम मासूम बच्चों को खाद की बोरियों की तरह स्कूली वाहनों में ठूसा जा रहा है न ही बच्चों को लेकर कोई सुरक्षा उपकरण है न सरकारी नियमों का कोई पालन,इसको लेकर जब हमारे संवाददाता ने इसकी पड़ताल शुरू की,सरकार के नियमों के उल्ट सब चीजे आई नजर न चालक द्वारा सीट बेल्ट का पालन किया जा रहा था, वाहन में फायर सिलेंडर तो कुछ में दिखा लेकिन फर्स्ट एड बॉक्स तो वाहन से गायब ही था, वही जिले के परिवाहन अधिकारी ओ.पी.सिंह ने बताया कि जो भी छोटी स्कूली वैन है जैसे टाटा मैजिक, मैक्सिमो, सुपुरो आदि उसमें ड्राइवर मिलाकर 08 सीट पास है।, जनपद बहराइच स्कूल के संचालकों के द्वारा सूबे की सरकार से बेखौफ हो कर स्कूल के द्वारा वाहन में14 बच्चे बैठाए जा रहे।

बिगड़ती कानून व्यवस्था, क्राइम की बढ़ोत्तरी पर पूर्व सांसद ने की प्रेस वार्ता

जिला संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। वर्तमान सरकार केवल धर्म और जाति पर राजनीति कर रही है। प्रदेश में पूरी तरीके से माफियाराज कायम है, जिसमें चारों तरफ भय का माहौल बना हुआ है। वर्तमान सरकार को पूरे 8 साल हो रहे हैं, जिसमें चोरी, डकैती, हत्याऐं वा महिलाओं पर अपराधिक घटनाऐं, दलितो का शोषण व उत्पीड़न किया जा रहा है। दलितों की बारात व घोड़ी पर चढ़ने नही दे रहे हैं। इस सरकार में जाति पूछ के अत्याचार किया जा रहा है। उक्त उद्गार सांसद आवास पर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, क्राइम की घटनाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने मीड़िया से रुबरु होते हुये व्यक्त किये। श्री पुनिया ने कहा कि सरकार बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के नारे दे रही है जबकि हकीकत यह है कि इस सरकार में जितना अत्याचार बेटियों पर हुआ है इससे पहले इतना अत्याचार किसी भी सरकार में नही हुआ हैं। यूरिया खाद के मुद्दा पर बोलते हुये पूर्व सांसद श्री पुनिया ने कहा खाद की कालाबाजारी नेपाल में हो रही है जोकि 2 से 2.50 हजार की बोरी बेची जा रही है। जिससे जनपद का किसान त्राहि त्राहि कर रहा है। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने वोट चोरी के मुद्दे पर कहा कि, जिस प्रकार सरकार एवं चुनाव आयोग आपस में गठबन्धन कर वोट चोरी कर रहा है उससे आम जनमानस काफी आघात है। इससे आमजनमानस के अधिकारों की लड़ाई पूरे देश में सिर्फ और सिर्फ एक हमारे नेता जननायक श्री राहुल गांधी जी लड़ रहे हैं, और जनपद बाराबंकी के अन्दर एक एक वोट पर हमारी निगाहें रहेंगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, विजय पाल गौतम, अजय रावत, आर0डी0 राव, इरफान कुरैशी मौजूद रहे।

- 8 साल के कार्यकाल में वर्तमान सरकार मे चोरी, डकैती, हत्याऐं व महिलाओं, दलितो का हुआ उत्पीड़नः डॉ. पीएल पुनिया

शासकीय रोजगार योजनाओं में बैंकर्स ऋण स्वीकृति में लापरवाही बर्दाशत नहीः डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीती शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सीएम युवा योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण में कमी पाई जाने पर निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि सभी बैंकों की ब्रांच नंबर के आधार पर सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि लाभार्थियों के डॉक्यूमेंट आदि कोई कमी पाई जाती है तो तत्काल उनको गाइड करते हुए उनके डॉक्यूमेंट्स को पूरा करने लिए जानकारी दे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासकीय रोजगार परक योजनाओं में बैंकर्स द्वारा ऋण स्वीकृति एवं वितरण में बरती जाने वाली प्रवृत्ति आपत्तिजनक है, जिसके कारण शासकीय योजनाओं के लक्ष्य आपूर्ति में रूकावट पैदा हो रही है। उन्होंने शासकीय योजनाओं में शिथिलता और उदासीनता बरतने वाले बैंकर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों को पूर्ण मानक के अनुरूप निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

संक्षेप

व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित

सुलतानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक आयुक्त, राज्य कर ने व्यापारियों को समाधान योजना के अंतर्गत पंजीयन के बाद निल रिटर्न दाखिल करने के बावजूद अनियमितता बरतने वालों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा की जा रही रेकी एवं निरीक्षण संबंधी गतिविधियों से भी उपस्थितजनों को अवगत कराया। व्यापारियों ने ट्रांसपोर्ट नगर में दुकानों के आवंटन में हो रही देरी, प्रक्रिया की जटिलता तथा दुकानों की मरम्मत जैसी समस्याओं को बैठक में उठाया। इस पर सीडीओ श्री कौशिक ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा ताकि जिले में व्यवसायिक वातावरण बेहतर बनाया जा सके। बैठक में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, विभिन्न प्रमुख बैंकों के प्रबंधक, जिले के प्रमुख व्यापारी, उद्यमी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास से मनाया गया खेल दिवस

सुलतानपुर। सरस्वती इंटर कॉलेज उमरी, कादीपुर में 14वां राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में संजय सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर मनाया जाता है, जो हमें खेलों के महत्व और जीवन में उनकी भूमिका की याद दिलाता है। इसके बाद क्रीड़ा प्रभारी आनंद सिंह के नेतृत्व में कबड्डी, खो-खो, दौड़ एवं रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कबड्डी में जूनियर बालक वर्ग में कक्षा 8 तथा बालिका वर्ग में कक्षा 7 की टीम विजेता रही। सीनियर बालक वर्ग में कक्षा- 11 ने कक्षा 12 को हराकर जीत दर्ज की, जबकि बालिका वर्ग में कक्षा 6 की टीम विजेता बनी। 100 मीटर दौड़ (जूनियर) में अर्पित प्रथम, उत्कर्ष द्वितीय, बिमलेश तृतीय रहे। 200 मीटर सीनियर वर्ग में सूरज सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में आकृति, अंशिका और अंकिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सड़क हादसे में नर्स की मौत

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। प्यारेपुर के पास एक स्टाफ नर्स की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतका की पहचान आराधना के रूप में हुई है। आराधना प्यारेपुर में किराए के मकान में रहती थी। वह पास के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थी। घटना उस समय हुई जब वह सड़क पार कर रही थी। लखनऊ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत आराधना को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना में शामिल वाहन को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

दो माह में पूरा होगा राना बेनी माधव बक्स सभागार का कार्य

- राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति के सदस्यों ने सारस चौक पर कैबिनेट मंत्री का किया स्वागत

रायबरेली। प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का जनपद आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राना बेनीमाधव बख्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह का होटल सारस में भव्य स्वागत किया।

उन्होंने समिति के पदाधिकारियों से निमार्णाधीन राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार की प्रगति जानी। समिति के सदस्यों में कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने फोन पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मिश्रा से बात की। उन्होंने प्रमुख सचिव से अविलंब समस्याओं की निस्तारण करने व लापरवाही बरत रहे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने प्रमुख सचिव से हर हाल में दो माह के अंदर कार्य पूरा करने के लिए कहा है। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने नवम्बर में राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम में आने की स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट मंत्री ने समिति के प्रयासों को पूरा सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया। सदर विधायक अदिति सिंह, राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बब्बू भईया, संरक्षक राजा राकेश प्रताप सिंह, जेपी सिंह, संयोजक उपमेंद्र सिंह, महेन्द्र सिंह, राजन सिंह, सुनील सिंह भदौरिया, भाजपा नेता धनंजय सिंह, शिवेंद्र सिंह, लखन सिंह, धीरेंद्र सिंह, बीपी सिंह, राजा भदौरिया, शिवम सिंह, वरुण तिवारी, नकुल सिंह, शिवम मिश्र सेनानी, राघवेंद्र सिंह, शशांक सिंह व समिति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

निर्माणाधीन बैडमिंटन हॉल का डीएम ने लिया जायजा

रायबरेली। डीएम हर्षिता माथुर ने मोती लाल नेहरू स्टेडियम में निर्माणाधीन बैडमिंटन हॉल, तरणताल, बाउण्ड्रीवाल कार्य का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। स्टेडियम में लगभग 20 करोड़ से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, परियोजना की प्रथम किस्त के रूप में 5 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्यदायी संस्था उप्र आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाये।

पर्यटन मंत्री ने 14 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

रायबरेली। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद के गौरा हरदो स्थित दुर्गा माता मन्दिर का पर्यटन विकास (लागत रु. 72.47 लाख) की भूमि पूजन शिलान्यास किया। इसी क्रम में सलोन में स्थित महेश्वरनाथ मन्दिर का पर्यटन विकास (लागत रु. 56.80 लाख), डलमऊ में गंगा तट पर स्थित नागेश्वर शिव मन्दिर का पर्यटन विकास (लागत रु. 79.19 लाख), हरचंदपुर स्थित श्री मंसेश्वर महादेव मन्दिर का पर्यटन विकास (लागत रु. 97.95 लाख), रामजानकी शिव मन्दिर पर पर्यटक सुविधाओं की अवस्थापना एवं सौन्दर्यीकरण (लागत रु.107.91 लाख) का लोकार्पण किया।

कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने इसी दौरान इन्दिरा गांधी स्मारक वानस्पतिक उद्यान के अन्तर्गत ईको पर्यटन विकास कार्य (लागत रु.177.07 लाख), शंकरेश्वर मन्दिर खजूरगांव लालगंज का पर्यटन विकास (लागत रु.41.45 लाख), कुचरिया स्थित झलेश्वर मन्दिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य (लागत रु. 54.50 लाख), महर्षि गोकर्णनाथ (गोकना) घाट का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य (लागत रु. 226.73 लाख), नसीराबाद स्थित रामलीला स्थल का पर्यटन विकास कार्य (लागत रु. 130.82 लाख), गहिरेश्वर मन्दिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य (लागत रु. 160.55 लाख), शंकरपुर जगतपुर स्थित राना बेनी माधव सिंह की स्मृति स्थल का जीर्णोद्धार एवं पर्यटन विकास (लागत रु. 27.29 लाख) का लोकार्पण किया गया। कैबिनेट मंत्री ने लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की लाभ परक योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार हर वर्ग की चिंता करती है और उनके हितों का ध्यान रख रही है। किसानों को पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौक पर विधायक ऊंचाहार डॉ मनोज कुमार पांडे, विधायक सदर अदिति सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनसामान्य उपस्थित रहे।

आरआरपीजी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

अमेठी। आरआरपीजी कॉलेज अमेठी में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डॉ.ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा किया गया। डॉ.ओम प्रकाश त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि, 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, । यह दिवस हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। खेलों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया इसी क्रम में समन्वयक डॉ. दुष्यन्त प्रताप सिंह विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा फिट इंडिया रैली का आयोजन किया गया जिसको प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों के प्रति आभार डॉ.चंद्रशेखर सिंह द्वारा किया गया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.अनूप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जनपद में 17 चिकित्सकों की होगी नयी तैनाती

अमेठी। जनपद में स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 17 एमबीबीएस चिकित्सकों की संविदा पर भारती की गई साक्षात्कार के बाद परिणाम घोषित कर दिया गया है जिससे माना जा रहा है कि जनपद के जिला चिकित्सालय से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक चिकित्सकों की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी जहां मरीजों को अपनी बारी का काफी देर तक इंतजार करना पड़ता था शायद अब ना करना पड़े मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि हमारे जनपद में चिकित्सकों की काफी कमी थी लेकिन अब 17 एमबीबीएस चिकित्सा के मिल जाने के बाद काफी राहत भरी खबर है जिससे मरीजों को अच्छा स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इन चिकित्सकों को जिला चिकित्सालय के अलावा भेंटुआ, भादर,संग्रामपुर मुसाफिरखाना, तिलोई ,जायस ,बाजारशुक्ल, सी एच सी पर तैनात किया जाएगा जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीज को चिकित्सा का बेहतर लाभ मिल सके फिलहाल आज परिणाम घोषित हो चुका है जल्दी ही इनकी तैनाती कर दी जाएगी।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में सीडीओ को मिला प्रशस्ति पत्र

अमेठी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) में उत्कृष्ट कार्य करने पर अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल को शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रशस्ति पत्र खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा द्वारा प्रदान किया गया। कृषकों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सीडीओ अमेठी की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने कृषकों और उद्यमियों को समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया, जिससे जिले के प्रस्तावों को स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली। खाद्य प्रसंस्करण विभाग की प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 और पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्ट्राइकिंग रेट 70 प्रतिशत के सापेक्ष 98 प्रतिशत स्वीकृति हासिल की। इस उपलब्धि में अमेठी जिले का योगदान उल्लेखनीय रहा।

लकड़कटों का आम के पेड़ पर चला आरा

नसीराबाद रायबरेली। एक ओर प्रदेश सरकार जीवन जीने के लिए वृक्ष लगाओ अभियान चलाकर हरियाली बसाने मे जुटी है तो वही दूसरी ओर दिन दहाड़े लकडकटो हरियाली पर आरा चला कर क्षेत्र को रेगिस्तान बनाने पर तुले हैं बात करें तो इस समय नसीराबाद थाना क्षेत्र में खूब हरियाली पर आरा चटक रहा है। यह नजारा शुक्रवार को देखने को मिला। बताया जाता है कि वन विभाग और पुलिस की मिली भगत के चलते क्षेत्र में हरियाली पर ठेकेदार खूब आरा चटका रहे है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के पूरे बैसन मजरे बभनपुर गांव पक्की सड़क से सटी बाग में लकडकटों द्वारा आम के पेड़ को काटकर ट्रैक्टर में लोडिंग करने जा रहे थे तभी गांव के कुछ लोग पहुंचे और बीरों करते हुए पुलिस अधीक्षक और वन रेंजर से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की मामले में वन रेन्जर श्याम सुंदर का कहना है कि शिकायत मिली है जांच कराई गई मौके पर लकड़ी पाई गई कार्रवाई होगी।

एक ही गांव में तीन घरों में चोरी, तीन में प्रयास

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गुरुवार की देर रात गोसाईगंज थाना अंतर्गत कटका खानपुर के गाना मिश्र का पुरवा कोहराइयां में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के गहने, नकदी, समेत बर्तन उठा ले गए। वहीं तीन अन्य घरों में चोरी का प्रयास किया, लेकिन लोगों के जग जाने पर प्रयास असफल रहा। घर से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक के किनारे बक्सा टूटा हुआ, मिली घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की पहली घटना शिव बहादुर मिश्र के बंद पड़े घर पर हुई, जहाँ चोरों ने चैनल का ताला तोड़कर अंदर घुसते हुए बर्तन समेत हजारों रुपए के सामान उठा ले गए। पीड़ित शिव बहादुर पत्नी के साथ दिल्ली बेटे के पास इलाज के लिए गए हुए हैं। वहीं दूसरी वारदात बृजलाल के घर हुई चोरों ने मेन गेट के बगल से ईंट निकाल कर दरवाजे की कुंडी खोल अंदर घुस गए, घर में रखी नगदी समेत जेवरात उठा ले गए तीसरी चोरी भुलई प्रजापति के यहां हुई जहां से गृहस्थी के सामान सहित अन्य सामान उठा ले गए वही कोहराइयां के राम चंदर, सुंदर, शेषराम के यहां चोरी का प्रयास हुआ परिजनों के जग जाने पर चोर असफल हो गए बृजलाल ने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मण्डलायुक्त ने किया सुलतानपुर का क्षेत्र भ्रमण

- ग्राम चैपाल लगाकर सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को निस्तारण के दिये निर्देश

सुलतानपुर (वीओएल)। आयुक्त अयोध्या मण्डल राजेश कुमार के सुलतानपुर दौरे के दौरान ग्राम विकास, स्वास्थ्य अवसंरचना और कानून-व्यवस्था से जुड़े कई अहम कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान आयुक्त ने ग्राम पंचायत केनौरा (विकासखंड भदैया) में ग्राम चैपाल का आयोजन किया और जनसुनवाई कर मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

ग्राम चैपाल में वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड, शिक्षा, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। आयुक्त ने शिवगढ़ थानाध्यक्ष को एक चोरी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूह की लखपति दीदियोंह्न को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और स्वच्छता, स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इसके पूर्व, आयुक्त ने निमार्णाधीन ह्लप्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 100 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल व नर्सिंग कॉलेज के छात्रावास का निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह कार्य 3326.57 लाख की लागत से हो रहा है। इसके पश्चात राजस्व वादों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा हेतु नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसकी संयुक्त अध्यक्षता आयुक्त राजेश कुमार एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रवीन कुमार ने की। आयुक्त ने सभी एसडीएम को लंबित राजस्व मुकदमों के शीघ्र निस्तारण व त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को गणेश विसर्जन, बारावफात आदि पर्वों के लिए मार्ग, पंडाल और ध्वनि नियंत्रण की निगरानी के भी निर्देश दिए गए। यह व्यापक भ्रमण व समीक्षा कार्यक्रम जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

वैश्य समाज ने जरूरतमदों ने दी सिलाई मशीन

सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मदद अभियान वैश्य समाज उत्तर प्रदेश लगातार जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे बढ़ रहा है। अब तक समाज के सहयोग से पीड़ित परिवारों को 55 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। इसी क्रम में राधा रानी मैरिज लॉन सूरापुर में सिलाई मशीन वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रहरि समाज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि और कादीपुर के चैयरमैन आनंद जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया रमेश अग्रहरि अपने संबोधन में कहा कि मदद अभियान पूरे देश में कार्य कर रही है और समाज के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। कादीपुर के चैयरमैन आनंद जायसवाल बताया कि हम भी मदद अभियान से जुड़े हैं पंकज गुप्ता के कार्यों की सराहना की। अंबेडकर नगर प्रभारी अंकित अग्रहरि ने जलालपुर में चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी और सभी को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। दिल्ली से माधव अग्रहरि ने कहा कि वे हमेशा मदद अभियान के साथ खड़े रहेंगे, शाहगंज से मनोज अग्रहरि ने अपने क्षेत्र में अभियान की मुहिम शुरू करने की घोषणा की आयोजक पंकज गुप्ता ने सभी अतिथियों का सम्मान कर आभार जताया। इस मौके पर प्रेम प्रकाश जायसवाल, अवधेश अग्रहरि, यश अग्रहरि, प्रमोद अग्रहरि, सोनू अग्रहरि कादीपुर, गोलू अग्रहरि, रमेश अग्रहरि, पवन अग्रहरि पट्टी नरेंद्रपुर, मुकेश अग्रहरि दोस्तपुर, रामफेर अग्रहरि, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रहरि, बैजनाथ आदि मौजूद रहे।

एग्री स्टैक सर्वे का रोजगार सेवकों ने किया विरोध

कूरेभार, सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ की ब्लॉक इकाई कूरेभार द्वारा एग्री स्टैक सर्वे ड्यूटी के विरोध में शुक्रवार शाम को ब्लॉक कार्यालय परिसर में विरोध जताया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शिवलाल के नेतृत्व में दर्जनों रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी को मांगपत्र सौंपा।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर व्याख्यान और खेलप्रतियोगिता आयोजित

लालगंज, रायबरेली। जिले के प्रतिष्ठित, शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, नैक द्वारा प्रत्यायित ग्रेड- बी बैसवारा महाविद्यालय मे शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं खेल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि जय नारायण पीजी कॉलेज लखनऊ के प्रो. धीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि धन्य है वे खिलाड़ी जिन्होंने युद्ध को खेल के मैदान में बदल दिया। प्रोफेसर त्रिपाठी ने मेजर ध्यानचंद से संबंधित विभिन्न स्मृतियों को साझा करते हुए खेल के महत्व रेखांकित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय ने की। प्रोफेसर राय ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए बताया खेल विद्यार्थी एवं मानव जीवन के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होता है। महाविद्यालय परिवार से चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र, सहायक आचार्य डॉ. सूर्यकुमार मिश्र ने खेल से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखें। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक आचार्य भूगोल डॉ. वीरेंद्र कुमार यादव ने किया एवं औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन सहायक आचार्य समाजशास्त्र डॉ. रमेश चंद्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखा अधिकारी सुरेश गुप्ता सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में सहभागिता की।

मेजर ध्यानचंद जयंती पर एसजेएस पब्लिक स्कूल में खेल और उत्साह का संगम

गौरीगंज, अमेठी। एसजेएस पब्लिक स्कूल गौरीगंज में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। विद्यालय के प्रबंधक श्री अनुज सिंह व प्रियंका सिंह जी तथा प्रिंसिपल श्रीमती सबा कौसर सिद्दीकी ने अपने संबोधन में बच्चों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने तथा अनुशासन और खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में हॉकी, क्रिकेट, कबड्डी, दौड़ तथा अन्य खेलों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने टीम भावना और समर्पण के साथ खेलों में हिस्सा लिया और मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें टीमवर्क, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसी जीवन मूल्यों को भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का सफल समापन हुआ।

ग्रामीणों ने लो वोल्टेज की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

तिलोई ,अमेठी। सेमरौता पावर हाउस से नाराज ग्रामीणों ने मोहनगंज पावर हाउस में एक्सचेंज कार्यालय के सामने पावर हाउस सेमरौता मुदार्बाद के लगाए नारे दरअसल में ग्राम सभा पनहोना मजरे कोलवा में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीण गए थे पावर हाउस जेई ने ज्ञापन लेने से किया मना कहा यह मेरे कार्य क्षेत्र में नहीं है तो नाराज ग्रामीणों ने पावर हाउस मोहनगंज पहुंचकर एक्सचेंज को दिया शिकायती ज्ञापन और लो वोल्टेज से निजात व की कार्यवाही की मांग मोहनगंज राकेश रोशन ने दिया ग्रामीणों को आश्वासन कहा मिलेगी लो वोल्टेज से निजात और होगी कार्रवाई इस मौके पर प्रभात द्विवेदी राम शंकर दिनेश महेश शिव शंकर रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

- हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को दी गयी श्रद्धांजलि

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गयी। विद्यालय में हुए विभिन्न आयोजनों में ताइक्वांडों एवं योगा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, छात्रा श्रेया ने ध्यानचंद्र के जीवन पर आधारित कविता पाठ किया और छात्र श्रेष्ठ ने विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई।

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात छात्रा कृतिका ने मेजर ध्यानचंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मेजर साहब का जन्म उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ था। शुरूआत में उन्हें खेल में रुचि नहीं थी, लेकिन उन्होंने सतत साधना, अभ्यास, लगन, संघर्ष और संकल्प के बल पर प्रतिष्ठा हासिल की और हॉकी के जादूगर कहलाए, उन्होंने अपने खेल जीवन मे एक हजार से अधिक गोल किये। ऐसा प्रचलित है कि उनकी हॉकी स्टिक से बाल चिपकी सी महसूस होती थी कि देखने वालों को भ्रम हो जाता था कि वह किसी जादुई स्टिक से तो नही खेल रहे हैं। इस बात के लिए कई बार उनकी स्टिक जांची गई और तोड़ी भी गई। उन्हें 1946 में भारत के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित किया गया, उनकी याद में आज के दिन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किये जाते है। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकओं और बच्चों ने ध्यानचंद जी के सम्मान में श्रद्धापूर्ण मन से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। स्कूल की शिक्षिका अंजली शुक्ला ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंगों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के संबंध में कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश में खेलों की गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, विवेक सिंह, अजय राज सिंह, रश्मी सिंह, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/ शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

15 हजार रुपये का इनामी हिस्ट्रीशीटर अन्तर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

अमेठी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार सिंह थानाध्यक्ष शिवरतनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 72/25 धारा 109, 352, 351(3), 3(5) बीएनएस थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी में वांछित व 15,000/- रुपये का ईनामिया अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र फहमुद्दीन निवासी संजय नगर कमनी तालाब कस्बा बछरावाँ थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली स्थायी पता ग्राम कुण्डौली थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। *गिरफ्तार अभियुक्त एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद रायबरेली, उन्नाव व अमेठी में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, गैंगेस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में कुल 24 अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त थाना शिवरतनगंज पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में वांछित था जो माह जून वर्ष 2025 से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदया द्वारा 15,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

संक्षेप

आभूषणों की हेराफेरी में ब्रांच मैनेजर गिरफ्तार

मथुरा। मुथूट फिनकार्प में गिरवी रखे गये आभूषणों में फेरबदल कर नकली आभूषण रखने के मामले में फरार चल रहे आरोपी ब्रांच मैनेजर को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया कि मुकेश बाबू शर्मा पुत्र ज्वाला प्रसाद निवासी मुकुन्द विहार कालोनी गिरधरपुर ने मुथुट फिनकार्प के हैड ऑफिस टेरा टावर भूतेश्वर से नवंबर 2023 में 10 सोने की चूड़ी 99 ग्राम, दो अंगूठी 8 ग्राम, 1 ब्रासलेट 99 ग्राम का गिरवी रखकर 5 लाख 54 हजार रुपए का गोल्ड लोन लिया था। दिये गये सोने की जांच कंपनी द्वारा स्वयं अपने निर्धारित जांच केन्द्र से करायी गयी जिसमें आभूषण शुद्ध पाये गये। इसके बाद कंपनी ने उन्हें लोन दे दिया। इसके करीब एक माह बाद मुकेश बाबू को कोतवाली बुलाया गया। जहां बैंक मैनेजर राहुल गर्ग ने उनसे कहा आपके द्वारा दिया गया सोना सिर्फ 10 प्रतिशत ही सही है। आपको लोन की राशि ब्याज सहित जमा करनी होगी। मैनेजर ने राशि वापिस न करने पर जेल भेजने की धमकी दी और दो चैक करीब 4.15 लाख के ले लिये। आरोप है कि मैनेजर राहुल गर्ग ने उनकी अनुपस्थिति में फर्जी मापन प्रमाणपत्र बनवाया और धोखे से आभूषण हड़पने के चक्कर में यह कहानी रची है। वांछित चल रहे अर्पणा टावर स्थित मुथूट फिनकार्प के सीनियर कस्टूमर सर्विस एक्जूकेटिव व ज्वाइंट कस्टोडियन, ब्रान्च मैनेजर जोगेन्द्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी सिंचाई विभाग, केनाल कालोनी, सिविल लाइन्स सदर बाजार को गिरफ्तार किया गया।

गुमशुदा किशोरी की तलाश जारी

मथुरा। 24 दिसम्बर2024 से भूतेश्वर तिराहा गायब हुई 15 वर्षीय किशोरी की गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी कोई पता नहीं लग सका है। कोतवाली पुलिस ने तलाश जारी रखते हुए एक प्रेस नोट जारी किया है। प्रेसनोट में उपनिरीक्षक इन्द्रजीत सिंह ने अवगत कराया है कि कु. ज्योति उम्र करीब 15 वर्ष पुत्री पप्पू गोला निवासी आनंदपुरी गली नंबर 6 थाना कोतवाली अंतर्गत ओम हॉस्पिटल नियर भूतेश्वर तिराहा मथुरा गई थी जो हॉस्पिटल से दोपहर करीब एक बजे अपने घर वापस जाने की कहकर निकली थी लेकिन घर नहीं पहुंची जिसके संबंध में गुमशुदा कुमारी ज्योति के पिता पप्पू गोला पुत्र त्रिलोकी निवासी उपरोक्त ने पुत्री के गुम होने के संबंध में थाना कोतवाली मथुरा पर केस कराया था जिसकी विवेचना जारी है।

ठाकुर बलदेवजी का जन्मोत्सव मना

मथुरा। श्री दाऊजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर भूतेश्वर स्थित बलभद्र कुंड के समीप श्री दाऊजी मंदिर में ठाकुर बलदेव जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातः मंदिर प्रांगण में 151 किलो दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल आदि से ठाकुर जी को पंचामृत स्नान वेद मंत्र के साथ मंदिर प्रमुख सेवायत मोहन गुरु द्वारा किया गया। इस अवसर पर आचार्य मालाराम, मोनू पंडित, शरद मुखिया, गोपाल बल्लभ आचार्य एवं सोनू शर्मा द्वारा पूजन कराया गया। पूजन की पश्चात ठाकुर जी को नवीन वस्त्र धारण कराए गए एवं आरती की गई। इस कार्यक्रम के बाद भक्तों को पंचामृत का प्रसाद वितरण किया गया। सायं पूरा मंदिर प्रांगण देसी विदेशी फूलों से सजाया गया एवं ठाकुर जी के समक्ष छप्पन भोग प्रसाद अर्पण किए गए। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन संध्या में ठाकुर जी को रिझाने के लिए भजन प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के समापन महा आरती के साथ हुआ। भक्तों को प्रसाद वितरण हुआ।

श्रीराधाष्टमी को लेकर डीएम एसएसपी ने की ब्रीफिंग

● मेले के बारे में दी जानकारी

मथुरा। 30 और 31 अगस्त 2025 को बरसाना में विश्व प्रसिद्ध श्री लाडली जी मंदिर में आयोजित श्री राधाष्टमी पर्व को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सभी अधिकारियों की करेला रोड पर स्थित 108 कुटिया में ब्रीफिंग कर सबको मेले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग में अधिकारियों ने बताया कि श्रीराधाष्टमी मेले में इस बार वन-वे रास्ते से ही श्रद्धालुओं को दर्शन कराये जाएंगे। बरसाना में श्री राधाष्टमी मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों एवं पर्यटकों द्वारा दर्शन किए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को जगह जगह रोककर टुकड़ियों के द्वारा श्री राधारानी जी मंदिर दर्शन के लिए भेजा जाएगा। पिछले सालों की कमियों को ध्यान में रखते हुए इस बार सुधार किया गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि बरसाना श्री राधाष्टमी मेले में एकल मार्ग की व्यवस्था रहेगी। सीढ़ियों के रास्ते श्रद्धालु दर्शन करते हुए गाड़ियों वाले रास्ते से नीचे उतारे जाएंगे। वन-वे रास्ते को सुचारू रखना हमारी प्राथमिकता रहेगी। मंन्दिर के अंदर बैरिकेडिंग लगाकर व्यवस्था कराई जाती है। श्रद्धालुओं को रास्ते में बैरिकेडिंग के माध्यम से रोक रोककर टुकड़ियों में दर्शन कराए जाएंगे।

मंन्दिर के मुख्य द्वार पर भीड़ का दवाब ना बढ़े इसलिए श्रद्धालुओं को बीच-बीच में रोका जाएगा, ताकि मंन्दिर में भीड़ एक साथ एकत्रित ना हो पाए। सबसे यही अपील है कि धैर्य के साथ दर्शन करें। थोड़ी अवधि के लिए ही मंन्दिर बंद रहेगा। श्रृंगार आरती के बाद निरंतर दर्शन होते रहेंगे। एसएसपी श्लोक कुमार ने ब्रीफिंग में सभी अधिकारियों से मधुरता से ड्यूटी करने के लिए कहा, कोई भी किसी भी परस्थिति में धैर्य न खोए, सभी श्रद्धालु अतिथि है, उनका उसी प्रकार स्वागत करें। किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो। अधिकारी एक दूसरे के सहयोग के साथ सेवा करें। संपूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी लगे हुए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए बरसाना को 6 जॉन 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 50 पार्किंग स्थल, 86 बैरियर लगाए गए है। ब्रीफिंग में एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार, एडीएम प्रशाशन डॉ अमरेश कुमार, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद रावत, एडीएम न्यायिक सुरेन्द्र कुमार, मथुरा वृन्दावन विप्रा के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसन्न द्विवेदी, एसपी यातायात मनोज कुमार, एडीएम गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

भूस्खलन में बहे खेरागढ़ निवासी शिव बंसल की मौत

आगरा। पिता विनोद इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिलते ही पूरी तरह टूट गए। उनके आंसू नहीं रुक रहे थे। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। खेरागढ़ निवासी शिव बंसल वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए थे। वहां भूस्खलन की चपेट में आ गए। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पिता के आंसू नहीं रुक रहे। जम्मू में माता वैष्णो देवी-कटड़ा मार्ग पर हुए भूस्खलन में बहे खेरागढ़ निवासी शिव बंसल (21) का शव मिल गया। घटनास्थल से करीब 70 किलोमीटर दूर आरएस पुरा सेक्टर के झज्जर कोटली थाना क्षेत्र में एनडीआरएफ की टीम को बुधवार शाम करीब 4 बजे तवी नदी के किनारे जाल में फंसा शव मिला। वहीं हादसे में बहे शिव के ममेरे भाई प्रांशु मित्तल, दोस्त यश गर्ग, वहीं रकाबगंज के रहने वाले जूता कारीगर दीपक कुमार के पिता अर्जुन सिंह का पता नहीं चल सका है। परिजन उनकी तलाश में लगे हैं। घटना 26 अगस्त की दोपहर में किशनपुर डोंगल मार्ग पर हुई थी, जब शिव वैष्णो देवी दर्शन कर सैपऊ, धौलपुर निवासी अपने ममेरे भाई व तीन दोस्तों के साथ लौट रहा था। पानी के तेज बहाव के साथ सभी लोग बह गए थे। दो युवकों आदित्य परमार और दीपक मित्तल ने तैरकर पेड़ों की टहनियां पकड़ लीं थीं, जिससे वे बच गए और उनको सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं यश गर्ग, प्रांशु मित्तल और शिव बंसल बह गए थे। अभी तक यश गर्ग और प्रांशु मित्तल का पता नहीं चल सका है। उधर, शिव के घर में मातम पसरा हुआ है। बृहस्पतिवार को रिश्तेदार पिता, दादा, को ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। पिता विनोद इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिलते ही पूरी तरह टूट गए। उनके आंसू नहीं रुक रहे थे। हालांकि अभी मौत की जानकारी शिव की मां, दादी और बहनों को नहीं दी गई है। झज्जर कोटली पुलिस शव ने पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे शव को परिजन के सुपुर्द कर एंबुलेंस से खेरागढ़ के लिए रवाना किया। शव को शिव के मामा (लापता प्रांशु के पिता) सुनील मित्तल लेकर आ रहे हैं। शुक्रवार सुबह तक शव खेरागढ़ लाए जाने की उम्मीद है। वहीं रकाबगंज के कुम्हार पाड़ा के रहने वाले अर्जुन सिंह भी लापता है। इस घटना में उनकी पत्नी सुनीता, पौत्री सेजल और बेटे दीपक की साली भावना की मृत्यु हो गई थी। वहीं बहू मोना का पैर कट गया था। बेटा दीपक, बड़ी पौत्री एंजिल, बेटी और दामाद बच गए थे। उनके परिवार में भी रिश्तेदारों का तांता लगा हुआ है।

भाजपाइयों ने राजसभा सांसद का फूलमाला पहनाकर किया स्वागत

टूंडला। नगर के सुभाष चौराहे पर आगरा से लखनऊ जाते समय भाजपाइयों द्वारा फूलमाला एवं साफा पहना कर राज्यसभा सांसद नवीन जैन का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि बिहार के पटना में कांग्रेस की रैली में कांग्रेसियों द्वारा देश के प्रधानमंत्री एवं उनकी माताजी को अपशब्द कहे जोकि बहुत ही निन्दनीय कृत्य है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेसियों सुधर जाओ आपकी इस ओछी मानसिकता से समूचे देशवासियों में आपका आपराधिक चेहरा उजागर हुआ है। इसका विरोध करने वाले भाजपा कार्यकताओं पर भी कांग्रेसियों द्वारा जानलेवा हमला कर मारपीट भी की गई है, इनकी कथनी करनी में बड़ा अंतर है। देश की जनता ने इनको नकार दिया है, मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के द्वारा सभी वर्गों के हित का ध्यान रखते हुए कराए जा रहे विकास कार्यों को देख कर ये लोग बौखला गए हैं। देश की जनता इसका जवाब इनको देगी और दे भी रही है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के अपमान का बदल लेगा। हमारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं देश के प्रत्येक किसान, नौजवान मजदूर सभी को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस दौरान उनके साथ आए उत्तर मध्य रेलवे परामर्शदात्री के सदस्य नागेश शर्मा रहे। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिलामंत्री दुष्यन्त जादौन एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सह प्रभारी रामतीर्थ सिंह चक, पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह पोनियां, जितेन्द्र शर्मा, रघु धाकरे, भवानी सिंह, अंकित शर्मा, जितेन्द्र पचौरी, महेंद्र झा, संकी राणा, दीपक ठेनुआ, देवांशू प्रताप सिंह, राहुल गौतम, रवि कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

पुण्यतिथि पर याद किये गये शंकराचार्य निरंजन देव

मथुरा(मधुसूदन शर्मा)। गोवर्धन स्थित श्रीआद्य शंकराचार्य आश्रम में गोवर्धन पुरी पीठ के ब्रह्मलीन 144वें शंकराचार्य स्वामी निरंजन देवतीर्थ की पुण्यतिथि पर पांच दिवसीय भव्य अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम 23 अगस्त से प्रारंभ होकर 27 अगस्त तक चला। प्रथम दिन असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा की धर्मपत्नी एवं प्राइड ईस्ट इंटरटेनमेंट की प्रबंध निदेशक रिनिकी भुइंया उपस्थित रहीं। वहीं समापन में अरुणाचल के गृह मंत्री मामा नातुंग उपस्थित रहे। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद सत्यदेव पचैरी, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजीत सिंह, समाजसेवी किशोर जयंत माधव, डिब्रूगढ के डिप्टी मेयर उज्जवल फूकन, मुनीन्द्रत पटवारी गुवाहाटी, डोगरा समाज ट्रस्ट की संरक्षक निधी डोगरा सहित देशभर से आए श्रद्धालुओं ने परमाचार्य को श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम में भारी संख्या में साधु-संत, विद्वतगण एवं दण्डी स्वामी भी शामिल रहे। स्वामी निरंजन देवतीर्थ भाद्रपद शुक्लपक्ष प्रतिपदा के दिन वर्ष 1996 में ब्रम्हलीन हुए थे। आश्रम के आचार्यों ने इस दौरान लिंगतोभद्र, नवग्रह, दशदिग्पाल आदि स्थापित कर देवमंडल का पूजन, भगवान चंद्रमौलेश्वर का अभिषेक पूजन एवं राजराजेश्वरी का विशेषार्चन संपन्न कराया। इस अवसर पर गोवर्धन पुरी पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने स्वामी निरंजन देवतीर्थ को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का सशक्त प्रचारक और उपदेशक बताया। उन्होंने कहा कि सनातन संन्यास परंपरा को जीवंत बनाने में स्वामी निरंजन देवतीर्थ का योगदान अतुलनीय है। शंकराचार्य ने कहा कि स्वामी निरंजन देवतीर्थ के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। जगद्गुरु अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने कहा कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी निरंजन देवतीर्थ ने भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर गाय, गंगा और गीता के संरक्षण और संवर्धन को लेकर आजीवन संघर्ष किया। गौहत्या के खिलाफ 1966-67 में तत्कालीन केंद्र सरकार के विरुद्ध उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली में 72 दिन का अनशन भी किया था।

मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिवस पर दाऊ दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में मनाया गया खेल दिवस

जिला संवाददाता (vol)

● जनपद को नई पहचान दिलाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया

फिरोजाबाद। हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस खेल दिवस के रूप में पूरे प्रदेश के साथ-साथ पूरे जनपद में भी भव्य रूप से मनाया गया। जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मुख्य कार्यक्रम दाऊ दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में जनपद को नई पहचान दिलाने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, इन खिलाड़ियों में एथलीट से संबंधित दीप्ति डोली और रीना के साथ-साथ बैडमिंटन की खिलाड़ी मेधा यादव ईशा सिंह खुशबू नीमा इत्यादि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, रेवती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गायन प्रस्तुत किया इस अवसर पर बोलते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज हमारा देश और प्रदेश खेलों के क्षेत्र में नित्य नई ऊंचाइयां छू रहा है, खेलो इंडिया के माध्यम से हमारी सरकार ने खेल के क्षेत्र में नई प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य किया है, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि खेल आज किसी भी देश की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक है, हमें गर्व है कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमारे देश के खिलाड़ी अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं, सबसे बड़ी बात है कि केवल पुरुष ही नहीं महिलाएं भी खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर हम सब संकल्पित हैं कि हम सब युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और हर संभव सहायता करेंगे, कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया

फिरोजाबाद। यातायात पुलिस द्वारा एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान जनपद फिरोजाबाद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में यातायात पुलिस फिरोजबाद द्वारा शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जनपद फिरोजाबाद में एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल कार्यक्रम के तहत डाइट पर नियुक्त शिक्षकों शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित जागरुक किया गया। एकीकृत प्रशिक्षण का उद्देश्य जनपद के शिक्षकों को प्रशिक्षित जागरुक करना है जिससे सभी शिक्षकगण अपने-अपने विद्यालय के छात्रों छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरुक करेगें।

सट्टा माफिया की 38 लाख की संपत्ति कुर्क

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत सट्टा माफिया अभियुक्त राशिद पुत्र स्व0 अख्तर अली निवासी गली नं0 16 मक्का कॉलोनी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद की 38 लाख 02 हजार पांच सौ चौवन रुपए की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। अभियुक्त राशिद द्वारा लगातार अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित किया गया है।

सवा किलो गांजा सहित 1अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को 01 किलो 270 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विनय कुमार पुत्र हरिमोहन उर्फ टुण्डा निवासी सत्ता मौहल्ला एत्मादपुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा को प्रेमपुर पुलिया के सामने बनकट नियामतपुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 270 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना नगला सिंघी पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को देश की नवरत्न कंपनी बीइएल ने दी नौकरी

मथुरा। संस्कृति विवि के इंजीनियरिंग और एमबीए के विद्यार्थियों को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय से जुड़ी नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रिक लि. (बीईएल) ने अपने यहां नौकरी के लिए चयनित किया है। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान हुए विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। कैंपस प्लेसमेंट के लिए संस्कृति विवि में कंपनी से आए एचआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न कंपनी है। यह कंपनी रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए उन्नत इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद और सिस्टम बनाती है, जैसे रडार, नौसेना और संचार प्रणाली, और अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स। बीईएल की स्थापना 1954 में हुई थी और इसका मुख्यालय बैंगलोर में है। बीईएल आंतरिक अनुसंधान और विकास के साथ-साथ निजी उद्योगों के साथ आउटसोर्सिंग और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देती है।

यह मेक इन इंडिया पहल का भी समर्थन करती है और अपने कारोबार में गैर-रक्षा हिस्सेदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही है और नए निर्यात बाजार भी विकसित कर रही है। संस्कृति प्लेसमेंट सेल के अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कंपनी के एचआर सेल के अधिकारियों ने संस्कृति विवि के इंजीनियरिंग और एमबीए के छह छात्रों ऋचा, रजत, गौरव झा, योगेश कुमार शर्मा, अंकित कुमार, कुशल पाल का चयन किया है। चयन प्रक्रिया के उपरांत किया गया। संस्कृति विवि की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

सीएम ने श्रीरामलीला महोत्सव का आमंत्रण स्वीकार किया

आगरा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगरा में आयोजित होने वाले उत्तर भारत के प्रमुख एवं ऐतिहासिक श्रीरामलीला महोत्सव-2025 में आने का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने यह सहमति लखनऊ में आज उस समय दी, जब श्रीरामलीला महोत्सव का निमंत्रण पत्र और पुस्तक आमंत्रण देने वालों में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष व विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल तथा विधायक डॉ. धर्मपाल सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल आमंत्रण स्वीकार किया, बल्कि आगरा में होने वाले इस धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव में आने के लिए अपनी सहमति भी प्रदान कर दी। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री रामलीला महोत्सव में किस मौके पर आएंगे। मुख्यमंत्री ने 'रामांजलि' पुस्तक में प्रकाशित अपने संदेश को भी गौर से पढ़ा। मुख्यमंत्री ने आगरा के श्रीरामलीला महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि आगरा में यह महोत्सव सभी वर्गों के लोगों को जोड़ता है। इसके लिए उन्होंने रामलीला कमेटी को भी सराहा। श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष व विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री का आगरा आगमन महोत्सव की भव्यता और गरिमा को कई गुना बढ़ा देगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरे देशभर में आगरा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री के आमंत्रण स्वीकार कर लेन की खबर से श्रीरामलीला कमेटी और श्री जनकपुरी महोत्सव समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है।

9 वर्षीय बालिका की हत्या पर पीड़ित परिवार से मिले केंद्रीय मंत्री एस.पी.सिंह बघेल

टूंडला। थाना रजावली क्षेत्र के गांव गढ़ी पांडे में बकरियां चराने गई 9 वर्षीय बच्ची की हत्या पर केंद्रीय मंत्री व आगरा सांसद एसपी सिंह बघेल पीड़ित परिवार से मिले और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद और न्याय का भरोसा दिया। बता दें थाना रजावली क्षेत्र के गांव गढ़ी पांडे में बुधवार को घर से बकरियां चराने गई 9 वर्षीय मासूम बच्ची की अज्ञातों द्वारा हत्या की गई थी बच्ची का शव बाजरे के खेत में मिला था, बच्ची की हत्या की घटना पर लोगों में आक्रोश फैल गया था और उन्होंने रजावली पर टूंडला एटा रोड जाम कर दिया था। पुलिस के शीघ्र ही हत्यारों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर ही आक्रोशित लोगों ने जाम खोला था। इस हत्याकांड से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है क्षेत्र के लोग जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वहीं राजनीतिक दलों के नेता लगातार पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री आगरा सांसद प्रो.एस.पी सिंह बघेल थाना रजावली क्षेत्र के गांव गढ़ी पांडे पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कर न्याय का भरोसा दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि गढ़ी पांडे 9 वर्षीय बच्ची की हत्या की घटना बहुत ही निंदनीय है, उनकी व सरकार की पूरी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ है। दोषियों को बख्शा नही जाएगा जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी, पीड़ित परिवार को हर सम्भव न्याय दिलाया जाएगा।

पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने आरोप

आगरा। महिला ने पति और ससुरालीजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाए हैं। कहा-पति अप्राकृतिक संबंध बनाने को कहता है। तीन तलाक देने की धमकी देता है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया, उसका निकाह 9 फरवरी 2024 को वजीरपुरा के रहने वाले कामरान से हुआ था। शादी से कुछ दिन पहले ही कामरान और उसके परिजन कीया सोनिट कार की मांग करने लगे। शादी के बाद से ही उसे ससुर, सास और ननद शादी में कम दहेज लाने के ताने मारने लगे। पति व सभी ससुरालीजन पिता और भाइयों से रकम लाने का दबाव बनाते। मांग पूरी न करने पर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते। पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुर असलम जावेद अपनी लाइसेंसी पिस्टल व दो नाली बंदूक को दिखाकर डराता है कि अगर हमारे हिसाब से नही चलेगी और धनराशि नहीं लाएगी तो तेरे लिये अच्छा नही होगा। जेठ भी उस पर गंदी नजर रखता है। नहाते समय उसने वीडियो बनाने का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति के दूसरी महिलाओं से संबंध है। उनसे अश्लील बात करता है। जब वो उसे टोकती है तो मारपीट करता है। वो जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने का दबाव डालता है। कुछ दिन पहले उसने तेजाब से जलाने का भी प्रयास किया। उसको तीन तलाक भी दे दिया।

रेलवे बोर्ड चेयरमैन सीईओ का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाने पर श्री गौतम ने दीं शुभकामनाएं

टूंडला। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति एसीसी ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। अब वे 1 सितम्बर 2026 तक पद पर बने रहेंगे। सतीश कुमार ने 1 सितम्बर 2024 को चेयरमैन और सीईओ का कार्यभार संभाला था। उनका पहला कार्यकाल 31 अगस्त 2025 को समाप्त होना था।

सरकार ने 27 अगस्त 2025 को आदेश जारी कर उनकी सेवा अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। भारतीय रेलवे सेवा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी सतीश कुमार उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के महाप्रबंधक का दायित्व इससे पूर्व संभाले हुए थे और उन्होंने फिरोजाबाद जनपद के टूंडला फिरोजाबाद एवं शिकोहाबाद रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना में चयनित कर विकास कार्य कराए हैं तथा दर्जनों रेल गाड़ियों का ठहराव उनके कार्यकाल में टूंडला रेलवे स्टेशन पर किया गया है। उनकी कार्यकुशलता और अनुभव को देखते हुए ही केंद्र सरकार ने उनका कार्यकाल आगे बढ़ाने का फैसला लिया है। टूंडला क्षेत्र निवासी क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने रेल मंत्रालय रेल भवन नई दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

प्रेमानंद ने किये राधारानी के दर्शन, उमड़े भक्त

मथुरा। राधाष्टमी महोत्सव से पूर्व शुक्रवार को बरसाना का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज सैकड़ों अनुयायियों के साथ यहां पहुंचे। उनके आगमन के साथ ही गलियों और मार्गों में ह्लराधे-राधेह्ल की गूंज से पूरा कस्बा गुंजायमान हो उठा। संत प्रेमानंद ने सबसे पहले अनुयायियों संग गहबरवन की परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग पर भक्तगण संकीर्तन और कीर्तन में लीन रहे। ह्लराधे-राधेह्ल की निरंतर ध्वनि से गहबरवन ऐसा प्रतीत हुआ मानो द्वापर युग की लीलाएं पुनः जीवंत हो उठी हों। इसी परिक्रमा के दौरान ब्रजवासियों ने संत और अनुयायियों को परंपरा अनुसार मधुकरी अर्पित की। कोई फल-सब्जी लेकर आया, कोई अन्न और मिष्ठान्न, तो कोई जल और प्रसादकृब्रजवासी स्वयं को धन्य मानते हुए प्रेमपूर्वक संत मंडली की सेवा करते रहे। प्रेमानंद महाराज और उनके अनुयायियों ने इस स्नेहपूर्ण अर्पण को सहर्ष स्वीकार किया। गहबरवन की परिक्रमा पूर्ण करने के बाद प्रेमानंद महाराज श्रीजी महल पहुंचे। वहां ठाकुरानी श्रीराधारानी के दर्शन कर वे भावविभोर हो उठे। चरणों में दण्डवत कर उन्होंने समाधि भाव में राधा नाम का जप किया। इस अवसर पर सेवायतों ने उन्हें पुष्पमाला

और दुपट्टा अर्पित कर आशीर्वाद स्वरूप सम्मानित किया। प्रेमानंद महाराज के अचानक बरसाना आगमन की खबर फैलते ही कस्बे की गलियों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज से आए भक्त भी इस दिव्य क्षण के साक्षी बने। संपूर्ण बरसाना ह्लराधे-राधेह्ल की ध्वनि से गुंजायमान रहा। संत के आगमन और श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए बरसाना पुलिस प्रशासन भी सतर्क रहा। परिक्रमा मार्ग और श्रीजी महल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई। श्रद्धालुओं का कहना था कि राधाष्टमी से पूर्व संत प्रेमानंद महाराज के साथ परिक्रमा करने और उनके मुख से राधा नाम सुनने का अवसर किसी दिव्य आशीर्वाद से कम नहीं है।

भगवान श्रीदक्ष प्रजापति जयंती कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न

मथुरा। भगवान श्री दक्ष प्रजापति जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ सोख रोड स्थित मनोज गार्डन बड़ी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक दास प्रजापति राष्ट्रीय महासचिव, जितेंद्र प्रजापति अध्यक्ष आगरा मंडल रहे, जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. लोकेश प्रजापति (पूर्व उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार) रहे। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लप्रजापति समाज सृजन और श्रमशीलता का प्रतीक है। समाज के युवाओं को शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय तथा रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। एकजुट होकर हम समाज की प्रगति और सम्मान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।ह्ल कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार प्रजापति ने की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समाज सुधार संबंधी विचार गोष्ठी तथा नारी-शिक्षा और युवा उत्थान पर विशेष चर्चा आयोजित की गई।

संक्षेप

भारत में एआई अपनाने की रफ्तार हुई तेज

नयी दिल्ली। मेटा ने आज रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के साथ एकएकमहत्?वपूर्ण संयुक्त उद्यम (जेवी) बनाने के अपने इरादे की घोषणा की है, जिसका उद्देश भारतीय उद्यमों के लिएलामा-आधारित एंटरप्राइज एआई सॉल्यूशंसविकसित करना है। इस साझेदारी के केंद्र में हैमेटा की भारत के प्रति प्रतिबद्धताऔररिलायंस के साथ मिलकर एआई टेक्नोलॉजी को सभी के लिए सुलभ बनाने का साझा लक्ष्य। यह संयुक्तउद्यम, मेटा के ओपन-सोर्स लामा मॉडल्सका उपयोग करकेसेल्स, मार्केटिंग, आईटी, ग्राहक सेवा, फाइनेंसऔर अन्य कई क्षेत्रों के लिएकस्टमाइज्ड एआई सॉल्यूशंसतैयार करेगा। यह साझेदारी एकसुरक्षित फुल-स्टैक वातावरणभी प्रदान करेगी, जिससे संगठन अपनी आवश्यकताओं के अनुसारजेनेरेटिव एआई एप्लिकेशंसतैयार कर सकेंगे। इसके साथ ही, विभिन्न उद्योगों और क्रॉस-फंक्शनल जरूरतों के लिएपहले से कॉनफि गर किए गए एआई सॉल्यूशंसका एक सेट भी उपलब्ध होगा।

हिमालया वेलनेस ने वर्ल्ड ऑफ नीम को किया लॉन्च

मुंबई। पिंपल एक्ने पॉज़िटिविटी डे से पहले यह आयोजन इसलिए किया गया ताकि त्वचा की देखभाल और -आत्मविश्वास पर एक महत्वपूर्ण संवाद शुरू किया जा सके। लगभग हर पाँच में से चार युवा भारतीय मानते हैं कि पिंपल और मुहाँसों के चलते सामाजिक परिस्थितियों में आत्मविश्वास में कमी महसूस करते है। भारत में ही 20 करोड़ से अधिक किशोर और युवा पिंपल और मुहाँसों की समस्या से जूझ रहे हैं। यही कारण है कि पिंपल एक्ने पॉज़िटिविटी आयोजित किया जा रहा है ताकि कलंक को खत्म करने, आत्मविश्वास को बढ़ावा देने और लोगों को को पिंपल व मुहाँसों से निपटने के सरल एवं प्रभावी उपायों के बारे में जागरूक किया जा सके। वर्ल्ड ऑफ नीम को आज के युवाओं से जुड़ाव महसूस कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। इस कार्यक्रम में दिखाया गया कि कैसे त्वचा की देखभाल सरल, प्रभावी और समग्र हो सकती है, साथ ही पिंपल और मुहाँसों से जुड़े कलंक को भी खत्म किया जा सकता है।

शॉप्सी लेकर आया है ग्रैंड शॉप्सी मेला

कानपुर। फ्लिपकार्ट के शॉप्सी ने अपने सबसे प्रतीक्षित खरीदारी उत्सव और साल की सबसे बड़ी सेल, ग्रैंड शॉप्सी मेला (जीएसएम) की घोषणा कर दी है। यह सेल 29 अगस्त से 7 सितंबर तक चलेगी और इसमें 'ऐसे गिरेंगे दाम, शॉपिंग होगी सुबह शाम' थीम के साथ ग्राहकों को शानदार अनुभव मिलेगा। त्योहारी सीजन के करीब आते ही, ग्रैंड शॉप्सी मेला भारत में सस्ती खरीदारी का एक शानदार मौका लेकर आ रहा है। यह मेला ढेर सारे सामान को किफायती दामों पर पेश करता है, ताकि परिवार बिना किसी परेशानी के त्योहारों का आनंद ले सकें। साथ ही, यह छोटे शहरों के दुकानदारों को लाखों नए ग्राहकों तक पहुंचने का मौका देता है। हमें विश?वास है कि इस बार का मेला खरीदारी को और भी मजेदार और सस्ता बनाएगा और यह सबके लिए खुला है।

सिद्धवड तीर्थ पर पर्युषण पर्व की शुरूआत

पालिताना। जैन धर्म के इतिहास में पहली बार एक अनोखा और ऐतिहासिक पर्युषण पर्व का आयोजन पालिताना के श्री शत्रुंजय गिरिराज की तलहटी में स्थित श्री सिद्धवड तीर्थ की पावन भूमि पर बनाया गया तक्षशिला नगरी में हो रहा है। निज में निवास, सिद्धवड में चातुर्मास की थीम के अंतर्गत 175 साधु-साध्वी भगवंतों की निश्रा में प्रतिदिन लगभग 1100 आराधक 21 घंटे का मौन धारण करेंगे और मोबाइल फोन का पूरी तरह त्याग करेंगे। यह अनुशासन भाद्रवा सुद 4 तक यानी लगभग दो महीनों तक चलेगा। आराधक प्रतिदिन 6 घंटे स्वाध्याय भी करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी, पन्यास लब्धिवल्लभविजयजी महाराज और पन्यास यशरत्नविजयजी महाराज की निश्रा में आत्मा को जानो, आत्मा को अनुभव करो उत्सव मनाया जा रहा है। इस पूरे आयोजन का लाभ मुंबई के हिरालक्ष्मीबेन खांतीलाल शाह परिवार ने लिया है। परिवार के मुखिया पंकजभाई शाह ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण और गुरु भगवंतों की सन्निधि में आराधक आत्मा की गहराई का अनुभव करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सुख कहीं बाहर नहीं है, वह हमारे भीतर ही है।

सेंसेक्स में 271 अंकों की गिरावट

मुंबई। उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुए दबाव और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने के बाद से ही निवेशकों की धारणा सतर्क बनी हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 270.92 अंक यानी 0.34 प्रतिशत टूटकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 338.81 अंक की गिरावट के साथ 79,741.76 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, इन्फोसिस, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रेंट और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं। इस बीच, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने 2026 की पहली छमाही में रिलायंस जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की। जियो अब विदेशों में अपने परिचालन का विस्तार करने के अलावा अपनी खुद की कृत्रिम मेधा प्रौद्योगिकी भी विकसित करेगी। भारतीय निर्यातों पर अमेरिका में 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने से उपजी चिंताओं के चलते निफ्टी 74 अंकों की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। यह शेयर बाजार में गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। पिछले तीन सत्रों में सेंसेक्स कुल 1,826.26 अंक यानी 2.23 प्रतिशत टूट चुका है जबकि निफ्टी में 540.9 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,187 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,890 शेयरों में तेजी रही और 160 अन्य अपरिवर्तित रहे। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.41 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सूचकांक 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा। अमेरिकी शुल्क के पूरे प्रभाव को समझने की कोशिशों के बीच निवेशकों की धारणा सतर्क रही। इस मुद्दे के बने रहने से कुछ क्षेत्रों में भारत के निर्यात की भावी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर पड़ने की आशंका है।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर पर

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.38 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.49 अरब डॉलर बढ़कर 695.11 अरब डॉलर पर था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.65 अरब डॉलर घटकर 582.25 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85 अरब डॉलर रहा। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.74 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.73 अरब डॉलर पर रहा।

वाहनों की बिक्री जून तिमाही में 10 लाख के पार

नयी दिल्ली। देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक यात्री वाहनों की बिक्री हुई। इस अवधि में बिक्री के मामले में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा।

वाहन बनाने वाली कंपनियों का संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार, देश में पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 10.12 लाख यात्री वाहन बेचे गए जिसमें पश्चिमी क्षेत्र 3.21 लाख इकाइयों की बिक्री के साथ सबसे आगे रहा। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1.19 लाख यात्री वाहनों की बिक्री हुई। इसके बाद उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और हरियाणा का स्थान रहा। इस साल अप्रैल-जून की अवधि में देश में दोपहिया वाहन खंड में 46.75 लाख इकाइयां बिकीं। पश्चिमी राज्यों में सबसे अधिक 14.19 लाख इकाइयों की बिक्री हुई। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 8.18 लाख इकाइयों दोपहिया वाहन बिके। इसके बाद महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार और मध्य प्रदेश का स्थान रहा। सियाम के अनुसार, वाणिज्यिक वाहनों में 32,000 इकाइयों की बिक्री के साथ महाराष्ट्र इस क्षेत्र में अग्रणी रहा। इस अवधि के दौरान देश में कुल मिलाकर 2.23 लाख इकाइयां बेची गईं।

विभेदकारी शर्तों पर नहीं झुकेगा भारत

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत जारी है लेकिन भारत कभी भी विभेदकारी शर्तों के आगे नहीं झुकेगा। इसके साथ ही गोयल ने भरोसा जताया कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

गोयल ने यहां एक उद्योग सम्मेलन में कहा कि अगर कोई अच्छा मुक्त व्यापार समझौता करना चाहता है तो हम हमेशा तैयार हैं। लेकिन अगर कोई भेदभाव करेगा तो हम न झुकेंगे और न ही कमजोर पड़ेंगे, बल्कि मिलकर आगे बढ़ेंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इस कदम को भारत पर दबाव बनाने की रणनीति माना जा रहा है ताकि प्रस्तावित व्यापार समझौते में अमेरिका को कृषि और डेयरी के संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच मिल सके। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि निर्यात में विविधता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं और इस साल का निर्यात आंकड़ा वित्त वर्ष 2024-25 के 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड से आगे निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी अभी भी कम है लिहाजा किसी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड-19 महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे गतिरोधों का पहले भी बखूबी सामना किया है।

भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करना चाहता है कतर: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा और कतर भी भारत के साथ ऐसे समझौते पर बातचीत करने को इच्छुक है।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस और चार यूरोपीय राष्ट्रों के समूह यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) सहित कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका, न्यूजीलैंड, चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। मंत्री ने कहा कि इन समझौतों से नए अवसर, बाजार और निवेश की संभावनाएं खुलेंगी। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत तेज गति से आगे बढ़ रही है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल व्यापार समझौते की वार्ता का जायजा लेने के लिए अगले सप्ताह ब्रसेल्स की यात्रा करेंगे। भारत-यूरोपीय संघ का आधिकारिक दल आठ सितंबर से राष्ट्रीय राजधानी में 13वें दौर की वार्ता के लिए बैठक करेगा। इसके बाद, यूरोपीय व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता की प्रगति का जायजा लेने के लिए अगले महीने भारत आ सकते हैं।

सोना 2,100 रुपये उछलकर 103,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 2,100 रुपये उछलकर 1,03,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक दिन पहले यह 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इससे पहले, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना आठ अगस्त को क्रमशः 1,03,420 रुपये और 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर थे। उस समय सोने की कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई थी। इससे पहले सात अगस्त को सोने की कीमत में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। रुपया शुक्रवार को 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ पहली बार 88 के स्तर को पार कर 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान, कीमती धातु की कीमतों में 3,300 रुपये यानी 3.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बीच, चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 1,000 रुपये टूटकर 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

रुपया 61 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 88.19 प्रति डॉलर पर

मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। यह 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के अंत में अमेरिकी डॉलर की मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.73 पर खुला। फिर लुढ़कर 88.33 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर आ गया। अंत में 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 61 पैसे की भारी गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.58 पर बंद हुआ था। यह पहली बार है जब रुपया 88 प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। रुपया 10 फरवरी 2025 को कारोबार के दौरान 87.95 प्रति डॉलर पर पहुंचा था। वहीं पांच अगस्त 2025 को रुपया, डॉलर के मुकाबले 87.88 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने से भारत के व्यापार घाटे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कमजोर घरेलू बाजार एवं विदेशी पूंजी की बिकवाली के दबाव से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। ...डॉलर-रुपये के हाजिर मूल्य के 87.90 से 88.70 के बीच रहने का अनुमान है।

पेज एक का शेष

चमोली और

इसे हटाया गया। उत्तराखंड में कल रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर-रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है।

उत्तराखंड के कई स्थानों पर लगातार बारिश के बीच चमोली जिले में भूस्खलन की चपेट में आकर एक परिवार के दो सदस्य लापता हो गए जबकि रुद्रप्रयाग जिले की बसुकेदार तहसील में बड़ेथ डुंगर तोक क्षेत्र में बादल फटने से कई लोगों के लापता होने की आशंका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन घटनाओं में कुछ परिवारों के लोगों के फंसे होने पर दुख जताते हुए उनके सकुशल होने की बाबा केदार से प्रार्थना की है। अधिकारियों ने बताया कि चमोली, रुद्रप्रयाग और टिहरी जिलों में कई स्थानों पर देर रात से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि चमोली जिले की थराली तहसील के देवाल क्षेत्र के मोपाटा गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में कुछ मकान आ गए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि मोपाटा में एक मकान और गोशाला के भूस्खलन की चपेट में आने से उसमें रह रहा एक दंपति मलबे में दब गया। उन्होंने बताया कि घटना में एक अन्य दंपति को भी मलबे से बाहर निकाला गया और उन्हें चोटें आयी हैं। गोशाला में बंधे 15-20 मवेशियों के भी मलबे में दबे होने की सूचना है। लापता दंपति की पहचान तारा सिंह और उसकी पत्नी के रूप में हुई है। विक्रम सिंह और उसकी पत्नी घायल हुए हैं। रुद्रप्रयाग जिले में बड़ेथ डुंगर क्षेत्र में बादल फटने से छेनागाड़ डुंगर गांव तथा जौला बड़ेथ गांवों में कुछ लोगों के लापता होने की सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मिली प्रारंभिक सूचना के अनुसार, क्षेत्र के स्यूर में एक मकान क्षतिग्रस्त होने एवं एक वाहन के बह जाने व बड़ेथ, बगडधार, तालजामनी गांव के दोनों ओर बरसाती नाले में पानी और मलबा आने, किमाणा में खेतों तथा सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर व मलबा आने, अरखुण्ड में एक तालाब एवं मुर्गी पालन फार्म बहने, छेनागाड़ बाजार में मलबा भरने एवं कई वाहनों के बहने की जानकारी मिली है।

हर खिलाड़ी

में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936–तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश के लिए यह इसलिए भी गौरव की बात है क्योंकि यह उनकी जन्मभूमि है। उनकी स्मृति में मेरठ में प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का नामकरण मेजर ध्यानचंद जी के नाम पर किया गया है और इस सत्र से वहां पाठ्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री ने विजयंत खंड स्थित मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाम स्पोर्ट्स कॉलेज का रोमांचक हॉकी मैच भी देखा। उन्होंने कहा कि यह खेल कितना फास्ट है, कितनी ऊर्जा और टीमवर्क मांगता है। यह मैच इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया से फिट इंडिया मूवमेंट तक, सांसद एवं विधायक स्तर की प्रतियोगिताओं तक, देश में खेलों की एक नई क्रांति आई है। प्रदेश सरकार ने नई खेल नीति लागू की है, जिससे खिलाड़ियों को मंच, कोच और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है। विभिन्न खेलों के लिए इन कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जाएंगे। पूर्व ओलंपियन/कॉमनवेल्थ/एशियाड/नेशनल गेम्स मेडलिस्टों को कोच बनाकर नई प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान, हर विकासखंड पर मिनी स्टेडियम और हर जनपद में एक स्टेडियम निर्माण की कार्यवाही युद्धस्तर पर जारी है। ओपन जिम के निर्माण व युवा कल्याण विभाग के माध्यम से युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हॉकी में अनेक दिग्गज दिए हैं। मेजर ध्यानचंद, के. डी. सिंह बाबू, मोहम्मद शाहिद, रवींद्र पाल, सैयद अली, डॉ. आर. पी. सिंह, सुजीत कुमार, रजनीश मिश्रा, मोहम्मद शकील, देवेश चौहान, एम. पी. सिंह, जगवीर सिंह, विवेक सिंह, राहुल सिंह, तुषार खांडेकर, दानिश मुर्तजा, ललित उपाध्याय, राजकुमार पाल, रंजना श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, पुष्पा श्रीवास्तव, रजनी जोशी, वंदना कटारिया, रितुषा कुमारी आर्या जैसे हॉकी खिलाड़ियों प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को मेडल दिलाने वाले ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल उत्तर प्रदेश की ही देन हैं। सीएम ने कहा कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है। व्यक्ति यदि खेलकूद से जुड़ेगा तो राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित होगा। शरीर के साथ मन भी तंदुरुस्त रहेगा और वह स्वस्थ शरीर-स्वस्थ मस्तिष्क के साथ सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के उपरांत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच देशभर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इससे पूर्व विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं खेल एवं युवा कल्याण विभाग आयोजित कराएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए 2 प्रतिशत हॉरिजेंटल आरक्षण लागू किया गया है। अब तक 500 खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल और अन्य विभागों में समाहित किया जा चुका है।

संभल की

कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना। अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। सीएम योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए भारत के प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है।

जापान से 10

में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और जापान स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। दोनों पक्षों ने रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने का भी निर्णय लिया। मोदी ने कहा कि आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के संबंध में भारत तथा जापान की चिंताएं एक जैसी हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा और समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने में दोनों पक्षों के साझा हित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा भारत-जापान साझेदारी आपसी विश्वास पर आधारित है, हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करती है तथा हमारे साझा मूल्यों और विश्वासों से आकार लेती हैं। उन्होंने कहा कि एक बेहतर विश्व के निर्माण में मजबूत लोकतंत्र स्वाभाविक साझेदार होते हैं। अपने संबोधन में जापानी प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों को अगली पीढ़ी की चुनौतियों से निपटने के लिए एक-दूसरे की शक्ति का लाभ उठाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और चीन का मिलकर काम करना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, आपसी सम्मान, हित व संवेदनशीलता के आधार पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। जापान की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि दो पड़ोसी और विश्व के दो सबसे बड़े देश होने के नाते भारत और चीन के बीच स्थिर, पूर्वानुमानित और मैत्रीपूर्ण संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। चीन के साथ संबंधों में सुधार के महत्व पर पूछे गए सवाल पर मोदी ने कहा राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर मैं यहां से तियानजिन जाऊंगा, जहां मैं शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ मेरी बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सतत और सकारात्मक प्रगति हुई है।

जीडीपी वृद्धि दर

की शुरुआत में 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके मुताबिक वृद्धि दर पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है। आधिकारिक आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में अप्रत्याशित रूप से मजबूत प्रदर्शन के बाद आने वाली तिमाहियों में वृद्धि दर कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के जरिये राहत देने के प्रस्ताव के बावजूद, सरकारी पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर कम वृद्धि और अमेरिकी शुल्क व जुर्माने से निर्यात पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के कारण आने वाली तिमाहियों में वृद्धि दर में कमी आने की आशंका है।

भारत-जापान

और जापान चंद्रयान श्रृंखला के अगले संस्करण या लूपेक्स (चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण) मिशन के लिए हाथ मिला रहे हैं। इससे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर स्थायी रूप से छायांकित क्षेत्रों के बारे में हमारी समझ और गहरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत और जापान की वैज्ञानिक टीम अंतरिक्ष विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगी। मोदी ने कहा, अंतरिक्ष में हमारी साझेदारी न केवल हमारे क्षितिज का विस्तार करेगी, बल्कि हमारे आसपास के जीवन को भी बेहतर बनाएगी।

बीबीडी परिसर

प्रस्तुति दी गई। इसी श्रृंखला में बीबीडी की टीम द्वारा स्किट गणेश एवं कामासुर के बीच युद्ध पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुति दी गई जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। गौरी नंदन तुमको वंदन भजन गाकर श्रोताओं का दिल जीता। छात्रों द्वारा शिव तांडव नृत्य दिखाया गया। श्रीगणेश जी के जन्म एवं जीवन कथा संरचनाओं के माध्यम से दर्शाया गया जो इस सिद्धांत पर भी प्रकाश डालता है कि जहां माता-पिता का सम्मान होता है, वहीं भगवान का वास होता है। छात्रों द्वारा समुद्र मंथन दानवों और दैत्यों के युद्ध काअद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित दर्शकों की तालियों से पंडाल गुंजायमान हो गया। आज इस महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का भरपूर आनन्द लिया। आज की सायंकालीन महाआरती में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के मुख्य अधिशासी निदेशक आर के अग्रवाल बीबीडीयू के वाइस चांसलर प्रो. एस. के. श्रीवास्तव, प्रो. वाइस चांसलर डॉ.एस.सी. शर्मा ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। तत्पश्चात महाआरती के बाद भक्तों को लड्डू एवं खील-बतासे का प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कल श्री वायलेंट ग्रुप द्वारा देश के विख्यात शानदार गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

गोरखपुर लाइंस की शानदार जीत

मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 190 रन बनाए, लेकिन गोरखपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी 20 लीग के रोमांचक मुकाबलों में शुक्रवार को खेले गए 24वें मैच में गोरखपुर लाइंस ने मेरठ मेवरिक्स को सात विकेट से हराकर टूनामेंट में एक और दमदार जीत दर्ज की। इकाना स्टेडियम, लखनऊ में खेले गए इस मैच में मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 190 रन बनाए, लेकिन गोरखपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टॉस जीतकर मेरठ मेवरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

सलामी बल्लेबाजों ने तेज शुरूआत दी और शुरूआती छह ओवर के पावरप्ले में 60 रन जोड़ दिए। कप्तान और मध्यक्रम बल्लेबाजों ने भी रनगति को बनाए रखा। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 190 रन बनाए। मेरठ की ओर से सबसे ज्यादा रन सलामी बल्लेबाज ने बनाए जिन्होंने 41 गेंदों पर 68 रनों की दमदार पारी खेली। वहीं, मध्यक्रम में एक खिलाड़ी ने 32 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाकर स्कोर को सम्मानजनक स्थिति तक पहुँचाया। गोरखपुर के गेंदबाजों में हालांकि बीच-बीच में अच्छी वापसी देखने को मिली। उनकी ओर से तेज गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में रन रोकने की कोशिश की, लेकिन

बल्लेबाजी पिच का पूरा फायदा उठाकर मेरठ की टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर लाइंस की शुरूआत भी शानदार रही। उनके सलामी बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाए और पावरप्ले तक टीम का स्कोर 65 रन पर पहुँचा दिया। ओपनर बल्लेबाज ने 28 गेंदों पर 47 रनों की आक्रामक पारी खेली। मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने भी जिम्मेदारी से खेलते हुए रनगति को बनाए रखा। तीसरे विकेट के लिए हुई 85 रनों की साझेदारी मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुई। गोरखपुर की ओर से सबसे बेहतरीन पारी टीम के स्टार बल्लेबाज ने खेली, जिन्होंने 45 गेंदों पर नाबाद 82 रन ठोके। उनकी इस पारी में 8 चौके और 4 लंबे छक्के शामिल रहे। गोरखपुर ने अंत तक दबाव नहीं बनने दिया और 19.2 ओवर में 191 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला पूरी तरह से बल्लेबाजों के नाम रहा। दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने बेहतरीन स्ट्रोक खेलकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। हालांकि गोरखपुर की बल्लेबाजी मेरठ की तुलना में कहीं अधिक प्रभावशाली रही और उन्होंने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। गेंदबाजी की बात करें तो मेरठ के गेंदबाज विकेट निकालने में नाकाम रहे और रन लीक करते रहे, जबकि गोरखपुर के गेंदबाजों ने बीच-बीच में कसी हुई गेंदबाजी कर स्कोर को और बड़ा नहीं होने दिया। इस जीत के साथ गोरखपुर लाइंस ने प्वाइंट्स टेबल पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और सेमीफाइनल की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। वहीं, मेरठ मेवरिक्स को इस हार से बड़ा झटका लगा है और उनकी राह अब कठिन नजर आ रही है।

तेंदलकर, बिंद्रा ने राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी

नयी दिल्ली। सचिन तेंदुलकर ने नये खेलों में भारत के बढ़ते ग्राफ की सराहना की तो अभिनव बिंद्रा ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद करने वालों की तारीफ की और इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलों के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर अपने विचार रखे। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं स्मार्टफोन और लगातार स्क्रीन के इस्तेमाल के इस दौर में खेल और व्यायाम के जरिये खुद को मजबूत और स्वस्थ रख पाता हूं। इससे मुझे अपने जीवन के दूसरे पहलुओं मेरे परिवार, दोस्तों और अपने पारिवारिक फाउंडेशन के लिये अपने काम को अपना सब कुछ देने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा इस साल राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि हमारे खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करें, एक खेल जरूर खेलें या व्यायाम करे। स्वस्थ दिमाग और शरीर की ओर पहला कदम बढ़ाये। उन्होंने कहा खेलों में भाग लेने के लिए रुचि, प्रतिभा और अवसर विभिन्न क्षेत्रों में आते हैं।

भारत ने सेंटर फायर पिस्टल में जीता स्वर्ण, मानिनी को कांस्य

शिमकेंट। अनुभवी पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले बृहस्पतिवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी।

रियो ओलंपिक (2016) खेलों में रैपिड-फायर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच चुके इस ओलंपिक खिलाड़ी का प्रिसिशन और रैपिड चरण का संयुक्त स्कोर 579 था। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। जयपुर

की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मानिनी ने 10-10 शॉट के छह सीरीज में 104.0, 103.8, 101.2, 103.3, 103.2 और 102.3 का स्कोर किया। उन्होंने 50 मीटर राइफल प्रोन (गैर-ओलंपिक स्पर्धा) में टीम को रजत पदक दिलाने में भी मदद की। मानिनी (617.8), सुरभि भारद्वाज (614.4) और विनोद विदर्सा (613.8) की तिकड़ी ने कुल 1846 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया (1856.8 अंक) ने स्वर्ण पदक जीता जबकि कजाकिस्तान 1828.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत की प्राची गायकवाड़ ने 616.6 के स्कोर के साथ जूनियर महिला 50 मीटर राइफल प्रोन में रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया की सेही ओह (618.6) ने जीता, जबकि कांस्य कजाकिस्तान की सोफिया मलकिना (616.3) को मिला। प्राची (616.6), अनुष्का ठोकुर (607.6) और तेजल नथावत (599.2) की तिकड़ी ने कुल 1823.4 के साथ टीम कांस्य पदक जीता।

संक्षेप

अमेरिकी ओपन यगल में पहला मैच जीती वीनस

न्यूयॉर्क। चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7 .6, 6 . 3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।

अमनदीप ने जीता डब्ल्यूपीजी का खिताब

होसुर। अमनदीप द्राल ने शुक्रवार को यहां अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। अमनदीप की यह 2025 सत्र में दूसरी जीत है। उन्होंने तीन दिन में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। उन्होंने युवा अनन्या गर्ग को पछाड़ा जो 2024 में हीरो डब्ल्यूपीजीटी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान गोल्फर रही थीं। वह अंतिम दो होल में एक शॉट की बढ़त बनाए थीं लेकिन अनुभवी अमनदीप खिताब जीतने में कामयाब रहीं। अमनदीप इस तरह इस साल एक से ज्यादा बार खिताब जीतने वाली दूसरी गोल्फर बन गईं। वाणी कपूर ने इस साल चार और स्नेहा सिंह ने दो ट्राफी जीती हैं।

ध्रुव- तनिषा की जोड़ी क्वार्टर फाइनल से बाहर

पेरिस। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश में थी लेकिन उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से भारतीय जोड़ी को कम से कम कांस्य पदक की गारंटी मिल जाती।

एफआईएसयू विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप मुंबई में

मुंबई। अगले साल तीन से नौ अगस्त तक यहां आयोजित होने वाली एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप में 20 से ज्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार यह टूर्नामेंट सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा।

राजकंवर संधू और अंकुर मित्तल ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

शिमकेंट। युवा पिस्टल निशानेबाज राजकंवर सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में शीर्ष स्थान किया, जबकि पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने इस तरह से गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा जारी रखा। भारत ने महिला डबल ट्रैप में भी क्लीन स्वीप किया।

इसमें अनुष्का भाटी (93), प्रणिल इंगले (89) और हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किये। इस तिकड़ी ने 269 के कुल स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। तेरह अगस्त को 23 साल के हुए संधू ने हमवतन अनुभवी निशानेबाज गुरप्रीत सिंह के साथ कोरिया और ईरान के निशानेबाजों को पछाड़ कर 583 (प्रिसिशन 289, रैपिड 294) अंकों के साथ अपने करियर का सबसे बड़ा पदक जीता। इससे पहले 2018 और 2022 में जूनियर विश्व कप में क्रमशः कांस्य और रजत जीतने वाले संधू का सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह पहला पदक है। सेना के अनुभवी गुरप्रीत सिंह (579) चौथे स्थान पर रहे जबकि

कोरिया के जेक्योन ली (580) और ईरान के जावद फोरोगी (579) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत के लगातार दूसरे दिन अच्छे प्रदर्शन से भारत ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस से पहले बृहस्पतिवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। रियो ओलंपिक (2016) खेलों में रैपिड-फायर पिस्टल फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच चुके इस ओलंपिक खिलाड़ी का प्रिसिशन और रैपिड चरण का संयुक्त स्कोर 579 था। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत के मुक्केबाज बेल्ट एंड रोड के फाइनल में

नयी दिल्ली। भारत के 14 मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में चल रहे तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में अपने अपने भारवर्ग के फाइनल में जगह बना ली। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धायें होंगी। भारत ने 58 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें अंडर 17 वर्ग में 20 लड़के और 20 लड़कियां हैं जबकि साथ में 12 कोच, पांच सहयोगी स्टाफ, एक रैफरी और एक जज हैं। इनमें से दस लड़कियों और चार लड़कों ने कजाखस्तान, ईरान, कोरिया, उजबेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके फाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव खरब (46 किलो), फलक (48 किलो), पीयूष (50 किलो) और उधम सिंह राघव (54 किलो) ने चीन, कोरिया और ईरान के कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराया। आदित्य (52 किलो) और आशीष (54 किलो) ने कजाखस्तान के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया लेकिन हार गए। उदय सिंह, देवेंद्र चौधरी, जयदीप सिंह हांजरा और लवलीन गुलिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। लड़कियों में लक्ष्मी (46 किलो), खुशी (46 किलो), राधामणि (60 किलो), चंद्रिका (54 किलो), ज्योति (75 किलो)व अनुष्का (80 किलो) ने चीन और फिलीपींस के प्रतिद्वंद्वियों को हराया।

नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6 .3, 6 .1 से हराया। ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो आस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है। वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में

पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विम्बलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नये कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं। वहीं चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7 .6, 6 .3 से हराया।

मेजर ध्यानचंद को कब मिलेगा भारत रत्न, इंतजार बरसों से जारी

नयी दिल्ली। उनके नाम पर राष्ट्रीय खेल सम्मान, उनका जन्मदिन 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस और देश भर में अनेक स्टेडियमों पर उनका नाम लेकिन हॉकीप्रेमियों को यह कचोटता है कि तमाम आंदोलनों ,आरटीआई और अपीलों के बावजूद मेजर ध्यानचंद को आज तक भारत रत्न क्यो नहीं मिल सका ? केंद्र सरकार ने 2021 में देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार कर दिया।

लेकिन सवाल यह है कि जनभावना को देखते हुए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिये उनके नाम पर विचार क्यो नहीं किया जा रहा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और तीन बार के ओलंपियन दिलीप टिर्की ने 2016 में इस मांग को लेकर जंतर मंतर पर आंदोलन की अगुवाई की और संसद में भी मसला उठाया लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। टिर्की ने कहा ध्यानचंद अपने दौर में दुनिया के सबसे बड़े खिलाड़ी थे। मैं हमेशा कहता हूं कि भारत को सबसे पहले ओलंपिक के स्वर्ण पदक हॉकी ने दिखाये हैं और उनका योगदान अतुलनीय है। देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार उनके नाम से , नेशनल स्टेडियम उनके नाम से तो भारत रत्न क्यो नहीं। लगातार तीन ओलंपिक (1928 एम्सटर्डम, 1932 लॉस एंजिलिस और 1936 बर्लिन) में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में सूत्रधार रहे ध्यानचंद ने पहली बार विश्व खेलों के मानचित्र पर भारत की जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई थी। हॉकी के इतिहास में 185 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक 570 गोल का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। ध्यानचंद के बेटे और 1975 में एकमात्र विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे अशोक ध्यानचंद ने कहा कि उनके पिता ने कभी अपना प्रचार नहीं किया और उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने भाषा से कहा दुनिया में खेलों के नक्शे पर भारत को सबसे पहले लाने वाले वही थे।

उनके निधन के 46 साल बाद भी उनका नाम आज गूंज रहा है और इसे ही महान खिलाड़ी की विरासत कहते हैं। मुझे उन पर गर्व है कि वे प्रचार से हमेशा दूर रहे। उन्हें 1956 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मभूषण से नवाजा गया लेकिन भारत रत्न के लिये बारंबार उनकी अनदेखी हुई और अब तो मामला ठंडे बस्ते में ही चला गया है। नवंबर 2013 में मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न देने का ऐलान किया।

क्रिकेट : उत्तर क्षेत्र ने पूर्वी क्षेत्र पर कसा शिकंजा

एजेंसी

बेंगलुरु। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के शानदार स्पैल के अलावा आकिब नबी के हैट्रिक सहित पांच विकेट की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन पूर्वी क्षेत्र को पहली पारी में 230 रन पर समेट दिया। उत्तर क्षेत्र ने सुबह छह विकेट पर 308 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कन्हैया वधावन (76 रन) ने तेज अर्धशतक जड़ा जिससे टीम 405 रन पर आउट हुई। नबी ने 28 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे उत्तर क्षेत्र की टीम पहली पारी के आधार पर 175 रन से आगे है। एशिया कप के लिए जाने वाले अर्शदीप और राणा ने दिन के तीनों सत्रों में जबरदस्त गेंदबाजी की। अर्शदीप अक्टूबर 2024 के बाद प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे हैं। वह जुलाई में इंग्लैंड इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान लगी अंगूठे की चोट से भी वापसी कर रहे थे। हालांकि बादल छाए रहने से उन्हें पिच से काफी मदद मिली। लेकिन अर्शदीप ने गेंद को अच्छी तरह से मूव किया। दूसरी ओर राणा ने भी अच्छी गेंदबाजी की जिससे उन्हें उत्कर्ष सिंह (38) और श्रीदम पॉल (07) के विकेट मिले। पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों ने थोड़ा और संयम दिखाया होता तो वे बेहतर स्थिति में होते। विराट सिंह ने 102 गेंद में 69 रन की शानदार पारी खेली लेकिन जरा सी गलती से अपना विकेट गंवा बैठे और नबी की गेंद पर बोल्ड हो गए। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पिछले रणजी सत्र में 44 विकेट लिए थे। उन्होंने अगली दो गेंदों पर मनीषी और मुख्तार हुसैन को आउट करके 53वें ओवर में हैट्रिक पूरी की। मनीषी अंदर आती गेंद को उठाकर सीधा कैच आउट हो गए जबकि हुसैन बोल्ड हुए।

एफआईएच प्रो लीग में पाक से होगी भारत भिड़ंत

नयी दिल्ली। पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी जिससे उसके होम एंड अवे प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा जिसके विस्तृत कार्यक्रम का अभी इंतजार है। इस साल की शुरुआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के जरिए पाकिस्तान को प्रोमोट किया गया। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर यह प्रतियोगिता जीती थी लेकिन बाद में संकेत दिया कि वह इस बार प्रो लीग में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार नहीं करेगा। विश्व संचालन संस्था एफआईएच ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, इसलिए नियमों के अनुसार एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया है।

एशिया कप हॉकी : भारत ने चीन को हराया

एजेंसी

राजगीर। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक के बावजूद भारतीय टीम का एशिया कप हॉकी के पहले मैच में निचली रैंकिंग वाली चीन के खिलाफ प्रदर्शन निराशाजनक रहा हालांकि मेजबान ने 4-3 से जीत दर्ज की। हरमनप्रीत ने 20वें, 33वें और 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किये जबकि जुगराज सिंह ने 18वें मिनट में गोल दागा। हरमनप्रीत हालांकि एक पेनल्टी स्ट्रोक चूक गए।

चीन के लिये डु शिन्हाओ (12वां), चेन बेन्हाइ (35वां) और गाओ जीशेंग (42वां) ने गोल किये। पिछले दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम भले ही मैच जीत गई हो लेकिन प्रदर्शन एकदम लचर रहा और उसने चीन को मैच में बने रहने के मौके दिये। भारतीय टीम 11 में से चार पेनल्टी कॉर्नर ही भुना सकी। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पहले ही मूव पर पहला मौका बनाया। मनदीप सिंह ने संजय को गेंद सौंपी लेकिन चीन के गोलकीपर वेइहाओ यांग ने उनका शॉट बचा लिया।

भारत ने दबाव बनाये रखा और पहला पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया। मनदीप ने इस पर गोल कर दिया था लेकिन चीन के रेफरल के बाद उसे अमान्य करार दिया गया। कुछ मिनट बाद दिलप्रीत सिंह ने करीब से रिवर्स हिट लगाई लेकिन चीन के गोलकीपर ने उसे बचाया। चीन ने पहले पेनल्टी कॉर्नर पर 12वें मिनट में बढत बनाई। पहले क्वार्टर से एक मिनट बाकी रहते भारत के पास फिर मौका था लेकिन पहले अभिषेक का शॉट वेहाओ ने बचाया और फिर दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत की फ्लिक बाहर से निकल गई। दूसरे क्वार्टर के तीन मिनट के भीतर

भारत ने बराबरी की जब जुगराज ने गोल दागा। दो मिनट बाद भारत को चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार हरमनप्रीत ने कोई चूक नहीं की। एक मिनट बाद मिला एक और पेनल्टी कॉर्नर हालांकि बेकार गया। चीन को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन शॉट बाहर निकल गया। भारत को हाफटाइम से तीन मिनट पहले फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत की फ्लिक को वेइहाओ ने बायीं ओर डाइव लगाकर बचाया। तीसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में भारत ने हरमनप्रीत के गोल के दम पर बढत पुख्ता की। दो मिनट बाद हालांकि चीन के लिये चेन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा।

भारत के पास 39वें मिनट में एक और गोल करने का मौका था लेकिन पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत का निशाना चूका और गेंद पोस्ट से टकरा गई। भारत को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा चूंकि दो मिनट बाद गाओ के गोल पर चीन ने 3 . 3 से बराबरी कर ली। भारत को 47वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से दूसरे पर हरमनप्रीत ने गोल किया। आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया। पूल ए के पहले मैच में जापान ने कजाखस्तान को 7 . 0 से हराया। भारत और चीन का मैच देखने बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार भी आये थे। भारत को अब रविवार को जापान से खेलना है।

मलेशिया ने बांग्लादेश को हराया कोरिया की शानदार शुरुआत

राजगीर। एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया ने निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश टीम को एशिया कप पुरूष हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को 4 .1 से हराया जबकि गत चैम्पियन कोरिया ने चीनी ताइपै को 7-0 से शिकस्त दी। पूल बी के दूसरे मैच में कोरिया के लिये डैन सोन (17वां, 29वां और 58वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई जबकि जिहुन यांग (27वां और 50वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। सियोंग ने 53वें मिनट में एक गोल किया। कोरिया के लिये 54वें मिनट में यूनहो कोंग और आखिरी मिनटों में सोन ने गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई। इससे पहले शुरूआती मैच में 12वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम के लिये अशरान हमसानी (25वां मिनट), अखिमुल्लाह अनवर (36वां), मुहाजिर अब्दुल रऊफ़ (48वां) और सैयद चोलान (54वां) ने गोल किये। बांग्लादेश ने हालांकि 16वें मिनट में अशरफुल इस्लाम के गोल के दम पर बढत बना ली थी।

देश में नहीं रहने देंगे एक भी घुसपैठिया

बोरबोरा जीवित होते तो नहीं सहते चुनाव आयोग के गहन मतदाता परीक्षण का विरोध

एजेंसी

गुवाहाटी। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश को घुसपैठियों से मुक्त करने का अपना वादा पूरा करेगी। शाह ने असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा की जन्म शताब्दी पर गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के भाषण में घोषित केंद्र का उच्च स्तरीय जनसांख्यिकी मिशन देश के जनसांख्यिकीय स्वरूप का अध्ययन करने और घुसपैठियों की पहचान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा हमने असम से वादा किया था, लेकिन हम 10 वर्षों में इसे पूरा नहीं कर पाए। लेकिन हम अपना वादा निभाएंगे और असम तथा पूरे देश को अवैध विदेशियों से मुक्त बनाएंगे। शाह ने कहा मैं उन लोगों में से हूं जो मानते हैं कि हमारे देश में एक भी घुसपैठिया नहीं रहना चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री ने याद किया कि

कैसे मार्च 1978 से सितंबर 1979 तक राज्य में जनता पार्टी की सरकार का नेतृत्व करने वाले बोरबोरा ने मंगलदाई लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव की आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सूची को शुद्ध करने का अभियान चलाया था। उन्होंने कहा कम्प्यूटरीकृत मतदाता सूची नहीं होने के बावजूद बोरबोरा सरकार ने 36,780 अवैध विदेशियों के नामों का पता लगाया और मतदाता सूची के इस शुद्धिकरण को असम आंदोलन की शुरुआत माना जा सकता है। अमित शाह ने कहा निर्वाचन आयोग अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए मतदाता सूची की सफाई कर रहा है, लेकिन कुछ दल इसका विरोध कर रहे हैं। यह आज की राजनीति में नैतिक पतन को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि यदि बोरबोरा जीवित होते तो वह एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने वाले इन दलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते। शाह ने घुसपैठियों के खिलाफ कार्वाई, विशेषकर अतिक्रमण हटाने के लिए राज्य सरकार की सराहना की।केंद्रीय गृह मंत्री ने कट्टर समाजवादी नेता बोरबोरा को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और उनकी सरकार की सराहना की, जिनका भाजपा से कोई संबंध नहीं था। शाह ने कहा कि सभी के योगदान को मान्यता देना मोदी सरकार की विशेषता है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात में सरदार पटेल की प्रतिमा बनवाए जाने तक उनके योगदान को भुला दिया गया था। नेताजी (सुभाष चंद्र बोस) का कर्तव्य पथ पर प्रतिमा स्थापित किये जाने से पहले दिल्ली में उनका कोई स्मारक नहीं था। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि गोलाप बोरबोरा का कार्यकाल भले ही छोटा था, लेकिन उन्होंने असम के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री के रूप में अमिट छाप छोड़ी।

ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत में एक स्वर्णिम अध्याय

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ मानवता की लड़ाई में एक स्वर्णिम अध्याय बताते हुए शुक्रवार को स्वदेशी आकाशतीर वायु रक्षा नियंत्रण एवं सूचना प्रणाली के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान पर प्रकाश डाला, जिसने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुर्मू ने यहां स्कोप एमिनेंस अवॉर्ड्स समारोह को संबोधित करते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने राजस्व और लाभप्रदता सहित प्रमुख वित्तीय मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि तीन-चौथाई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम लाभ कमा रहे हैं और पिछले दशक के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का शुद्ध लाभ काफी बढ़ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को विकास का उत्प्रेरक और समृद्धि का स्तंभ बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। मुर्मू ने मेक इन इंडिया अभियान में उनके योगदान का जिक्र करते हुए कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। देश के रक्षा क्षेत्र का विशेष उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ मानवता की जीत का एक स्वर्णिम अध्याय है।

संक्षेप

गाजा में भुखमरी, नेतन्याहू की मदद की अपील

तेल अवीव। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की प्रमुख सिंडी मैकेन ने गाजा में भुखमरी का हवाला देते हुए इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मानवीय सहायता तत्काल बढ़ाने पर चर्चा की है। मैकेन ने बृहस्पतिवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा, मैंने गाजा में स्वयं माताओं और बच्चों से मुलाकात की जो भुखमरी की स्थिति में हैं। यह एक सच्चाई है और यह हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू जाहिर तौर पर चिंतित थे कि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है। हालांकि नेतन्याहू पहले इस बात से इनकार करते रहे हैं कि गाजा में अकाल है और उन्होंने इसे हमास द्वारा फैलाई गई प्रचार मुहिम बताया था। मैकेन ने कहा हम इस बात पर सहमत हुए कि अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के प्रयासों को तुरंत दोगुना करना होगा। हमारी राहत गाड़ियों के लिए पहुंच और सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। गाजा के सबसे बड़े शहर में अकाल घोषित किए जाने के बाद इज़राइल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ गया है। इंटीग्रेटेड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन (आईपीसी) द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि संघर्ष विराम और सहायता के लिए पहुंच में ढील नहीं दी गई।

भयावह त्रासदी हुई तो मैं शीर्ष पद की जिम्मेदारी निभाने को तैयार : जेडी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि उनकी वर्तमान भूमिका ने उन्हें किसी भी भयावह त्रासदी की स्थिति में देश का शीर्ष पद संभालने के लिए तैयार किया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और उम्मीद जताई कि वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। वेंस ने बृहस्पतिवार को यूएसए टुडे समाचार पत्र को दिये साक्षात्कार में 79 वर्षीय ट्रंप के स्वास्थ्य के बारे में चल रही अटकलों को खारिज कर दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा राष्ट्रपति का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और मुझे उम्मीद है कि ट्रंप अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका ने उन्हें आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रपति पद संभालने के लिए सबसे बेहतर तरीके से तैयार किया है। अमेरिकी इतिहास के सबसे युवा उपराष्ट्रपतियों में से एक वेंस ने कहा, ईश्वर न करे कि कोई भयावह त्रासदी घटित हो, मैंने पिछले 200 दिनों में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उससे बेहतर प्रशिक्षण के बारे में नहीं सोच सकता।

संसदीय समितियां लोकतंत्र का मुख्य आधार

एजेंसी

भुवनेश्वर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि संसदीय समितियां ऐसे समय में लोकतंत्र का मुख्य आधार बनी हुई हैं और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करती हैं जब संसद तथा विधानमंडलों में चर्चा और संवाद के स्तर में गिरावट आई है।

भुवनेश्वर में संसद और राज्य विधानमंडलों की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समितियों के सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए बिरला ने विधि निर्माताओं से राष्ट्रहित के मुद्दों पर दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करने का आग्रह भी किया। उन्होंने विधानमंडलों की बैठकों की संख्या में कमी और विधायी निकायों में सदस्यों के अमर्यादित आचरण पर चिंता व्यक्त की। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण समितियों के सभापतियों का पहला सम्मेलन 1976 में नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसके बाद,

1979, 1983, 1987 और 2001 में सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण और संवैधानिक सुरक्षोपायों के विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा की गई। इस सम्मेलन का आयोजन दिल्ली से बाहर पहली बार किया गया है। बिरला ने कल्याणकारी योजनाओं को समाज के वंचित वर्गों तक सही मायने में पहुँचाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकारी धन के प्रभावी उपयोग और सुदृढ़ निगरानी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया।

नक्सल हिंसा पीड़ितों न करें विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी का समर्थन

एजेंसी

नयी दिल्ली। नक्सल हिंसा के पीड़ितों के एक समूह ने शुक्रवार को सभी सांसदों से विपक्ष द्वारा उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में उतारे गये उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी का समर्थन न करने की अपील की। बस्तर शांति समिति (बीएसएस) के बैनर तले नक्सली हिंसा के पीड़ितों ने यहां प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश के रूप में रेड्डी ने सलवा जुडूम को समाप्त करने जो आदेश दिया था उसके कारण ही न केवल उनका संघर्ष कमजोर हुआ, बल्कि कई लोगों का जिंदगी भी बर्बाद हो गयी। दिसंबर 2011 में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के तौर पर न्यायमूर्ति (अब सेवानिवृत) रेड्डी ने फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में इस्तेमाल करना, चाहे उन्हें कोया कमांडो कहा जाए या सलवा जुडूम, अवैध और असंवैधानिक है। तब न्यायमूर्ति रेड्डी ने आदेश दिया कि इन कोया कमांडों से हथियार तत्काल जमा करवाये जाएं।

बीएसएस के संयोजक जयराम ने कहा, जब सलवा जुडूम को सशक्त बनाया गया, तो नक्सली न केवल कमजोर हो गए, बल्कि विलुप्त होने के कगार पर थे। लेकिन उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश रेड्डी के आदेश के कारण नक्सलियों का हौसला बढ़ गया और वे नासूर बन गए। सलवा जुडूम के तहत, छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सली समस्या से निपटने के लिए आदिवासी युवाओं को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया था। उच्चतम न्यायालय की एक पीठ 2011 के अपने आदेश में कहा था कि राज्य अपनी जिम्मेदारियां अप्रशिक्षित निगरानीकर्ताओं को नहीं सौंप सकता। तब इस पीठ ने सलवा जुडूम की गतिविधियों पर रोक लगा दी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति रेड्डी (सेवानिवृत्त) भी शामिल थे। बस्तर के ग्रामीण शियाराम रामटेक ने कहा कि अगर रेड्डी ने नक्सलियों का समर्थन नहीं किया होता, तो उनका बेटा अब जीवित होता। उन्होंने बताया कि उनका बेटा एक किसान था, जिसका कथित तौर पर माओवादियों ने अपहरण कर लिया था और बाद में उसकी हत्या कर दी। अन्य पीड़ित, केदारनाथ कश्यप ने बताया कि माओवादियों ने कथित तौर पर उसके छोटे भाई हत्या कर दी जो पुलिस कांस्टेबल था। अपनी अपील में पीड़ितों ने कहा कि नक्सलियों द्वारा की गई हिंसा के कारण किसी ने आईईडी विस्फोट में अपना पैर खो दिया, कोई अपनी नेत्रदृष्टि गंवा बैठा, किसी की रीढ़ की हड्डी टूट गई, जबकि कोई व्यक्ति स्थायी रूप से विकलांग हो गया। उन्होंने एक बयान में कहा जिस व्यक्ति ने सलवा जुडूम के खिलाफ आदेश दिया था, अब उसे ही उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

पटना में भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

एजेंसी

पटना। बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए इस्तेमाल किये गये अपशब्दों का मुद्दा शुक्रवार को तब सड़कों पर आ गया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने राज्य कांग्रेस मुख्यालय पर धावा बोल दिया, जिसके बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, सत्य की हमेशा जीत होती है। दो दिन पहले दरभंगा में माइक पर कथित तौर पर अपशब्द कहने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया, वहीं राज्य की राजधानी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम तक मार्च निकाला और इस दौरान उनकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हुई। सदाकत आश्रम से कुछ किलोमीटर दूर स्थित भाजपा कार्यालय से मार्च का नेतृत्व करने वाले राज्य के मंत्री नितिन नवीन ने कहा हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी, उनकी पार्टी और

गठबंधन सहयोगियों को माफी मांगनी चाहिए। गांधी ने एक पोस्ट में अप्रत्यक्ष रूप से इस झड़प का जिक्र किया। गांधी ने पोस्ट में लिखा, सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। गांधी के साथ मौजूद कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा, जिसने भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, वह निंदा का पात्र है। लेकिन इस घटना से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जोड़ना गलत है। और हमारी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर हुआ हमला निंदनीय है। हमें उम्मीद है कि बिहार सरकार आरोपियों के खिलाफ उचित कार्वाई करेगी। यह स्पष्ट है कि वोटर अधिकार यात्रा की सफलता से भाजपा बौखला गई है।

मॉरिटानिया: प्रवासियों की नौका पलटी, 49 की मौत

नुआकशोत। अफ्रीकी देश गाम्बिया से प्रवासियों को ले जा रही एक नौका के इस हफ्ते समुद्र में पलट जाने से उसमें सवार कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई।

मॉरिटानिया के तट रक्षक बल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तट रक्षक बल के प्रमुख मोहम्मद अब्दुल्ला ने समाचार एजेंसी एपी को बताया कि नौका गाम्बिया से चली थी और मंगलवार सुबह महेजरात तट के पास पलट गई। अब्दुल्ला ने कहा नाव एक हफ्ते पहले गाम्बिया से रवाना हुई थी। इसमें सेनेगल और गाम्बिया के नागरिकों सहित 160 प्रवासी सवार थे।

इंटरटेनमेंट...

मूवी रिव्यू : 'परम सुंदरी' प्यार और कॉमेडी की झलक

मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी सिनेमाघरों में आ चुकी है। नाम सुनते ही कानों में वही हिट गाना गूंजता है, लेकिन यह फिल्म उससे अलग एक नॉर्थ-मीट-साउथ रोमांटिक कहानी है। हल्की-फुल्की कॉमेडी, प्यार और थोड़ी-सी भावुकता के बीच यह मूवी

> हल्के-फुल्के अंदाज में संस्कृति, जान्हवी-सिद्धार्थ की जोड़ी ने जीता दिल चेन्नई एक्सप्रेस जैसा अहसास भी

दर्शकों को एंटरटेन करने की कोशिश करती है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 16 मिनट है। इस फिल्म को दैनिक भास्कर ने 5 में से 3 स्टार की रेटिंग दी है। दिल्ली का मस्तमौला लड़का परम (सिद्धार्थ) एक डेटिंग ऐप पर साउथ इंडियन लड़की सुंदरी (जान्हवी) से मिलता है। शुरूआती मुलाकातों में टकराव

और मजाक चलते हैं, लेकिन धीरे-धीरे दोनों की नोक-झोंक प्यार में बदल जाती है। कहानी सीधी है, कई बार पहले देखी-सुनी भी लगती है, लेकिन इसकी पेशकश इसे ताजा बनाती है। हालांकि कई जगह फिल्म शाहरुख-दीपिका की चेन्नई एक्सप्रेस की याद दिलाती है, खासकर नॉर्थ के लड़के और साउथ की लड़की वाला एंगल। लेकिन जहां चेन्नई एक्सप्रेस ओवर-द-टॉप कॉमेडी और ड्रामा पर टिकी थी, वहीं परम सुंदरी थोड़ी हल्की-फुल्की और यथार्थवादी टोन में आगे बढ़ती है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा परम के रोल में सहज लगे। कॉमेडी टाइमिंग और रोमांटिक सीन्स में उन्होंने अच्छा काम किया है। जान्हवी कपूर ने इस फिल्म में आत्मविश्वास से भरा परफॉर्मेंस दिया। उनका किरदार पारंपरिक भी है और मॉडर्न भी, जिसे उन्होंने बैलेंस कर दिखाया। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री फिल्म की सबसे बड़ी ताकत है। निर्देशक तुषार जलोटा ने नॉर्थ-साउथ कल्चर की टकराहट और मिलन को हल्के अंदाज में दिखाने की कोशिश की।

एकसाथ दिखे रश्मिका और विजय देवरकोंडा

मुंबई। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा जब भी एक साथ दिखते हैं, चर्चा होती है। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आए हैं। अभिनेता विजय देवरकोंडा का नाम काफी वक्त से अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ जोड़ा जाता है। दोनों को अक्सर एक साथ भी देखा गया है और कई मौकों पर दोनों एक-दूसरे को सपोर्ट करते और चीयर करते भी नजर आए। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते पर कभी खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आए हैं। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। रश्मिका और विजय को एक साथ हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान दोनों कैजुअल लुक्स में नजर आए। चेहरे पर मास्क लगाए विजय और रश्मिका लॉन्ग लूज टी-शर्ट और पैंट्स में दिखे।

अमिताभ, अक्षय व अन्य ने दी गणेश चतुर्थी की बधाई

मुंबई। आज बुधवार को गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस खास मौके पर सेलेब्स शुभकामनाएं दे रहे हैं। 27 अगस्त के दिन गणेश चतुर्थी का त्योहार पूरे भारत में जोरो-शोरो से मनाया जा रहा है। इस पर्व को मनोरंजन जगत के तमाम सितारे भी धूमधाम से मनाते हैं। आज बुधवार को इस खास मौके पर अनुपम खेर, करीना कपूर खान, कुणाल खेमू जैसे सितारे अपने प्रशंसकों को बधाई संदेश दे रहे हैं। जानिए किसने क्या कहा। अमिताभ बच्चन ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना करते देखा जा सकता है। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो संदेश के जरिए गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी हैं।

ऋतिक की फिल्म : 'वॉर 2' ने अबतक की कमाई 223 करोड़

मुंबई। बॉलीवुड के हैंडसम हंक ऋतिक रोशन और साउथ स्टार जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' को सिनेमाघरों में 12 दिन हो चुके हैं। आज सोमवार को इसकी कमाई में काफी गिरावट दिखी है। मंडे टेस्ट में यह फिल्म कमजोर साबित हुई। फिल्म ह्वॉर (2019) में ऋतिक रोशन का एक्शन देखकर ही दर्शक फिल्म 'वॉर 2' देखने थिएटर पहुंचे।

लेकिन यह फिल्म कलेक्शन के मामले में बंपर कमाई करती नहीं दिख रही है। जानिए, 12वें दिन यानी सोमवार को इसने कितना कलेक्शन किया है। साथ ही इसकी कुल कमाई कितनी हुई। अब तक प्राप्त शुरूआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'वॉर 2' ने 12वें दिन यानी सोमवार को 1.35 करोड़ रुपये की कमाई की है। रविवार

और शनिवार को जरूर इस फिल्म ने अच्छी कमाई की थी। शनिवार को 6.5 करोड़ रुपये और रविवार को 7.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। लेकिन मंडे को इसका कलेक्शन काफी कम हो गया। ऐसा होता भी है क्योंकि सोमवार को दर्शक कम संख्या में थिएटर में आते हैं। फिल्म 'वॉर 2' का कुल कलेक्शन भी आज यानी सोमवार को 223.35 करोड़ रुपये हो चुका है।

यह फिल्म कुछ दिन पहले ही 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई। लेकिन 400 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म अब तक काफी धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है। ऐसे में अपना बजट वसूलना इसके लिए मुश्किल साबित हो सकता है।

'वॉर 2' के साथ ही साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज हुई। यह फिल्म कलेक्शन के मामले में आगे है। मंडे को 'कुली' ने 1.87 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं इसका कुल कलेक्शन भी 259.22 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन, साउथ स्टार जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और वरुण बड़ोला जैसे कलाकार भी नजर आए हैं। फिल्म में बॉबी देओल ने भी एक कैमियो किया है। 'वॉर 2' फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com